मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| धनबाद | 40.9 | 29.6 |
| जमशेदपुर | 41.1 | 25.8 |
| डालटनगंज | 40.0 | 21.6 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



www.lagatar.in

शनिवार 06 अप्रैल 2024 ● चैत्र कृष्ण पक्ष 12 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 347

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## रेपो रेट में बदलाव नहीं, जीडीपी सात फीसदी की उम्मीद



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को सात प्रतिशत पर बरकरार रखा है. यह 2023-24 के लिए 7.6 प्रतिशत के अनुमान से कम है. वहीं, रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया है. एमपीसी ने इसे 5:1 के बहुमत के आधार पर 6.5% पर ही बरकरार रखा है. आरबीआई ने अपनी फरवरी की मौद्रिक नीति में एक अप्रैल से शुरू होने वाले वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था. आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा पेश करते हुए कहा कि इस वर्ष मानसून की स्थिति को सामान्य मानते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति का अनुमान 4.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है.

-शेष पेज 7 पर

## यह चुनाव देश के लोकतंत्र को बचाने का चुनाव: राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को पार्टी का घोषणापत्र जारी होने के बाद कहा कि यह देश, लोकतंत्र एवं संविधान को बचाने का चुनाव है. उन्होंने यह भी कहा कि यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र को नष्ट करने का प्रयास करने वालों और संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा करने का प्रयास करने वालों के बीच है. राहुल ने संवाददाताओं से कहा कि यह चुनाव बुनियादी रूप से अलग है. मुझे नहीं लगता कि संविधान और लोकतंत्र को इतना खतरा पहले कभी था, जितना आज है. उन्होंने दावा किया कि एक तरफ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, जो संविधान और लोकतंत्र पर आक्रमण और संस्थाओं पर कब्जा कर रहे हैं. दूसरी तरफ 'इंडिया' गठबंधन है, जो लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा करने के लिए है.

## देश का विभाजन, कांग्रेस की पहचान है: नरेंद्र मोदी



**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर निशाना साधते हुए कहा कि वे सिर्फ अपना हित देखते हैं, उन्हें गरीब, दलित, शोषित-वंचित वर्ग के कल्याण और सम्मान से कोई मतलब नहीं है. पीएम ने कहा कि सेनाओं का अपमान और देश का विभाजन कांग्रेस की पहचान है. वह चुरू में भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र झाझड़िया के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने उकहा कि जीवन के हर पड़ाव पर भाजपा सरकार गरीब के साथ खड़ी है. जो काम इतने दशक में नहीं हुए, वे हमने 10 साल में कर दिखाए. कांग्रेस व 'इंडिया' गठबंधन पर हमला बोलते हुए मोदी ने कहा कि सेनाओं का अपमान, देश का विभाजन, कांग्रेस पार्टी की पहचान है. आज देश सशक्त है और दुश्मन को भी पता है कि यह मोदी है और यह नया भारत है.

## भाजपा ने सभी भ्रष्ट लोगों को पार्टी में शामिल किया: ममता



**जलपाईगुड़ी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महिलाओं के खिलाफ अत्याचार और भ्रष्टाचार के बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी को लेकर उन पर निशाना साधा. कहा, टीएमसी और उनकी सरकार ने संदेशखालि में महिलाओं के कथित यौन शोषण में शामिल दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है. ममता ने जलपाईगुड़ी में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि टीएमसी के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप राजनीति से प्रेरित हैं. उन्होंने कहा कि जब भी भ्रष्टाचार का कोई आरोप लगा है, हमने कार्रवाई की है और उस व्यक्ति को पार्टी से निकाल दिया है. लेकिन भाजपा ने सभी भ्रष्ट लोगों और अपराधियों को अपनी पार्टी में शामिल कर लिया है. उनका इशारा कूच बिहार से भाजपा उम्मीदवार एवं केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निसिथ प्रमाणिक की ओर भी था.

## जिसे किंगपीन बोला, उसी से लिए 55 करोड़: संजय



**नई दिल्ली।** आप नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने जेल से जमानत पर बाहर आने के बाद भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए. उन्होंने कहा कि असली दिल्ली शराब घोटाला की शुरुआत ईडी की जांच शुरु होने के बाद हुई. पहला नजराना 15 नवंबर को पांच करोड़ का भाजपा को मिला. फिर जिसे किंगपीन बताते थे, उसी से 55 करोड़ रुपये लिए. यही है शराब घोटाले का मनी ट्रेल, जो सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 21 मार्च 2024 को इलेक्टोरल बॉण्ड के खुलासों से सबको पता चल गया है. 21 मार्च की शाम 6.45 बजे इस मनी ट्रेल का खुलासा होता है और 7.15 बजे मुख्यमंत्री केजरीवाल के घर पर ईडी की छापामारी शुरू हो जाती है और ढ़ाई घंटे बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है. तो असली बात यह है कि शराब घोटाला भाजपा ने किया है.

### तीन इंश्योरेंस स्कीम का हाल

### नाम बड़े और दर्शन छोटे

# जोड़ने थे 50 करोड़ जुड़े सिर्फ 73.84 लाख

**सुरजीत सिंह।** लोकसभा चुनाव-2024 गारंटियों का चुनाव है. दोनों गठबंधन पार्टियां गारंटियों की बात कर रही हैं. इंडिया की तरफ से कांग्रेस गारंटी दे रही है, तो एनडीए की तरफ से भाजपा. राजनीतिक दलों की गारंटियों का सच जानने के लिए हमें 50 करोड़ गरीब, कमजोर वर्ग के लोगों के लिए तैयार तीन इंश्योरेंस योजनाओं का हाल जानना चाहिए. पांच साल पहले इन योजनाओं की शुरुआत गाजे-बाजे के साथ की गई. पर उनका हश्र देख कर वो कहावत याद आता है: नाम बड़े और दर्शन छोटे. आइए जानते हैं तीन योजनाएं कैन-कौन सी हैं.



01 **42** करोड़ मजदूरों व कम आय वर्ग वाले लोगों को जोड़ने के लिए बनी प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना.

02 **1.50** करोड़ रुपये से कम टर्न ओवर वाले तीन करोड़ व्यापारियों व स्व रोजगार वालों के लिए बनी राष्ट्रीय पेंशन योजना.

03 **02** हेक्टेयर से कम भूमिवाले पांच करोड़ छोटे किसानों के लिए बनी प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना.

*इन तीनों योजनाओं की शुरुआत वर्ष 2019 में की गई थी. प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना की शुरुआत लोकसभा चुनाव से पहले पांच मार्च 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात से की थी, जबकि बाकी दोनों योजनाओं की शुरुआत झारखंड विधानसभा चुनाव-2019 से ठीक पहले रांची से हुई थी. पांच साल बाद इन योजनाओं की क्या स्थिति है, इसे जानना दिलचस्प है.*



### प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना

| वर्ष | पंजीकृत लाभार्थी | बजट |
| --- | --- | --- |
| 2018-19 | 27,72,780 | ............. |
| 2019-20 | 16,14,328 | 500 करोड़ |
| 2020-21 | 1,36,792 | 500 करोड़ |
| 2021-22 | 1,28,369 | 400 करोड़ |
| 2022-23 | 2,72,494 | 350 करोड़ |
| 2023-24 | 65,000 | 350 करोड़ |
| 2024-25 | ............. | 177 करोड़ |

इस योजना के तहत 18 से 40 वर्ष उम्र के मजदूर व कामगार 55 से 200 रुपये का प्रीमियम देंगे. सरकार भी इतनी ही राशि देगी और 60 वर्ष की उम्र होने पर प्रति माह 3000 रुपये पेंशन मिलेगी. इस योजना से 42 करोड़ लोगों को जोड़ने का वादा किया गया था. पांच साल में 49,89,763 ही जुड़ सके. आंकड़े से स्पष्ट है कि मजदूर इस योजना को भूलते जा रहे हैं या उन्हें याद भी नहीं. सरकार के स्तर से भी योजना को लेकर कोई प्रचार-प्रसार नहीं किया जा रहा है. तो खर्च का बजट भी कम होता जा रहा है. हम भी भूल चुके हैं कि ऐसी कोई योजना है. योजना के फेल होने की एक बड़ी वजह यह भी है कि मजदूरों व कामगारों के पास प्रीमियम देने के पैसे ही नहीं हैं. वे तो पांच किलो अनाज पर निर्भर हो चुके हैं.

### व्यापारियों व स्वरोजगार वालों के लिए राष्ट्रीय पेंशन योजना

| वर्ष | लाभार्थी | बजट | खर्च |
| --- | --- | --- | --- |
| 2019-20 | 37,534 | 750 करोड़ | 1.56 करोड़ |
| 2020-21 | 6,607 | 180 करोड़ | 5.94 करोड़ |
| 2021-22 | 5,792 | 150 करोड़ | 24 लाख |
| 2022-23 | 2,424 | 50 करोड़ | 02 लाख |
| 2023-24 | 1591 | ............. | ............. |

आपको याद होगा झारखंड विधानसभा चुनाव 2019 से ठीक पहले सितंबर माह में इस योजना की शुरुआत रांची से हुई थी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस योजना की शुरुआत करते हुए कहा था कि देश भर के तीन करोड़ व्यापारियों व स्व रोजगार करने वालों को इसका फायदा होगा. लेकिन हालत यह है कि सिर्फ 53,948 लोगों ने इस योजना के तहत पंजीकरण कराया. लक्ष्य का एक प्रतिशत भी नहीं. अब तो लोग इसे भूल भी चुके हैं. इस योजना के तहत भी वैसे व्यापारी या स्वरोजगार करने वाले शामिल हो सकते हैं, जिनका सलाना टर्न ओवर 1.50 करोड़ से कम होगा और उनकी उम्र 18-40 वर्ष के बीच हो. पंजीकरण कराने वाले 55 रुपये से लेकर 200 रुपये तक के प्रीमियम देंगे और उतनी ही राशि केंद्र सरकार देगी. 60 साल की उम्र होने पर लाभार्थी को 3000 रुपये मासिक पेंशन मिलेगी.

### प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना

| वर्ष | बजट | लाभार्थी |
| --- | --- | --- |
| 2019-20 | 125 करोड़ | 19,96,983 |
| 2020-21 | 110 करोड़ | 1,13,754 |
| 2021-22 | 40 करोड़ | 1,49,012 |
| 2022-23 | 12.50 करोड़ | 72,436 |
| 2023-24 | 100 करोड़ | 8,007 |



पांच साल में कुल 23,40,192 किसान इस योजना के लाभार्थी बने. इसकी शुरुआत भी झारखंड विधानसभा चुनाव 2019 से ठीक पहले सितंबर माह में प्रधानमंत्री मोदी ने की थी. पांच करोड़ किसानों को जोड़ने का लक्ष्य था. लेकिन आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि इस योजना को लोग भूल चुके हैं और किसानों की इसमें दिलचस्पी नहीं है या फिर सरकार भी यही चाहती है.

**(नोट: आंकड़ों का आधार न्यूज लाउंड्री को आरटीआई से मिली जानकारी और लोकसभा व राज्यसभा में सरकार का जवाब है.)**

### कांग्रेस ने न्याय पत्र के नाम से जारी किया घोषणा पत्र

## इलेक्टोरल बॉन्ड में संदिग्ध सौदों की जांच का किया वादा



- जाति जनगणना, आरक्षण सीमा बढ़ाने समेत अन्य कई वादे भी किए

**भाषा। नयी दिल्ली**

देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने शुक्रवार को अपना घोषणा पत्र जारी किया. इसमें प्रमुख तौर पर इलेक्टोरल बॉन्ड की संदिग्ध सौदों की जांच का जिक्र किया गया है. कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र को 'न्याय पत्र' नाम दिया है. इसे पांच न्याय और 25 गारंटी पर आधारित रखा गया है. घोषणा पत्र में कांग्रेस ने जाति जनगणना, आरक्षण सीमा बढ़ाने, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी और नई शिक्षा नीति में संशोधन समेत कई वादे किए हैं.

कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मौजूदगी में यह घोषणापत्र जारी किया गया. इस अवसर पर अध्यक्ष खरगे ने कहा कि इस घोषणा पत्र में भविष्य के शानदार भारत की तस्वीर नजर आती है. वहीं, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि संविधान तथा लोकतंत्र को नष्ट करने का प्रयास करनेवालों और इन्हें बचाने की कोशिश करनेवालों के बीच यह चुनाव होने जा रहा है.

-शेष पेज 7 पर

**पांच न्याय और 25 गारंटी पर आधारित है घोषणा पत्र**

कांग्रेस का घोषणा पत्र पांच न्याय - 'हिस्सेदारी', 'किसान', 'नारी', 'श्रमिक' और 'युवा' न्याय पर आधारित है. पार्टी ने 'युवा न्याय' के तहत जिन पांच गारंटी की बात की है, उनमें 30 लाख सरकारी नौकरियां देने और युवाओं को एक साल के लिए प्रशिक्षुता कार्यक्रम के तहत एक लाख रुपये देने का वादा शामिल है. 'हिस्सेदारी न्याय' के तहत जाति जनगणना कराने और आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करने की 'गारंटी' दी गई है. 'किसान न्याय' के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा देने, कर्ज माफी आयोग के गठन तथा जीएसटी मुक्त खेती का वादा किया गया है.

## भाजपा सिर्फ घोषणा पत्र जारी नहीं करती, वादे भी पूरा करती है : मोदी

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राजस्थान के चुरू में एक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस का नाम लिए बिना उसके घोषणा पत्र पर तंज कसा. उन्होंने कहा, " भाजपा जो कहती है, वो जरूर करती है. दूसरी पार्टियों की तरह सिर्फ घोषणा पत्र जारी नहीं करती है. मोदी ने कहा, हम तो संकल्प पत्र लेकर आते हैं. 2019 में हमने जो संकल्प पत्र जारी किया था, उसके ज्यादातर संकल्प पूरे हो चुके हैं. कश्मीर में धारा 370 खत्म हो चुकी है. तीन तलाक पर कानून, हमारी मुस्लिम बहनों की मदद कर रहा है. प्रधानमंत्री ने कांग्रेस व 'इंडिया' गठबंधन पर हमला बोला. कहा, सेनाओं का अपमान, देश का विभाजन, ये कांग्रेस पार्टी की पहचान है. जब तक 'इंडिया' गठबंधन के लोग सत्ता में रहे, उन्होंने हमारे जवानों के हाथ बांध कर रखे.

## ब्रीफ खबरें

### नहीं रहे झारखंड के पहले ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो



**रांची।** झारखंड के पहले ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो का दुरुवार देर रात लालपुर रांची स्थित आवास पर निधन हो गया. वे लालपुर के अमरावती अपार्टमेंट स्थित अपने फ्लैट के बाथरूम में गिरकर बेहोश हो गए थे. उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था. जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. महतो की तबीयत पिछले कुछ दिनों से खराब चल रही थी. इसके बावजूद विभिन्न क्षेत्रीय पार्टियों व संगठनों को मिलाकर तीसरा मोर्चा का गठन कर लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी उतारने की घोषणा की थी.

### लालू यादव के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के खिलाफ मध्य प्रदेश की ग्वालियर कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है. ग्वालियर के एमपी-एमएलए कोर्ट से स्थाई वारंट जारी किया गया है. यह वारंट आर्म्स एक्ट के मामले में जारी हुआ है. साल 1995 और 1997 के फार्म 16 के तहत हथियारों की सप्लाई का आरोप लगा है. बता दें कि साल 1995 और 1997 में फर्जी फॉर्म नंबर 16 (जो आर्म्स डीलर के लिए जारी होते हैं) को तैयार कर हथियारों की सप्लाई के मामले में पूर्व सीएम लालू प्रसाद की गिरफ्तारी का वारंट जरी किया गया है.

## सर्राफा

| | |
| --- | --- |
| सोना (बिक्री) | 66,300 |
| चांदी (किलो) | 84,000 |

### आप की राह पर झामुमो

### 21 को प्रभात तारा मैदान में न्याय उलगुलान महारैली, जुटेंगे 'इंडिया' के नेता

# गांडेय विधानसभा सीट से कल्पना सोरेन होंगी प्रत्याशी

**विशेष संवाददाता। रांची**

आम आदमी पार्टी की राह पर अब झामुमो ने चलने का मन बनाया है. जिस प्रकार से दिल्ली के सीएम की गिरफ्तारी के विरोध में दिल्ली के रामलीला मैदान में आम आदमी पार्टी ने रैली आयोजित की थी. उसी तरह देर से ही सही मगर झामुमो ने भी महारैली की घोषणा की है. आगामी 21 अप्रैल को रांची के प्रभात तारा मैदान में झामुमो, न्याय उलगुलान महारैली करने वाली है.

यह निर्णय शुक्रवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के नेतृत्व में कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में हुई झामुमो सांसद और विधायकों की बैठक में लिया गया. इस रैली में इंडिया गठबंधन के तमाम राष्ट्रीय स्तर के नेताओं को बुलाया जाएगा. बैठक में गांडेय विधानसभा सीट से कल्पना सोरेन की उम्मीदवारी पर भी मुहर लगी है. बैठक में कल्पना भी मौजूद थीं.



**कल्पना करेंगी 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं की अगवानी**

झामुमो की इस रैली के माध्यम से 'इंडिया' गठबंधन झारखंड में लोकसभा चुनाव के अपने संयुक्त अभियान का आधिकारिक आगाज करेगा. रांची के प्रभात तारा मैदान में न्याय उलगुलान रैली में कल्पना सोरेन पर भी निगाहें होंगी कि वे इंडिया गठबंधन के तमाम दिग्गज नेताओं की अगवानी किस प्रकार करती हैं. कैसे वह, झारखंड में हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी सहित अन्य मुद्दों पर सहयोगी दल के नेताओं को बोलने के लिए तैयार करती हैं. बताया गया है कि न्याय उलगुलान रैली में अपने-अपने समर्थकों के साथ विधायक जुटेंगे. बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को रांची लाने की जवाबदेही भी दी गयी है.

**विधायकों को मिला लोकसभा जिताने का टास्क**

भट्टाचार्य ने बताया कि बैठक में सभी विधायकों को कहा गया है कि अपने-अपने क्षेत्र में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित कराएं. इसके लिए उन्हें हर प्रकार का सहयोग प्रत्याशियों को देना है. वहीं विधायकों को कहा गया है कि उनके अपने लोकसभा क्षेत्र के अलावा आसपास के अन्य लोकसभा क्षेत्र में भी जहां उनका प्रभाव है, वहां अपने प्रभाव का उपयोग करें. मतदाताओं को गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करें. गांव-गांव जाएं और लोगों को राज्य सरकार की योजनाओं के बाबत जानकारी देते हुए मतदान करने के लिए प्रेरित करें.

**ऐसी रैली होगी जो पहले कभी नहीं हुई: चंपाई** : सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि यह रैली अपने आप में ऐतिहासिक होने वाली है. कहा कि हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ यह आक्रोशित लोगों की रैली होगी. जिसमें पूरे भारतवर्ष से भाजपा को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया जाएगा.

**लोबिन व चमरा लिंडा नहीं पहुंचे** : झामुमो विधायकों और सांसदों की बैठक में दो विधायक लोबिन हेंब्रम और चमरा लिंडा नहीं पहुंचे. चमरा लिंडा लोहरदगा सीट कांग्रेस से नहीं लेने के कारण नाराज बताए जा रहे हैं. वहीं, लोबिन हेंब्रम राजमहल से प्रत्याशी बनाने की मांग पर अड़े हैं.

### संजय सिंह ने मगुड्डा रेड्डी व नरेंद्र मोदी की फोटो जारी कर लगाया आरोप

# 'भाजपा ने किया दिल्ली का शराब घोटाला'

**लगातार मीडिया नेटवर्क**

आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने जेल से छूटने के दो दिन बाद शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस किया. उन्होंने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए. कहा कि शराब घोटाले से जुड़े दो नाम हैं- पहला मगुंटा रेड्डी, जिसने तीन बयान दिए और उसके बेटे राधव मगुंटा रेड्डी ने सात बयान दिए. ईडी ने इनसे पूछा कि क्या अरविंद केजरीवाल से मिले थे, तो कहा था हां मिला था, लेकिन दूसरे काम के लिए. इसके बाद राघव को गिरफ्तार कर लिया गया. पांच माह जेल में रहा. इस दौरान उसके सात बयान लिए गए. छह बयान में अरविंद केजरीवाल के बारे में पूछा जाता है. हर बयान में ना कहा. पांच माह के जेल के बाद वह टूट जाता है. सातवें बयान में वह बदल जाता है और अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बयान देता है. छह बयानों को यह कह किनारे रख दिया गया कि ईडी को उस पर भरोसा नहीं है. ईडी उन बयानों को दिखाना नहीं चाहती थी. वकीलों ने जब बयान देखा, तब यह पता चला.

संजय सिंह ने आगे कहा- सवाल यह है कि मगुंटा रेड्डी और राघव रेड्डी हैं कौन, जिसे ईडी ने शराब घोटालेबाज बताया. एक तस्वीर जारी करते हुए कहा कि मगुंटा रेड्डी सांसद हैं, जो भारत के प्रधानमंत्री के साथ गलबहिया करते देखे जा सकते हैं. अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बयान देने के दो दिन बाद राघव रेड्डी की जमानत हो जाती है. भारत के प्रधानमंत्री के साथ इस शराब घोटाले बाज का क्या रिश्ता है. आज की तारीख में वह टीडीपी से चुनाव लड़ रहा है और प्रधानमंत्री की तस्वीर लगाकर वोट मांग रहा है.

संजय सिंह ने यह भी कहा, दूसरा नाम है शरद रेड्डी का है. 9 नवंबर 2022 को शरद रेड्डी से पूछताछ में बताया कि अरविंद केजरीवाल से कभी मिला नहीं. जानता भी नहीं. 10 नवंबर 2022 को उसे गिरफ्तार कर लिया जाता है. 25 अप्रैल 2023 तक वह जेल में रहा. उससे ईडी ने 12 बयान लिए. इसके बाद वह टूट गया और 25 अप्रैल को केजरीवाल के खिलाफ बयान दे दिया. कोर्ट के आदेश पर सारे बयान पढ़े गए. तब पता चला कि किसी में भी अरविंद केजरीवाल का नाम नहीं लिया. फिर उसकी बेल हो जाती है. भाजपा और ईडी उसे शराब का घोटालेबाज बताती है.

**दो टूक**

- ईडी की जांच शुरु होने के बाद हुआ शराब घोटाला
- सवाल यह है कि मगुंटा रेड्डी और राघव रेड्डी है कौन
- छह बयान में ना, सातवें में लिया केजरीवाल का नाम

### ब्रीफ खबरें

## रामटहल से मिले सदान मोर्चा अध्यक्ष



**रांची।** कांग्रेस में शामिल होने के बाद पूर्व सांसद रामटहल चौधरी से मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने मुलाकात की. दोनों के बीच मूलवासी सदानों और राज्य की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई. दोनों नेताओं ने माना कि झारखंड के विकास के लिए मूलवासी सदान और आदिवासी को मिलकर झारखंडियों को संसद और विधानसभा में पहुंचाना होगा. तभी झारखंड का विकास संभव है. राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि मूलवासी सदान मोर्चा इस बार प्रयास करेगा कि मूलवासी सदानों की अनदेखी करने वाले बड़े नेताओं को संसद नहीं पहुंचने दिया जाए. उन्होंने रामटहल चौधरी से लोकसभा चुनाव पर भी बातचीत की.

## कांग्रेस वार रूम इंचार्ज की बैठक आज

**रांची।** झारखंड के सभी 14 लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, प्रदेश प्रवक्ता, झारखंड वार रूम के इंचार्ज की बैठक शनिवार को होगी. उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनल शांति ने बताया कि बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ,प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर उपस्थित रहेंगे. बैठक में सभी जिला अध्यक्षों और प्रभारी के साथ क्षेत्रवार विस्तृत रिपोर्ट पर चर्चा की जाएगी . बैठक दोपहर दो बजे से करमटोली स्थित द रांची प्रेस क्लब के सभागार में होगी.

## जयंती पर याद किए गए जगजीवन राम

**रांची ।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री जगजीवन राम की जयन्ती कांग्रेस भवन में शुक्रवार को मनाई गयी. इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. मौके पर कांग्रेस महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि जगजीवन राम एक कुशल प्रशासक थे. बाबू जगजीवन राम महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी थे, उन्होंने दलितों और पीड़ितों के संघर्ष को नया आयाम दिया. वह अपनी विद्वता एवं सूझ-बूझ से जिस मंत्रालय का प्रभार संभाला, वह मंत्रालय प्रभावी साबित हुआ.

## मोदी सरकार की उपलब्धियां बताएं

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया विभाग की शुक्रवार को हुई बैठक में राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक उपस्थित हुए. बैठक में उन्होंने लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से मीडिया विभाग की भूमिका को विस्तार से बताया. बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 10 वर्षों की उपलब्धियों को जनता के बीच लेकर जाना है. उन्होंने कहा कि भाजपा को देवतुल्य जनता से मिल रहा अपार स्नेह दिखाता है कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बदलते और आगे बढ़ते भारत को देखा है, जो अब विकसित होने की और अग्रसर है. उन्होंने कहा कि फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार के संकल्प के साथ कार्य में लग जाएं.

### गिरिनाथ के बाद सुनील सोरेन, घूरन राम, शशिभूषण सामड, बड़कुंवर गगराई भी तलाश रहे संभावना !

# टिकट पाने के लिए बदले थे दल, अब पुराने घर में वापसी की छटपटाहट

**खास बातें**

- दल बदलने के बाद भी हर तरफ से निराशा ही मिली
- टिकट की चाह में दल बदला नहीं मिला, तो दम घुटने लगा

सत्य शरण मिश्रा। रांची






चुनाव की आहट होते ही राजनीतिक दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं के दलबदल का दौर शुरू हुआ था, जो अबतक जारी है. झारखंड के कई नेताओं ने चुनाव लड़ने की इच्छा लिए पार्टी बदली थी, लेकिन दल बदलने के बाद भी उन्हें निराशा ही हाथ लगी. अब ऐसे नेता अपने पुराने घर में वापस जाने के लिए छटपटा रहे हैं.

2019 में चुनाव से पहले राजद नेता और पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह भाजपा में शामिल हुए थे, लेकिन तब भाजपा ने चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं दिया. 2024 में टिकट मिलने की उम्मीद में उन्होंने पांच साल इंतजार किया. चतरा लोकसभा सीट से वे टिकट के दावेदार थे, लेकिन इस बार भी उन्हें निराशा हाथ लगी. अब अपने राजनीतिक करियर को बचाने के लिए उन्होंने फिर से राजद का दामन थाम लिया है. चर्चा है कि वे चतरा से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार हो सकते हैं. इसी तरह सुनील सोरेन, घूरन राम और शशिभूषण सामड जैसे और भी नेता भी भाजपा से निराश होकर नया ठिकाना तलाश रहे हैं.

**क्या सुनील सोरेन के लिए झामुमो में खुलेगा संभावनाओं का द्वार ?**

भाजपा ने दुमका के सांसद सुनील सोरेन को पहले टिकट दिया और फिर उनसे टिकट वापस लेकर सीता सोरेन को दे दिया. सुनील सोरेन झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के राजनीतिक शिष्य रहे हैं. गुरु से बगावत कर उन्होंने भाजपा के टिकट पर कई बार चुनाव लड़कर उन्हें कड़ी टक्कर दी. आखिरकार 2019 में उन्होंने गुरुजी को मात दे दी, लेकिन चुनाव से ठीक पहले गुरुजी की बहू सीता सोरेन के भाजपा में आने के बाद पार्टी ने सुनील सोरेन को दरकिनार कर दिया. मंगलवार को एनडीए की बैठक में शामिल नहीं होकर सुनील ने अपनी नाराजगी जाहिर कर दी है. राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि दुमका का राजनीतिक समीकरण बदल सकता है. सुनील सोरेन झामुमो में शामिल हो सकते हैं, और झामुमो उन्हें सीता सोरेन के खिलाफ चुनाव मैदान में उतार सकती है. इस बारे में झामुमो के वरिष्ठ नेता मनोज पांडेय ने कहा कि राजनीति में संभावनाओं का द्वारा हमेशा खुला रहता है. हालांकि अभी ऐसी कोई बात नहीं है.

**पूर्व सांसद घूरन राम भी घर लौटने को छटपटा रहे**

पलामू से सांसद रहे घूरन राम पिछले कई साल से राजद के टिकट पर पलामू से चुनाव लड़ रहे थे, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिल रही थी. इस बार राजनीतिक गलियारे में चर्चा थी कि भाजपा पलामू के सांसद बीडी राम का टिकट काट सकती है. मौका देखते ही घूरन राम भाजपा में शामिल हो गये, लेकिन उन्हें निराशा हाथ लगी. भाजपा ने फिर से बीडी राम को टिकट दे दिया. अब घूरन राम मन मसोस कर भाजपा की सेवा में लग गये हैं. पुराने में वापसी करने के लिए छटपटा रहे हैं. राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं से संपर्क में हैं. पूछने पर कहा कि टिकट की उम्मीद में ही भाजपा में शामिल हुआ था, लेकिन टिकट नहीं मिला. फिलहाल भाजपा में हैं और हमेशा यहीं रहेंगे.

**बड़कुंवर व शशिभूषण भी तलाश रहे नया विकल्प**

चक्रधरपुर से झामुमो के विधायक रहे शशिभूषण सामड और मझगांव के पूर्व विधायक बड़कुंवर गगराई सिंहभूम लोकसभा सीट के लिए अपनी दावेदारी पेश कर रहे थे, लेकिन चुनाव से ठीक पहले भाजपा ने कांग्रेस की गीता कोड़ा को पार्टी में शामिल कराके उन्हें अपना उम्मीदवार बना दिया. टिकट नहीं मिलने से दोनों नेता नाराज हैं. दोनों नेता अपना राजनीतिक करियर बचाने के लिए एक बार फिर से नये विकल्प की तलाश में हैं.

### अभिषेक प्रसाद पिंटू के समर्थन में खड़ी हुई पार्टी, विपक्ष पर साधा निशाना, कहा

# केस का ओर-छोर जाने बिना उनके बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है भाजपा

**मीडिया भी खुद जज, ज्यूरी और जल्लाद की भूमिका में, बयान को तोड़-मरोड़ कर एजेंडा साध रहे हैं**

विशेष संवाददाता। रांची

झामुमो पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार और पार्टी नेता अभिषेक प्रसाद पिंटू के समर्थन में कूद पड़ा है. पार्टी ने अभिषेक प्रसाद पिंटू द्वारा दिए गए बयान को भाजपा पर तोड़-मरोड़ कर पेश करने का आरोप लगाया है. पार्टी की ओर जारी बयान में मीडिया पर भी निशाना साधा गया. कहा कि इस प्रकरण में लोग खुद जज, ज्यूरी और जल्लाद की भूमिका में आ गए हैं. केस का पूरा ओर-छोर जाने बिना पिंटू के बयान के अंश को तोड़-मरोड़ कर एजेंडा को साध रहे हैं. लोग उनके बयान का अनर्गल मतलब निकाल रहे हैं.



**अभिषेक ने कभी नहीं कहा कि जमीन हेमंत की है**

पार्टी ने अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू के समर्थन में तर्क दिया. झामुमो का कहना है कि अभिषेक के बयान में कहीं भी ये नहीं लिखा है कि बड़गाईं अंचल की जमीन हेमंत सोरेन की है. पाहन लोग जो जमीन के मालिक हैं, जो भुईंहर हैं, उनका कहना है कि जमीन उनकी है. वे ही दखलकार हैं. केस लंबित होने के बावजूद मीडिया केस से संबंधित भ्रामक पक्ष फैला रहा है, जो अनुचित है. झामुमो का कहना है कि मुख्यमंत्री कार्यालय में जमीन विवाद के सैकड़ों आवेदन हर माह आते हैं. ऐसे में किसी जमीन का सत्यापन करने को कहने मात्र से जमीन उसका नहीं हो जाता है.

**मामला ईडी द्वारा दाखिल चार्जशीट से जुड़ा**

पूरा मामला ईडी द्वारा दाखिल चार्जशीट से जुड़ा है. 30 मार्च को ईडी ने जमीन घोटाला केस में चार्जशीट दाखिल की है. इसमें हेमंत सोरेन सहित कुल पांच लोगों को आरोपी बनाया गया है. इसी चार्जशीट में हेमंत सोरेन के पूर्व प्रेस सलाहकार अभिषेक पिंटू का भी बयान है. बकौल ईडी, अभिषेक पिंटू ने बताया कि उसने हेमंत सोरेन के कहने पर सीएमओ के अधिकारी उदय शंकर को बड़गाईं में 8.86 एकड़ जमीन का सत्यापन कराने का निर्देश दिया था. साथ ही उसने दो और जमीन का भी सत्यापन कराने को कहा था, जो हेमंत सोरेन और उनके परिवार से जुड़ी है.

**भाजपा सांसद दीपक प्रकाश ने दिया था बयान**

भाजपा का राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने गुरुवार को अपने ऑफिशियल फेसबुक पेज पर लिखा कि "भ्रष्टाचार और लूट की यारी ज्यादा दिन तक नहीं टिकती. कानून का शिकंजा कसता देख अच्छे-अच्छे साथ छोड़ जाते हैं. आखिरकार, हेमंत सोरेन के भरोसेमंद उनके पूर्व प्रेस सलाहकार अभिषेक पिंटू ने सच कबूल ही लिया कि वह हेमंत सोरेन के कहने पर ही लूट-खसोट (बड़गाईं जमीन लूट) का सारा खेल खेलते थे".

## मौसम अलर्ट : राज्य के कुछ जिलों में लू, कुछ में बारिश होगी

संवाददाता। रांची

झारखंड में आनेवाले एक- दो दिनों मौसम के दो रंग देखने को मिलेंगे. मौसम विभाग के जारी आंकड़े के अनुसार झारखंड के कुछ जिलों में बारिश और कुछ में लू को लेकर चेतावनी जारी की गयी है. विभाग के अनुसार, छह अप्रैल को राज्य के उत्तरी हिस्से गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है. वहीं राज्य के दक्षिण-पूर्वी भागों पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज के कुछ हिस्सों में लू चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी की है.

**बारिश के बाद गर्मी से मिलेगी राहत :** पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा. राज्य के दक्षिण-पूर्वी भागों में एक-दो स्थानों पर लू की भी स्थिति बनी. सबसे अधिक 42.9 डिग्री सेल्सियस तापमान गोड्डा का रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री सेल्सियस तापमान डालटनगंज में दर्ज किया गया. राज्य में अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है. वहीं राज्य में बारिश के बाद इसमें 4 से 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है.

**शहर का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| रांची | 38.2, | 23.0 |
| जमशेदपुर | 42.0, | 25.8 |
| डाल्टेनगंज | 41.0, | 21.6 |
| बोकारो | 38.1, | 22.2 |
| चाईबासा | 41.0, | 23.8 |
| देवघर | 41.3, | 25.5 |
| गिरिडीह | 38.9, | 25.5 |
| गढ़वा | 40.7, | 24.2 |
| सरायकेला | 42.6, | 24.5 |
| गोड्डा | 42.9, | 22.3 |

**आज से 11 अप्रैल तक बारिश-बज्रपात के आसार :** मौसम विभाग के अनुसार छह से 11 अप्रैल तक राज्य में बारिश होने की संभावना है. छह व सात अप्रैल को राज्य के उत्तरी भागों में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है. राज्य में कहीं-कहीं पर गर्जन के साथ 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाओं के झोंके के साथ वज्रपात होने की भी संभावना है. आठ अप्रैल को राज्य के दक्षिण-पूर्वी व मध्य भागों में कहीं-कहीं हल्की वर्षा और गर्जन के साथ 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा बहेगी और वज्रपात के भी आसार है. वहीं 11 अप्रैल तक राज्य के दक्षिणी भागों में बारिश की संभावना है.

### सीता सोरेन का एक बार फिर परिवार पर हमला | गुरुजी की चलती तो मुझे कभी पार्टी से निकलने नहीं देते

# गंठबंधन सरकार पत्थर और जमीन की लूट में शामिल,जनता हिसाब चुकाएगी

विशेष संवाददाता। रांची

दिशोम गुरु शिबू सोरेन की बड़ी बहु और भाजपा नेत्री सीता सोरेन ने एक बार फिर अपने परिवार पर बड़ा हमला बोला है. उन्होंने अपने ससुर शिबू सोरेन को लेकर ट्वीट किया है. कहा कि झामुमो में अब शिबू सोरेन की नहीं चलती है. झामुमो में कुछ ठीक नहीं है, अगर ठीक होता तो मेरे ससुर मुझे पार्टी से निकलने ही नहीं देते. सीता ने ट्वीट कर कहा है कि " शिबू सोरेन जी की अब झारखंड मुक्ति मोर्चा में नहीं चलती है, अगर झामुमो में उनका सब कुछ ठीक-ठाक रहता, तो वे मुझे पार्टी से निकलने ही नहीं देते."

**दुर्गा के निधन के बाद उन्हें पार्टी में नहीं दिया गया महत्व :** सीता सोरेन शुक्रवार को जामताड़ा पहुंचीं और कार्यकर्ताओं संग बैठक कीं. कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही उनके स्व. पति दुर्गा सोरेन की मौत की जांच के लिए टीम का गठन किया जाएगा. कहा कि दुर्गा सोरेन के निधन के बाद मुझे पार्टी में कभी महत्व नहीं दिया गया. पार्टी ने कभी नहीं अपनाया. मजबूरन मुझे यह कदम उठाना पड़ा. सीता ने कहा कि झारखंड गठन का मूल उद्देश्य पीछे छूट गया है. गठबंधन सरकार पर हमला करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार पत्थर और जमीन की लूट में शामिल है. जनता हिसाब चुकाएगी.

**झारखंड में सरकार बनते ही दुर्गा सोरेन की मौत की जांच के लिए टीम गठित होगी**

**कई बार विधायक रहने के बाद भी नहीं मिला उचित सम्मान**



**सीता ने कहा** मैं कई बार विधायक रही, लेकिन पार्टी में उचित मान- सम्मान नहीं मिला. स्व. दुर्गा सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के लिए बहुत काम किया. इसके बावजूद पार्टी ने उनके विचारों को आत्मसात नहीं किया. मैंने कई बार उनकी मौत की जांच की गुहार लगाई, जिसे अनसुना कर दिया गया. उन्होंने कहा कि परिस्थितियां ही ऐसी बन गईं थीं कि मुझे भाजपा जैसी विशाल पार्टी में आना पड़ा. ये विकास की पार्टी है. हम सभी 14 लोकसभा सीटें जीतेंगे.

### 250 गांवों में मिट्टी के नमूनों, देशी गोवंश व परंपरागत छोटे कृषि यंत्रों का पूजन होगा

# झारखंड में नौ अप्रैल से एक माह तक भूमि सुपोषण और संरक्षण अभियान चलेगा

संवाददाता। रांची

खेती बारी में रासायनिक उर्वरक, कीटनाशक और खर-पतवार नाशक का उपयोग कम करने, कृषि कार्य में पानी की खपत कम करने और देशी बीज एवं देशी गोवंश का प्रसार करने के उद्देश्य से झारखंड में प्रथम चरण में नौ अप्रैल से 10 मई तक भूमि सुपोषण एवं संरक्षण जन अभियान चलाया जाएगा. रामकृष्ण मिशन आश्रम रांची के सचिव स्वामी स्वामी भावेशानंद , राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ग्राम विकास की राष्ट्रीय टोली के सदस्य सिद्धनाथ सिंह व प्राकृतिक खेती विशेषज्ञ सिद्धार्थ जायसवाल ने शुक्रवार को रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थान संस्थान (डीम्ड विश्वविद्यालय), मोरहाबादी में अभियान के बारे में जानकारी दी. उन्होंने कहा कि मिट्टी संरक्षण, देशी गाय के गोबर-गोमूत्र और जीवामृत आधारित कृषि व श्रीअन्न (स्मॉल मिलेट्स) की खेती को बढ़ावा देकर मिट्टी का स्वास्थ्य सुधारा जा सकता है. उन्होंने कहा कि स्वस्थ मिट्टी से स्वस्थ फसल, स्वस्थ मानव और स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है. वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति के रूप में गाय से प्राप्त पंचगव्य सिस्टम ऑफ मेडिसिन बहुत प्रभावी है. कई असाध्य रोगों के इलाज में कारगर है.



**खास बातें**

- बढ़ते प्रदूषण के कारण उत्पादन पर पड़ रहा असर
- स्वस्थ मिट्टी से ही स्वस्थ फसल-स्वस्थ समाज संभव

**जहरीले रसायनों के प्रयोग से कैंसर जैसी बीमारियां बढ़ रहीं :** देश में रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग एवं कीट नियंत्रकों के उपयोग से जमीन में जैविक कार्बन की मात्रा लगातार घटती जा रही है. जहरीले रसायनों के प्रयोग से कैंसर जैसी बीमारियां निरंतर बढ़ रही हैं. रसायन के कारण खेती अब बाजार आधारित हो गई है, जिससे फसल उत्पादन लागत बढ़ने से खेती घाटे का कारण बन रही है. भारत में कृषि भूमि में घटते कार्बन स्तर और बंजर होती जा रही धरती को बचाने के लिए देश की प्रमुख संस्थाओं ने सामूहिक रूप से भूमि सुपोषण एवं संरक्षण के लिए राष्ट्र स्तरीय जन अभियान चलाया है. कृषि एवं पर्यावरण क्षेत्र के वैज्ञानिकों ने कई बार चिंता व्यक्त की है. खेती की भूमिका के साथ ही साथ भौतिक, रासायनिक और जैविक संतुलन बिगड़ता जा रहा है. जमीन में बढ़ते प्रदूषण के कारण उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ने वाली है. मौके पर प्रांत ग्राम विकास, झारखंड के प्रमुख महेंद्र प्रसाद, चंद्र मोहन महतो, पंकज वत्सल, अविनाश कुमार समेत अन्य मौजूद थे.

### मतदान की सुविधा | देश में 85 साल तक के 81,87,999 वरिष्ठ मतदाता ,100 साल से अधिक के 2,18,442 मतदाता

# 85 साल के वयोवृद्ध और दिव्यांग के लिए घर पर मतदान की सुविधा

संवाददाता। रांची

85 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति डाक मतपत्र का ऑप्शन चुन सकते हैं और अपना वोट घर से ही डाल सकते हैं. साथ ही 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग नागरिक भी घर से वोट डालने के लिए डाक मतपत्र का विकल्प चुन सकते हैं. चुनाव आयोग ने दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक को यह सुविधा प्रदान की है. देश में 10 मार्च तक 85 साल से के 81,87,999 वरिष्ठ मतदाता ,100 साल से ऊपर के 2,18,442 मतदाता हैं.



**क्या करना होगा घर पर मतदान के लिए**

आपको एक फार्म भरना होगा. यह फार्म चुनाव आयोग (ईसीआई) की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है. घर से मतदान का विकल्प चुनने वाले दिव्यांग मतदाताओं के पास दिव्यांगता प्रमाण पत्र होना चाहिए.

**बीएलओ से भी ले सकते हैं फार्म**

85 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ मतदाताओं और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को बीएलओ के पास मौजूद फॉर्म 12डी भरकर देना होगा. या फिर इस फार्म को निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में स्थित मतपत्र कोषांग से भी प्राप्त किया जा सकता है.

**फार्म भरने के बाद क्या करना है**

फॉर्म को भरकर अपने बीएलओके पास जमा करा दें. फार्म में वोटर कार्ड में दर्ज एपिक नंबर जरूर भर दें. दिव्यांग नागरिक अपने फार्म के साथ 40 प्रतिशत से अधिक का दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी संलग्न करें. इसे बीएलओ के पास जमा करें या सीधे निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में.

**क्या है पूरी प्रक्रिया** *घर से वोट डालने की प्रक्रिया आसान है. जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) मुख्य मतदान के दिन से पहले घरेलू मतदान के लिए दिन तय करते हैं. मतदाताओं को घर पर ही डाक मतपत्र उपलब्ध कराया जाएगा. वे इस पर अपनी पसंद के उम्मीदवार को चिह्नित करेंगे.*


**घर पर मतदान के लिए आयोग करेगा टीम का गठन**

घर पर मतदान करने के लिए चार से पांच लोगों की टीम गठित होगी. जिनमें चुनाव अधिकारी, एक वीडियोग्राफर और पुलिस शामिल रहेंगे. टीम घर पर मतदाता के मतपत्र को मतपेटी में डालने को कहेगी. मतदान की प्राइवेसी के लिए वहां एक पार्टिशन किया जाएगा. मतदान की वीडियोग्राफी भी की जानी है. इस तरह बुजुर्ग मतदाता और दिव्यांग अपने घर बैठे ही वोट डाल पाएंगे. अपनी सेवाएं दे रहे वॉलिंटियर्स इसमें सहायता करेंगे. ऐसे वोटर्स के वोटों की गिनती डाक मतपत्रों से की जाती है.

## पूर्व मंत्री लालचंद महतो के निधन पर शोक की लहर

संवाददाता। रांची

झारखंड प्रदेश राजद ने एकीकृत बिहार -झारखंड के वरिष्ठ विधायक रहे झारखंड के पूर्व ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख जताया है. राजद प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा कि लालचंद महतो जीवन भर पिछड़ों, दलितों, बहुजन समाज के नेता के रूप में आवाज बुलंद करते रहे. उन्होंने कहा कि लालचंद महतो बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर के समूह में राजनीति करने वाले नेताओं में शुमार रहे थे. विगत दिनों उन्होंने तीसरा मोर्चा का गठन कर राज्य के कई लोकसभा क्षेत्र में उम्मीदवार उतारने की घोषणा की थी.



विधानसभा गेस्ट हाउस में लालचंद महतो के साथ गौतम सागर राणा, रामचंद्र केशरी, संजय सिंह यादव, कैलाश यादव. फाइल फोटो

उनके असामयिक निधन पर राजद के वरिष्ठ नेता गिरिनाथ सिंह, सुरेश पासवान,अर्जुन यादव, अनिता यादव, मंजू शाह, मनोज कुमार, आबिद अली, प्रणय बबलू, रामकुमार यादव, शालीग्राम पांडेय, लक्ष्मण यादव, सुनीता चौधरी, नंदन यादव ने गहरा शोक व्यक्त किया है.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | शनिवार 06 अप्रैल 2024 ● चैत्र कृष्ण पक्ष 12 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 1, अंक : 347 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

### जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के विधायक सरयू राय ने एक बार फिर धनबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर साधा निशाना, बोले-

# ईडी अगर जांच करे तो बड़े पैमाने पर खुलेगा ढुल्लू महतो के मनी लॉन्ड्रिंग का भेद

जमशेदपुर। रांची

जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के विधायक सरयू राय ने एक बार फिर धनबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर निशाना साधा है. राय ने इस बार कागजी सबूत के साथ कई कंपनियों में ढुल्लू महतो के शेयर होल्डर होने का दावा किया है. बताया है कि धनबाद डेयरी प्राइवेट लिमिटेड, मुंडेन ओर मैनेजमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिडेट, श्री जीन भवानी कंस्ट्रक्शन डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड धनबाद के कतरास एवं बाघमारा के विभिन्न पते पर और इंदुकुरी मधुबंध प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिडेट हैदराबाद के पते पर कंपनी अधिनियम के तहत पंजीकृत हैं. ये सारी कंपनियां सक्रिय हैं.

सरयू राय ने कहा कि इन चार कंपनियों और वेयर हाउस की शुरू से अबतक की गतिविधियों की ईडी जांच करे, तो इससे कोयलांचल खासकर बाघमारा कोल एरिया में बड़े पैमाने पर चल रहे मनी लॉन्ड्रिंग के खेल का पर्दाफाश होगा. उन्होंने कहा कि इंदुकुरी मधुबंध 16 अक्टूबर 2023 को कंपनी एक्ट में पंजीकृत हुई है और मात्र दो माह के भीतर 11 दिसंबर 2023 को इसे बीसीसीएल में एक बड़ा काम मिल गया है. यह काम मधुबंध कोयला खदान से अगले 25 वर्षों तक कोयला निकालने और अन्य संबद्ध गतिविधियों से संबंधित है. इसमें बीसीसीएल को कुल कमाई का मात्र 5.40 प्रतिशत हिस्सा ही मिलना है.

## जुबानी हमला

- जमशेदपुर पूर्वी विधायक ने चार कंपनियों का किया जिक्र
- कहा- बाघमारा कोल एरिया में बड़े पैमाने पर मनी लॉन्ड्रिंग


सरयू राय


ढुल्लू महतो

## कई सारी कंपनियों में शेयर होल्डर हैं ढुल्लू महतो

विधायक सरयू राय ने बताया कि धनबाद डेयरी प्राइवेट लिमिटेड और मुंडेन ओर मैनेजमेंट में ढुल्लू महतो शेयरधारक रहे हैं. धनबाद डेयरी में उनका पांच लाख और मुंडेन ओर मैनेजमेंट में एक लाख रुपये का शेयर होने का उल्लेख चुनाव आयोग के समक्ष प्रस्तुत शपथ पत्र में अपनी आयकर विवरणी में किया है. वे इनमें निदेशक भी रहे हैं. फिलहाल ये इन कंपनियों में निदेशक नहीं हैं. वे इन कंपनियों में अभी भी शेयरधारक हैं या अपना शेयर उन्होंने किसी को बेच दिया है, यह जानकारी वे स्वयं दे सकते हैं. इसके अलावा पार्टनरशिप फर्म कावेरी वेयर हाउस में भी वे पार्टनर रहे हैं. कुछ वर्ष पहले तक इस फर्म में उनकी हिस्सेदारी 40 लाख रुपये की रही है. वर्तमान में स्थिति क्या है, इसके बारे में ढुल्लू ही जानकारी दे सकते हैं. हैदराबाद की कंपनी इंदुकुरी मधुबंध में भी ढुल्लू महतो निदेशक रहे हैं.

## ब्रीफ खबरें

### गढ़वा-पलामू में दो दिनों तक रहेगा पावर शटडाउन

**गढ़वा।** गढ़वा और पलामू जिला में अगले दो दिनों तक बिजली का शटडाउन रहेगी. बिजली विभाग के विधायक प्रतिनिधि नसीम अख्तर ने बताया कि रिहंद-रेहला 132 केवी लाइन में झारखंड ऊर्जा संचरण लिमिटेड द्वारा विंढमगंज में पुराने टावर को हटाने एवं इससे जुड़े अन्य कार्य के लिए दो दिनों का शटडाउन रखा गया है. इसके तहत शनिवार छह अप्रैल व रविवार सात अप्रैल को रिहंद से मिलनेवाली बिजली सुबह 10 बजे से शाम बजे तक बंद रखी जाएगी. इस कारण गढ़वा व पलामू क्षेत्र में दो दिनों के लिए उक्त अवधि में उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिल पाएगी.

### 50 लाख की शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**छतरपुर ( पलामू )।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब की बिक्री, तस्करी के खिलाफ उत्पाद विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है. इस कड़ी में छतरपुर थाना क्षेत्र में एनएच 98 फोरलेन बाइपास स्थित चौकड़ा मोड़ के पास एक निर्माणाधीन मकान में उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर 50 लाख रुपये की शराब जब्त की है. बताया जा रहा है कि 850 पेटी शराब मकान के अलग-अलग चार कमरों में रखी हुई थीं. मामले में मकान मालिक मनोज यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है. बरामद शराब की बोतलों पर फॉर सेलइन पंजाब एवं अरुणाचल प्रदेश लिखा हुआ है.

### कोविड अस्पताल, स्पेशल वार्ड और गोदाम में पड़ी हैं सैकड़ों जीवन रक्षक मशीनें

# करोड़ों के वेंटीलेटर फांक रहे धूल

राजा गुप्ता । धनबाद

मार्च से अगस्त 2020 तक कोरोना काल के समय पीएम केयर फंड से धनबाद के सरकारी अस्पतालों, सदर अस्पताल और एसएनएमएमसीएच के कोविड अस्पताल व कैथलैब कोविड केयर केंद्र में करोड़ों की लागत से 100 से अधिक खरीदे गए वेंटीलेटर, एसी, बेड समेत कई उपकरण पिछले कई महीनों से धूल फांक रहे हैं. दो कोविड अस्पताल, आधा दर्जन स्पेशल वार्ड और गोदाम में सैकड़ों जीवन रक्षक मशीने पड़ी हैं. इसके अलावा चार साल दर्जनों एसी भी बंद हैं. तीन ऑक्सीजन प्लांट में 10 करोड़ के दो ऑक्सीजन प्लांट आजतक बंद है. स्वास्थ्य विभाग चाहे, तो सभी उपकरणों, बेड व ऑक्सीजन प्लांट का दैनिक भर्ती होने वाले मरीजों पर इस्तेमाल कर सकती है. स्वास्थ्य विभाग के ही कर्मी बताते हैं कि कोरोना संक्रमण महामारी का प्रभाव लोगों पर असर करने लगा और निजी व सरकारी अस्पतालों में संक्रमित मरीज रोजाना काफी संख्या में मरने लगे, तो जान बचाने के लिए काफी संख्या में ऑक्सीजन सिलेंडर व वेंटीलेटर खरीदी गईं.

कई भवनों को कोविड अस्पताल बना दिया गया. दवाईयां, मास्क, सेनीटाइजर, इंजेक्शन व अनगिनत जीवन रक्षक दवाएं खरीदी जाने लगी थीं. एक साल से अधिक समय तक तक कोरोना का असर था. इसी बीच धनबाद में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी, लेकिन सरकारी आंकड़ा गिनती के बराबर था.



दर्जनों एसी और दो ऑक्सीजन प्लांट भी चार साल से बंद

सदर अस्पताल

### काफी मात्रा में धूल जमने से खराब हो जाती हैं मशीनें

स्वास्थ्य विभाग के ही एक अधिकारी कहते हैं कि काफी मात्रा में वेंटीलेटर के भीतर धूल चली जाए, तो उसका पिल्टर खराब खराब हो जाता है. वह पूरी तरह से सही नहीं हो पाता है. लगातार चलने व मेंटेनेंस होने से मरीजों के काम में आता है. मरीज को फ्रेश ऑक्सीजन की जरूरत होती है. विभाग के वरीय अधिकारी को चाहिए कि उसे मेंटेनेंस कर मरीजों की सेवा में लगाएं, ताकि समय रहते मरीजों की जान बच सके. वेंटीलेटर काफी उपयोगी मशीन है. जब मरीज का ऑक्सीजन लेबल काफी घट जाता है, तो उसे लगाया जाता है. कोविड अस्पताल में भी जरूरत के हिसाब से काफी संख्या में एसी लगाए गए, लेकिन सभी चार साल से बंद पड़े हैं. कोविड अस्पताल में ताला बंद और एसी, बेड व अन्य मशीने धूल फांक रही हैं. इसकी सुध लेनेवाला कोई नहीं है.

### कोरोना जांच करनेवाली मशीनें व वैन भी हो रहीं खराब

स्वास्थ्य विभाग के कर्मी कहते हैं कि कोरोना जांच करनेवाली मशीनें व मोबाइल वैन भी चार वर्षों से खराब हो रही हैं. मशीन का इस्तेमाल न तो दूसरे चीज में लाया जा रहा है और ना ही सुरक्षित तरीके से रखा गया है. बीच-बीच में चाहिए कि मशीन व वैन की जांच कर मेंटेनेंस की जाए, ताकि समय पर उसका इस्तेमाल हो सके. अगर दोबारा कोरोना संक्रमण महामारी फैलती है, तो फिर से मशीनें, वेंटीलेटर, वैन समेत करोड़ों के उपकरण खरीदे जाएंगे. बंद एसी व ऑक्सीजन प्लांट की मशीन हटा कर दूसरी लगायी जाएगी. सदर अस्पताल में सैकड़ों खाली ऑक्सीजन सिलेंडर पड़े हैं, जो कि कोरोना काल में खरीदे गए थे.

### बाबूलाल ने कल्पना पर साधा निशाना, बोले-

## ईडी की चार्टशीट पढ़ लें, हेमंत को जेल का कारण मिल जाएगा

विशेष संवाददाता। रांची

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन पर बड़ा जुबानी हमला किया है. शुक्रवार को मेदिनीनगर पलामू में पार्टी द्वारा आयोजित विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ईडी द्वारा प्रस्तुत चार्जशीट हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार का दस्तावेज है. पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी भाजपा पर उनके पति को परेशान करने का आरोप लगा रही हैं. कल्पना सोरेन केवल ईडी द्वारा प्रस्तुत 191पृष्ठ की चार्जशीट को अक्षरशः पढ़ लें, उन्हें हेमंत सोरेन के जेल जाने के कारण का पता चल जाएगा.

**हेमंत सरकार ने राज्य को चौतरफा लूटा :** मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार ने राज्य को चौतरफा लूटा है. बालू, पत्थर, कोयला, लोहा,जमीन सब लूटा. नाम बदल- बदल कर लूटा.

यही नहीं रुके, बल्कि युवाओं की नौकरी भी लुटवा दी. एक तरफ भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है, भ्रष्टाचारियों की बरात है, तो दूसरी ओर भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने की मोदी की गारंटी है. उन्होंने कहा कि आज सारे भ्रष्टाचारी, भारत विरोधी, सनातन विरोधी, विकास विरोधी ताकतें मोदी हो हटाने की बात कर रही हैं, जबकि जनता तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए संकल्पित है.



### 10 साल में देश का हुआ चौतरफा विकास

मरांडी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश के गरीब, दलित, आदिवासी, पिछड़े, महिला सभी विकास की मुख्यधारा से जुड़े हैं. देश के 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं. सड़क, बिजली, हाईवे, आईआईटी, एम्स, आईआईएम, हवाई अड्डा, रेलवे स्टेशन जैसी सुविधाओं में वृद्धि हुई. देश के 80 करोड़ लोगों के लिए मुफ्त राशन की व्यवस्था सुनिश्चित हुई. उन्होंने कहा कि कोरोना संकट से सिर्फ भारत को ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व को मोदी के नेतृत्व ने उबारा. उन्होंने कहा कि विकसित भारत की गारंटी ही मोदी गारंटी है. उन्होंने कार्यकर्ताओं से 10 प्रतिशत वोट बढ़ाने का आह्वान किया. कहा, हर बूथ पर 370 वोट बढ़ायें और अबकी बार 400 पार का संकल्प पूरा करें.

# दोनों पक्ष से छह लोग गिरफ्तार

### उलीडीह क्षेत्र में अपराधी गुड्डू पांडेय पर हुई थी गोलीबारी

- पुलिस ने तीन हथियार, सात गोली और 12 खोखा बरामद किए

संवाददाता। जमशेदपुर

उलीडीह थाना अंतर्गत संजय पथ में अपराधी गुड्डू पांडेय पर बीती रात हुई गोलीबारी मामले में दोनों पक्षों के बयान पर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है. पुलिस ने दोनों पक्ष के कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया है. मामले में एक पक्ष से गुड्डू पांडेय, रौशन कुमार और राकेश की गिरफ्तारी हुई है, वहीं दूसरे पक्ष से सिंटू गुट के धनंजय सिंह और दीपू गोराई को पकड़ा गया हुई है. पुलिस ने तीन हथियार, सात गोली और 12 खोखा बरामद किया है.


मानगो गैंगवार

शुक्रवार को मामले की जानकारी देते हुए सिटी एसपी मुकेश लुनायत ने बताया कि गुरुवार शाम को सिंटू सिंह, डेविड और दीपू गोराई समेत अन्य गुड्डू पांडेय के घर पहुंचे और गेट पर ताबड़तोड़ गोलीबारी करते हुए घर से अंदर पहुंचे. यहां दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी में एक गोली गुड्डू पांडेय के दाएं जांघ को छूकर निकली, जबकि दूसरे पक्ष के धनंजय के हाथ में भी गोली लगी. एसपी ने बताया कि दोनों पक्ष पूर्व में अमरनाथ गिरोह के लिए काम करते थे. सभी जमीन का कारोबार करते थे. एक माह पूर्व दोनों के बीच जमीन को लेकर विवाद भी हुआ था. इसी को लेकर सिंटू ने अपने साथियों के साथ मिल कर गुरुवार रात ही घटना का प्लान बनाया.

# पैसा नहीं देने पर गर्भवती महिला से मारपीट का आरोप

### फरियाद लेकर महिला पहुंची डीएसपी कार्यालय

संवाददाता । कतरास

शुक्रवार को बाघमारा अनुमंडल महिला थाने के मुंशी तथा महिला कांस्टेबल पर डुमरा की एक गर्भवती महिला ने पति पत्नी के विवाद समझौता के एवज में पैसा नहीं देने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है. मामले को लेकर महिला अपने परिजनों के साथ बाघमारा डीएसपी आनंद ज्योति मिंज से मुलाकात पर अपनी आपबीती सुनाई और न्याय की गुहार लगाई.वहीं डीएसपी ने न्याय संगत कार्रवाई का आश्वासन दिया है.इधर डीएसपी कार्यालय के बाहर खड़े मीडिया को भुक्तभोगी महिला की मां रेखा देवी अपनी गर्भवती पुत्री व अपने साथ हुई घटना की जानकारी रोते हुए दी .डुमरा निवासी घनश्याम दास की पुत्री भुक्तभोगी पूजा कुमारी ने बताया कि एक वर्ष पूर्व उसकी शादी हुई है. शादी के बाद पति-पत्नी के बीच कुछ विवाद चल रहा था. जिसको लेकर हमने महिला थाने में शिकायत की थी. आज शिकायत के आलोक में दोनों पक्षों को थाना बुलाया गया था. जहां विवाद को आपसी समझौते के तहत सुलझा लिया गया. समझौता हो जाने के बाद महिला थाने की महिला कांस्टेबल तथा मुंशी समझौता कराने के बदले 10 हजार रुपए की मांग करने लगे.पैसा नहीं देने पर थाने में हमलोगों को बैठा दिया गया.


# टूटने लगी 70 लाख की सड़क

### निर्माण के कुछ माह बाद ही निर्माण में दिखने लगी अनियनिमता

तोपचांची। अक्षय चौबे

विकास के कद को नई ऊंचाई तक ले जाने के लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है. लेकिन सड़क निर्माण में जमकर मनमानी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है. दरअसल, तोपचांची प्रखंड के खाटंडीह से हनुमान पहाड़ी तक करीब एक किलोमीटर का प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करीब 70 लाख रुपए के लागत से पीच सड़क का निर्माण करवाया गया था.

मानकों की अनदेखी के कारण निर्माण के कुछ माह बाद ही सड़क टूटने लगी. इससे संबंधित कुछ विडियो वायरल हुआ है, जिसमे



ग्रामीण युवा सड़क पर किए गए पीच को लकड़ी की मदद से हटाते दिख रहे हैं. बालू व मिट्टी की तरह पीच जमीन को छोड़कर कर अलग हो जा रही है. बताते चलें उक्त सड़क के निर्माण के दौरान ग्रामीणों ने सही कार्य नहीं होने को लेकर विरोध भी किया था, जिसके बाद रांची के संवेदक शिवजी सिंह ने जैसे-तैसे सड़क का निर्माण कर दिया. निर्माण के कुछ माह के बाद पीच सड़क के अलकतरा व गिट्टी अलग होने लगे. तोपचांची प्रमुख आनंद महतो ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है.

## सूरते हाल

- लकड़ी से ही उखड़ जा रही सड़क, विडियो वायरल
- अनियमितता की उच्च स्तरीय जांच की जाए : प्रमुख


**चार्जशीट** ईडी का दावा- बड़गाईं अंचल कार्यालय में छापेमारी के दौरान फाइल में हाथ लगे हैं कई अहम सबूत

# 'सीएमओ अर्जेंट' और 'सीएम बड़गाईं भुइंहरी' लिखा मिला

विनीत/सौरभ। रांची

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े लैंड स्कैम मामले में ईडी का दावा है कि अब तक की गई जांच में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं. ईडी को बड़गाईं अंचल में हुई छापेमारी के दौरान तीन ऐसे दस्तावेज मिले हैं, जिसपर लिखी बातें काफी चौंकाने वाली हैं. पहले दस्तावेज पर लाल कलम से 'भुंइहरी सीएम बड़गाईं' लिखा हुआ है. इसी पेज में पिंटू भी लिखा गया था, जिसे कलम से काट दिया गया. वहीं, दूसरा दस्तावेज पर नीली कलम से अंग्रेजी में 'सीएमओ अर्जेंट' लिखा हुआ है और उसके नीचे अंडरलाइन किया हुआ है. इसी पेज में पिंटू भी लिखा गया था, जिसे बाद में कलम से काट दिया गया था. तीसरे पन्ने में पीले रंग के पेपर पर मोटे-मोटे




अक्षरों में लाल रंग की कलम से 'सीएम बड़गाईं भुइंहरी' लिखा हुआ है. एजेंसी ने ये सभी दस्तावेज सबूत के तौर पर कोर्ट में पेश किए हैं.

**विनोद, पाहन व कच्छप पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं अन्य के खिलाफ ईडी ने बीते 30 मार्च को पीएमएलए कोर्ट में 5500 पन्नों की प्रॉसिक्यूशन कम्प्लेन दायर की है, जिसपर कोर्ट ने संज्ञान भी ले लिया है. पीएमएलए कोर्ट द्वारा संज्ञान लिये जाने के बाद अब आर्किटेक्ट विनोद सिंह, राजकुमार पाहन और हिलेरियस कच्छप पर गिरफ्तारी की तलवार लटकने लगी है. अदालत ने तीनों के विरुद्ध समन जारी करने का निर्देश दिया है. इस केस के प्रमुख आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं.

### ईडी का हाईकोर्ट से आग्रह

## हेमंत की ओर से दर्ज एससी-एसटी केस की सीबीआई जांच हो

**रांची।** ईडी ने झारखंड हाईकोर्ट से उसके अधिकारियों और मीडियाकर्मियों के खिलाफ एससी और एसटी एक्ट के तहत दर्ज करवाए गए मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो ( सीबीआई ) से कराने का आग्रह किया है. दरअसल, 31 जनवरी को ईडी द्वारा गिरफ्तारी से कुछ घंटे पहले झारखंड के तत्कालीन सीएम की ओर से रांची के एससी-एसटी थाने में ईडी अधिकारियों और मीडियाकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी. फिलहाल रांची पुलिस इसकी जांच कर रही है. पुलिस ने सीआरपीसी- 41 ( ए ) के तहत ईडी के सहायक निदेशक कपिल राज, सहायक निदेशक देवव्रत झा, अनुपम कुमार और एक अन्य अधिकारी समेत ईडी अधिकारियों को नोटिस भेजा था और उन्हें पूछताछ के लिए थाना बुलाया था. हालांकि झारखंड हाईकोर्ट ने नोटिस पर रोक लगा दी थी.

### हेमंत हाईकोर्ट की शरण में

## ईडी के कंप्लेन केस में सीजेएम कोर्ट के संज्ञान को दी चुनौती

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी द्वारा दर्ज शिकायत वाद पर रांची सिविल कोर्ट के सीजेएम द्वारा लिए गए संज्ञान और समन जारी करने के आदेश के खिलाफ हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ पिछले दिनों सीजेएम कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए समन जारी किया था. ईडी की कंप्लेन केस पर सुनवाई करते हुए रांची सीजेएम की कोर्ट ने अपने फैसले में प्रथम दृष्टया यह माना है कि हेमंत सोरेन ने ईडी के समन का उल्लंघन किया. ईडी ने 19 फरवरी को शिकायत वाद दर्ज कराई थी. इसके साथ पीएमएलए एक्ट के तहत भी शिकायतवाद दर्ज करवाया है. दरअसल जमीन घोटाले से जुड़े मामले में ईडी ने हेमंत सोरेन को 10 समन जारी किया था. लेकिन हेमंत सोरेन सिर्फ दो समन पर पेश हुए थे.

# मैथन चेकपोस्ट पर कार से 34.75 लाख रुपये जब्त, दो हिरासत में

संवाददाता। मैथन

- पूछताछ में उनलोगों ने अपना नाम अरिंदम चक्रवर्ती और श्रीकांत चौड़रिया बताया.

मैथन चेकपोस्ट पर शुक्रवार सुबह करीब 8 वाहन जांच के दौरान एक टाटा हैरियर कार से पुलिस ने 34.75 लाख रुपये जब्त किए हैं. रुपये ले जा रहे दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है. पूछताछ में उनलोगों ने अपना नाम अरिंदम चक्रवर्ती और श्रीकांत चौड़रिया बताया. दोनों पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर के रहनेवाले हैं और मिनरल ऑयल का व्यवसाय करते हैं. उन्होंने बताया कि रुपये व्यवसाय के हैं और इसी सिलसिले में हजारीबाग जा रहे थे. वहीं, पुलिस का कहना है कि जब्त रुपये कार्टून में भरकर गाड़ी में अलग-अलग स्थान



पर छिपाकर रखे गए थे, जो संदेह पैदा करता है. चुनाव आयोग की टीम रुपयों की जांच कर रही है. हिरासत में लिए गए दोनों व्यक्तियों से गहन पूछताछ की जा रही है और कार भी जब्त कर लिया गया है. ज्ञात हो कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पश्चिम बंगाल की सीमा पर मैथन में अंतरराज्यीय चेकपोस्ट बनाया गया है, जहां वाहनों की 24 घंटे जांच की जा रही है.

## ब्रीफ खबरें

### उपायुक्त ने प्रखंड-सह- अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जामुआर ने प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय विशुनपुरा का औचक निरीक्षण किया. उपायुक्त ने निर्वाचन कार्य की गहन समीक्षा कर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी निर्देशों के अनुपालन कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए . साथ हीं मनरेगा सहित अन्य योजनाओं का भी समीक्षा किया गया. इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विशुनपुरा, अंचल अधिकारी विशुनपुरा, प्रखंड प्रमुख, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी संबंधित अभियंता एवं कर्मी उपस्थित थे.

### अगलगी प्रभावित से मिले पांकी विधायक

**तरहसी(पलामू)।** तरहसी के बेदानी कला गांव स्थित किराना दुकान में अगलगी से सबकुछ जलकर राख हो गया। वहीं घटना की सूचना पाकर पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने घटना स्थल का दौरा किया.पीड़ित दुकानदार संदीप कुमार गुप्ता से मुलाकात की. घटनास्थल का मुआयना के बाद विधायक डॉ मेहता ने कहा कि मंगल पांडे चौक पर स्थित किराना दुकान ही प्रभावित परिवार के जीविका का सहारा था. इस घटना में लगभग पांच लाख का सामान जलकर राख हो गया है. विधायक डा. मेहता ने संदीप कुमार गुप्ता को सरकारी लाभ दिलाने के साथ ही हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया.

### अपराधियों के घर पहुंची पुलिस, चिपकाया इश्तेहार

**मेदिनीनगर।** शहर थाना पुलिस आज ढोल नगाड़ों के साथ कान्दू मोहल्ला स्थित अपराधियों के घर पहुंची. दरअसल तीन मार्च को कान्दू मोहल्ला में श्याम साव नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. श्याम साव हत्याकांड में परिजनों ने पांच आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है. हत्याकांड को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी फरार हैं और पुलिस सभी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है. इसी मामले में शहर थाना पुलिस ने कोर्ट से जारी इश्तेहार सभी आरोपियों के घर चिपकाया.

### पुलिस ने अवैध महुआ शराब भट्ठी ध्वस्त किया

**भवनाथपुर।** थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने आदर्श आचार संहिता का अक्षर सह अनुपालन करते हुए गुरुवार रात गुप्त सूचना पर छापामारी कर थाना क्षेत्र अंतर्गत अरसली उतरी के अमीरगंज टोला स्थित नदी में चल रहे अवैध रूप से संचालित महुआ शराब भट्ठी को ध्वस्त किया. छापामारी के दौरान पुलिस ने 600 किलो जावा महुआ को नष्ट करते हुए करीब 30 लीटर शराब के साथ बनाने का उपकरण जप्त करते हुए अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज किया है. थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि अवैध महुवा शराब बनाने वालो के विरुद्ध लगातार छापामारी जारी रहेगा .

### अवैध नशा के कारोबार में शामिल दो गिरफ्तार

**कांडी।** कांडी थाना क्षेत्र में अवैध नशे का कारोबार करने के मामले में पुलिस ने दो अलग-अलग गांव से गिरफ्तार कर दो लोगों को जेल भेजा है. थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने बताया कि थाना के गांव निवासी प्रदीप कुमार वर्मा को देशी महुआ शराब बेचने के आरोप में जेल भेजा गया है. प्रदीप वर्मा के यहां से 25 लीटर अवैध देशी महुआ शराब भी बरामद किया गया है. वहीं सुंडीपुर गांव निवासी कामेश्वर राम उम्र करीब 63 वर्ष पिता स्व जगदीश राम को गांजा रखने एवं बिक्री करने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया है.

रोजगार की तलाश में बड़ी संख्या में परहिया समुदाय के लोग कर गये पलायन

# अमृतकाल में भी ऐसे लोग हैं जिन्हें वोट का मतलब नहीं पता

**राजीव उरांव। चंदवा (लातेहार)**



देश को आजाद हुए 75 साल से अधिक हो गया. अभी हमने भारत का अमृत महोत्सव मनाया है. या यूं कहें कि अभी हम देश के अमृतकाल में जी रहे हैं. लेकिन विडंबना यह है कि इस अमृतकाल में भी ऐसे लोग हैं जिन्हें वोट का मतलब पता नहीं पता है. हम बात कर रहे हैं चंदवा के उस गांव की जिसे तत्कालीन सांसद सुनील कुमार ने गोद लिया था. उस गांव का नाम है चटुआग. यह कामता पंचायत में आता है. चटुआग ग्राम में आदिम जनजाति परहिया समुदाय के लोग निवास करते हैं.शुभम संदेश के संवाददाता खबर की तलाश में चटुआग गांव के परहिया टोला पहुंचे. गांव सुनसान था. एक्का-दुक्का बच्चे इधर उधर खेल रहे थे. तभी जंगल की ओर से एक 70-72 साल का एक बुजुर्ग व्यक्ति आता दिखायी दिया. उसके कंधे पर कुल्हाड़ी और बगल में तुंबा (सुखे कद्दू का खोल) था. चेहरे से थकान और बेबसी का भाव साफ झलक रहा था. बातचीत के दौरान उसने बताया कि उसका नाम सोमर परहिया है. बता दें परहिया लोग आदिम जनजाति की श्रेणी में आते हैं.

**परहिया जनजाति में शिक्षा का रहा अभाव :** उन्होंने बताया कि परहिया जनजाति में शिक्षा का अभाव रहा है. इस समुदाय के कम ही लोग पढ़े लिखे हैं. जंगल के बांस और जीव जन्तुओं पर आश्रित रहने वाले हैं. उजड़ते जंगल और कम होते जीव जंतु से अपना गुजारा नहीं हो पा रहा है.

**आदिम जनजाति के लोगों का रहन-सहन**

इक्कीसवीं सदी गुजर जाने के बाद भी ये जंगलों पहाड़ों में ही रहना पसंद करते हैं. कल्याण विभाग के द्वारा इनके लिए जंगलों की तराई में ही आवास का निर्माण करवाया गया था. लेकिन योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी. आवास में न तो दीवार, छत की प्लास्टर हुआ, न फर्श बनाए गए और ना ही घरों पर खिड़की और दरवाजे लगाये गये.

**आदिम जनजाति लोगों का खान-पान और मुख्य पेशा**

जंगली कंद मूल खा कर ये अपना जीवन बसर कर सकते हैं. अभी इनको फ्री चावल दाल नमक का लाभ मिल रहा है तो ये चावल का भात बना कर भी इसलिए खाना पसंद कर रहे हैं कि जंगल में कंद मूल का अभाव हो रहा है. जंगलों से खरगोश, कोटरा (जंगली बकरे) जैसे छोटे जीव का शिकार करना तथा बांस की गृह उपयोगी वस्तु बनाना इनका मुख्य पेशा है.

तीन दिवसीय दौरे पर पलामू पहुंचे बाबूलाल, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

# जीत-हार दिल्ली में नहीं बल्कि बूथों से होता है तय: बाबूलाल

**संवाददाता। मेदिनीनगर**



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह आम चुनाव असाधारण है. प्रधानमंत्री मोदी को हराने के लिए भ्रष्टाचारी परिवारवादी पार्टियां एकजुट हुई हैं. विदेशी ताकतें भी उनका साथ दे रही हैं. लेकिन देश की जनता तो मोदी जी के साथ है. इसलिए इस बार भाजपा चार सौ पार करेगी. श्री मरांडी ने कहा कि जीत हार दिल्ली में तय नहीं होता है. जीत हार तो बूथों पर तय होता है. इसके लिए कार्यकर्ता जुट जाएं. इसलिए बूथ कार्यकर्ता मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक जाने के लिए प्रेरित करें.उक्त बातें शुक्रवार को विश्रामपुर नावाडीह कला स्थित आरसीयू के स्टेडियम में भाजपा का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में कही. उन्होंने कहा कि आज रिकॉर्ड रूम में का कागजात चोरी हो गया है. कोई दूसरा नहीं बल्कि झारखंड सरकार ने चोरी करवाया है ताकि दस्तावेज समाप्त हो जाए. उन्होंने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मांग किया है कि इसकी जांच सीबीआई से कराई जाए नहीं तो आने वाले दिन में आपका भी होटवार जेल में ही दिन रात बीतेगा. पलामू सांसद सह भाजपा प्रत्याशी वीडी राम ने कहा कि यह आम चुनाव पिछले चुनावों से बहुत ही अलग है. इस विकास की गति को और तीव्र करने के लिए बीडी राम राम को तीसरी बार भी भारी मतों से जिताना होगा. इसके अलावा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह,पूर्व सांसद घुरन राम,आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी,भाजपा नेत्री संध्या सिंह ने भी सम्मेलन को संबोधित किया. मौके पर विधायक आलोक चौरसिया, डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता, श्याम नारायण दुबे, जवाहर पासवान,प्रेम सिंह, विनोद सिंह, परशुराम ओझा, ओम प्रकाश तिवारी, उपेन्द्र तिवारी, विकाश चौबे मंटू,ज्वाला गुप्ता, गोपाल सोनी, सतीश्वर प्रसाद सिंह, किरण देवी सहित पार्टी के सैकड़ों नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे.

**सात को हुसैनाबाद आएंगे बाबूलाल**

**हुसैनाबाद, पलामू।** हुसैनाबाद अनुमंडल मुख्यालय के जेपी चौक समीप पूर्व उप प्रमुख यमुना सिंह के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई. आगामी सात अप्रैल रविवार को दिन के 11 बजे हैदरनगर में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का आगमन होगा. बैठक की समीक्षा करते हुए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह व रामप्रवेश सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्षों के अलावे 341 बूथों के कार्यकर्ताओं को विभिन्न माध्यमों से सूचना दे दी गई है. उन्होंने कहा कि हरिहरगंज, पिपरा, उर्दवार, हुसैनाबाद शहरी व ग्रामीण, हैदरनगर व मोहम्मदगंज के मंडल अध्यक्षों ने 200 से अधिक वाहनों से ग्रामीण समर्थक व ग्रामीणों को चुनावी जनसभा में लाने के लिए संकल्प लिया गया है.

### महुआडांड़ में 72 घंटे से ब्लैक आउट, बढ़ी परेशानी

**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रखंड में पिछले 72 घंटे से बिजली सेवा बाधित है. इस उमस भरी गर्मी में लोग परेशान दिख रहे हैं. लोगों के सभी इलेक्ट्रिकल चीजें बेकार पड़ी है. लोग गर्मी में इधर उधर पेड़ का सहारा ले रहे हैं. विशेषकर सभी दुकानदार जो जूस व ठंडी वस्तुएं बेचने को बैठे हैं, उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. प्रखंड के परहाटोली, डुमरडीह, चुटिया, बोहटा, बांसकर्चा, हामी, रेंगाई, विश्रामपुर, चैनपुर इत्यादि गावों में बिजली पूरी तरह से बाधित है. आमतौर पर कही जाय तो प्रखंड में अबतक कभी भी बिजली सेवा ठीक ढंग से नहीं दी जाती है. जो कि विभाग की घोर लापरवाही का नतीजा है.

### पांच खपड़ैल मकानों में लगी आग, जलकर राख

**कांडी।** थाना क्षेत्र के ग्राम बलियारी के टोला सोनपुरा निवासी महेशी राम के पुत्र विजय राम, राम पवन राम, राम गहन राम के पुत्र संजय राम, मंदीप राम के पुत्र कमलेश राम, प्रेम राम के खपड़ैल मकान में शुक्रवार की शाम में अचानक आग लग गई. जिससे पांच लोगों का घर जल कर राख हो गया. इस आगजनी में घर में रखे अन्न, वस्त्र, बेड, पैसा, गहना एवं आवश्यक दस्तावेज जलकर राख हो गया. इस आगजनी से लगभग पांच लाख की सम्पत्ति का नुकसान हुआ है. इस संबंध में भुक्तभोगी ने बताया कि हम सभी लोग अपने खेतो काम करने गए थे. उसी दौरान घर में आग की लपटें देखकर ग्रामीणों ने शोर कर आगजनी के बारे में बताया. घर में आग कैसे लगी उसकी जानकारी नहीं हो पाई. ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया. तब तक घर जलकर राख हो गया.

तापमान बढा, जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

# बढ़ती गर्मी से सावधानी व बचाव जरूरी: उपायुक्त

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

गर्मी का मौसम शुरू होते ही जिले में तापमान बढना शुरू हो गया है जिससे गर्मियों में होने वाली परेशानियों का खतरा भी बढ़ गया है. गर्मियों में लोगों के साथ डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, चिड़चिड़ापन, हीट स्ट्रोक जैसी समस्या हो सकती है और इसे लेकर पलामू जिला प्रशासन ने विशेष एहतियात बरतने को लेकर एडवाइजरी जारी की है. उपायुक्त शशि रंजन ने बताया कि गर्म हवाएं व लू से शारीरिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है,जिससे किसी व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है. उन्होंने सभी जिलेवासियों से धूप में घर से बाहर निकले समय हल्के रंगो के ढीले सूती कपड़े पहनने, चश्मा व छाता रखने तथा गमछा ओढ़कर ही घर से निकलने की अपील की है. उन्होंने कहा कि गर्मी के स्ट्रोक, गर्मी के दाने या गर्मी से ऐंठन जैसे कमजोरी, चक्कर आना, सिर दर्द, मितली और दौरे के लक्षणों को पहचाने यदि आप थकान व कमजोरी व बीमार जैसा महसूस कर रहे है तो तत्काल चिकित्सक से परामर्श करें. इसके अलावा उन्होंने सभी से नमक-चीनी का घोल, छाछ, नींबु-पानी, आम का शर्बत, लस्सी, तरबूज, खरबूजा, खीरा व ककड़ी का नियमित रूप से सेवन करने की भी अपील की है. साथ ही गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए धूप से सीधे संपर्क में आने से परहेज करने, सन बर्न से बचने के लिए छतरी, टोपी और ठंडा पानी साथ लेकर चलने, लिक्विड डाइट का ज्यादा सेवन करें और जितना ज्यादा हो सके उतना लिक्विड डायट का प्रयोग करने ताकि शरीर में पानी की कमी ना हो. मसालेदार भोजन के अलावा गर्मी में लू,हीट स्ट्रोक से बचने के लिए घर का बना फ्रेश खाना खाने आदि की अपील की है.

### लायंस क्लब मेदिनीनगर का योग शिविर आज से

**मेदिनीनगर।** स्थानीय विनायक चाइल्ड हॉस्पिटल में लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के सदस्यों ने बैठक की. बैठक में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के साथ ही आसन्न लोकसभा चुनाव में मतदाता जागरूकता तथा अपनी सहभागिता से वोट का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से योग शिविर आयोजन की बात कही गई. लाइनस डॉ श्वेता शेखर ने बताया कि पतंजलि की योग प्रशिक्षिका ममता दीदी द्वारा योग का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसका लाभ महिला पुरुष एवं बच्चे ले सकेंगे. योग शिविर की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है और यह 6 से 8 अप्रैल तक प्रातः 6 बजे से 7:15 बजे तक स्थानीय शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ गौरव विशाल एवं डॉ श्वेता के विनायक चाइल्ड हॉस्पिटल परिसर में निःशुल्क आयोजित होगा. बैठक में मुख्य रूप से सचिव आमुक प्रियदर्शी, सुमित पाठक, निलेश चंद्र, राघवेंद्र सिंह, डॉ गौरव विशाल, नवीन पांडे एवं रणजीत मिश्रा उपस्थित थे.

डीसी ने किया बरवाडीह के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त



**संवाददाता। बरवाडीह (लातेहार)**

जिला निवार्चन पदाधकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह ने कहा कि निवार्चन कार्य में किसी प्रकार की कोई लापरवाही या कोताही कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी. उपायुक्त शुक्रवार को बरवाडीह प्रखंड के मतदान केंद्र व कलस्टरों का निरीक्षण करने के दौरान उक्त बातें कहीं. उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में मतदान संपन्न कराना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है और इसे सफल बनाने में सामूहिक सहयोग आवश्यक है. उपायुक्त ने अपने निरीक्षण के दौरान कलस्टर में सेक्टर दंडाधिकारी व मतदान कर्मियों के आवासन को लेकर की गई व्यवस्था का जायजा लिया. केंद्र पर पेयजल व शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था की जांच की और केंद्र परिसर की साफ–सफाई का कराने का निर्देश दिया. कहा कि कहा कि मतदान कर्मियों की सुविधा में किसी प्रकार की कमी नहीं होना चाहिए. उन्होंने जरूरत अनुसार सुरक्षा बलों को प्रतिनियुक्त करने एवं क्षेत्र में गश्ती बढ़ाने का निर्देश दिया. आम लोगों को लोकतंत्र के इस महापर्व में अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने को लेकर प्रेरित करने का निर्देश दिया.

**आस्था**

जिला मुख्यालय समेत जिले के सभी प्रखंडों के मस्जिदों में उमड़ी भीड़

# अकीदतमंदों ने अदा की अलविदा जुमे की नमाज

**संवाददाता। लातेहार**



जिला मुख्यालय समेत जिले के सभी प्रखंडों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने शुक्रवार को अलविदा जुम्मा की नमाज अदा की. इस मौके न सिर्फ शहरी वरन ग्रामीण क्षेत्रों के मस्जिदों में काफी भीड़ भाड़ देखी गयी. शहर के अंबाकोठी स्थित जामा मस्जिद में मौलाना नौशाद आलम, मिल्लत मस्जिद अमवाटीकर में मौलाना सफीउल्लाह अमजदी, जामा मस्जिद, डुरूआ में हाफिज मुनीरूद्दीन रिज़वी और मौला अली मस्जिद, रेलवे स्टेशन में मुफ्ती मोदस्सिर अमजदी ने अलविदा जुमा की नमाज़ पूरी करायी. मौके पर ईद की नमाज के लिए भी समय का निर्धारण किया गया. ईद के दिन जामा मस्जिद लातेहार में सुबह 8.30 बजे, मिल्लत मस्जिद अमवाटीकर में आठ बजे, करकट मस्जिद में 8.15 बजे, मौला अली मस्जिद रेलवे स्टेशन में 7.45 बजे और डुरूआ जामा मस्जिद में आठ बजे नमाज अता की जायेगी. अलविदा जुमा की नमाज अदा करने के लिए भारी संख्या में रोजेदार मस्जिदों में दिखायी पड़े.

**नमाज अदा करने वालों का उमड़ा हुजूम**

बालूमाथ में भी पूरे अकीदत और एहतेराम के साथ मुस्लिम धर्मावलंबियों ने पवित्र माह–ए–रमजान के अलविदा का नमाज़ अदा किया. अलविदा रमज़ान के आखिरी जुमे को अदा की जाने वाली विशेष नमाज को कहा जाता है. शहरी क्षेत्र के छः मस्जिदों सहित इटके, मुरपा, शेरेगाडा, बालू, मासियातु, सालवे, फूलसु, बारियातू समेत अनेक जगहों पर अलविदा के मौके पर नमाज़ अदा करने वालों का हुज़ूम देखा गया. बड़ी संख्या में लोग नमाज में शामिल होकर मुल्क, राज्य व अपने मक़ाम की हिफाज़त, तरक़्क़ी व अमन व शान्ति की दुआ मांगी. जामा मस्जिद के खतीब व इमाम मौलाना मज़हर ने अपने तक़रीर में कहा कि इस्लाम के बुनियादी उसूलों में तौहीद और नमाज़ के साथ रोज़ा और ज़कात अदा करने का सवाब अल्लाह इस महीने में सत्तर गुना बढ़ा देता है. तय किया गया कि बालूमाथ ईदगाह में सुबह नौ बजे ईद–उल–फ़ितर की नमाज़ अदा की जाएगी. अंजुमन सुब्हानुल मुस्लिमीन ने बैठक कर ईद की नमाज़ मुकार्रर कर इसका एलान कर दिया है.

### पुलिस ने तीन जुआरियों को दबोचा,भेजे गये जेल

**भवनाथपुर।** थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने गुप्त सूचना पर एचपी गैस गोदाम के पीछे एक निर्माणाधीन मकान में अवैध तरीके से जुआ खेलने के दौरान तीन जुआरियों को पकड़ा. पुलिस ने पकड़े गए जुआरियों के पास से 71 हजार 100 रुपये नगद, चार पैकेट तास के पत्ते और मोबाइल फोन को जप्त करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गए है. पकड़े गए जुआरियो में खरौंधी के सुधीर जायसवाल, भवनाथपुर बाजार निवासी आनंद साह व चपरी निवासी अमलेश साह का नाम शामिल है. थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर एचपी गैस गोदाम के पीछे एक बाउंड्री में छापामारी की गई, जहां पर आधा दर्जन जुआरी जुआ खेलते पकड़े गए है. जुआरियों के पास से नगद राशि 71100 रुपये जब्त किया गया.

## न्यूज अपडेट

### मन से कलह को निकालना ही कलश यात्रा : अविनाश



**मेदिनीनगर।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में चार दिवसीय 24 कुंडीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में श्री अविनाश देव ने शामिल हुआ. हरिद्वार से आए मुख्य प्रवक्ता अंगवस्त्र फूलमाला देकर स्वागत किए. मां गायत्री के तस्वीर पर दीप प्रज्वलन कर दीप यज्ञ की शुरुआत किए. हजारों सुधि श्रोता गायत्री परिवार से जुड़े भाई बहनों को संबोधित करते हुए श्री देव ने कहा कि यज्ञ की शुरुआत माथे पर कलश रख कलश यात्रा से हुई. कलश यात्रा की सार्थकता तब होगी जब मन से कलह निकलेगा. आपसी समन्वय से प्रेम के गीत गाते दया और करुणा का भाव जगाना है एवं भारत को विश्व गुरु बनाना है.

### ग्राम प्रधान के अधिकार के लिए संघर्ष करेंगे: तिवारी



**लातेहार।** राष्ट्रीय सड़क मार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के सड़क सुरक्षा संगठन परिषद के सदस्य रविंद्र नाथ तिवारी ने यहां आयोजित एक प्रेस वार्ता में कहा कि पंचायती राज और ग्राम प्रधान के अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष और लड़ाई लड़ेंगे. ग्रामीणों को ग्राम सभा का महत्व को बतायेंगे.जो पंचायती राज के हिमायती होगा, ग्राम सभा को उसका अधिकार दिलायेगा, उसी को हमारे समर्थक व सहयोगी लोग सहयोग करेंगे. प्रेस वार्ता में डुड़ंगी कला के ग्राम प्रधान व पूर्व मुखिया गुर्जर उरांव, परसही ग्राम के ग्राम प्रधान दामोदर सिंह,कीनामाड़ ग्राम प्रधान रामा भगत, हुटार के ग्राम प्रधान राम लगन सिंह और ओदान के ग्राम प्रधान प्रजापति के अलावा अमित व कौशल तिवारी सहित कई लोग शामिल थे.

### महिला थाना प्रभारी ने चलाया जागरूकता अभियान



**गुमला ।** गुमला महिला थाना प्रभारी अंकिता कुमारी ने शहर के महिला कॉलेज व कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में शुक्रवार को जागरूकता अभियान चलाया और सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने में छात्राओं को सहयोग करने की अपील की. कहा कि गांवों में अंधविश्वास, डायन प्रथा, मानव तस्करी, साइबर अपराध, नशा पान जैसे सामाजिक कुरीतियों के कारण आए दिन अपराध होते रहते हैं. नाबालिग बच्चियां ठगी व तस्करी के शिकार हो रहे हैं. डायन बिसाही के नाम पर वृद्ध महिला, पुरुषों की हत्या हो रही है. भोले भाले जनता को साइबर अपराधी अपने जाल में फंसा कर रुपये ठग रहे हैं.

### लातेहार भाजपा महिला मोर्चा की बैठक संपन्न



**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी, महिला मोर्चा की एक बैठक भाजपा कार्यालय में महिला मोर्चा अध्यक्ष शीला देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी. बैठक में झारखंड प्रदेश के सह संयोजक और कलस्टर प्रभारी सीमा शर्मा के अलावा सह प्रभारी सरिता पांडेय, भाजपा अध्यक्ष पंकज सिंह, उपाध्यक्ष राकेश दुबे, चतरा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह व लातेहर जिला संगठन प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा मौजूद थे. बैठक में लोकसभा 2024 के चुनाव को लेकर महिला संपर्क अभियान की समीक्षा की गयी.

### बरवाडीह में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया



**बरवाडीह(लातेहार)।** स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने हेतु सदर प्रखंड में कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है. इसके तहत प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार के नेतृत्व में प्रखंड के डीलरों ने जागरूकता रैली का आयोजन किया. रैली के माध्यम से मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया. इस दौरान नवीन तथा पुराने मतदाताओं के पास पहुंच कर उनसे मतदान के दिन नजदीकी बूथों पर अवश्य पहुंचने की बात कही गई.नवीन मतदाताओं को इपिक वितरण भी इस दौरान किया गया.

### कमेटी ने जनरल अध्यक्ष को किया सम्मानित



**मेदिनीनगर।** मोहर्रम इंतजामिया कमेटी ने गुरुवार की शाम छोटी मस्जिद के पास आयोजित कार्यक्रम में श्री महावीर नवयुवक दल के जनरल पंकज कुमार जायसवाल को पगड़ी माला पहनाकर सम्मानित किया. पगड़ीपोशी के बाद मोहर्रम इंतजामिया कमेटी अध्यक्ष शहरयार अली ने कहा कि हम सभी दोनों समुदाय के लोग एक-दूसरे का पर्व मिलजुल कर उत्साह के साथ मनाते रहे हैं और आगे भी ऐसा ही होता रहेगा. मौके पर नसीम खान, असगर हुसैन, सन्नू खान, नेयाजू खान, नन्हे खान, जाबिर खान, अहमद खान, विक्की राइन, अब्बास खान, रानू समद, समेत काफी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित थे.

### 303 सूक्ष्म प्रेक्षकों को मिला चुनाव प्रशिक्षण



**पलामू।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू शशि रंजन के आदेशानुसार जिला स्कूल मेदिनीनगर में तीन सौ तीन सूक्ष्म प्रेक्षकों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया. इस मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने कहा कि सूक्ष्म प्रेक्षक मतदान केन्द्रों पर चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मतदान प्रक्रियाओं के कार्यान्वयन का प्रेक्षण करते हैं. जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह व अमरेन्द्र पाठक ने प्रशिक्षण का अनु समर्थन किया. मास्टर ट्रेनर देवेन्द्र मिंज, दिलीप कुमार पाठक, रामप्रवेश शर्मा, श्यामलाल उरांव, नसीम अहमद, रवीन्द्रनाथ सिंह, देवेश कुमार पाण्डेय, नन्द किशोर कुमार, आलोक कुमार, आलोक तिवारी, संजय सिंह, विजेन्द्र गुप्ता, गोविंद प्रसाद, वीरेन्द्र सिंह व संजय पाण्डेय के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया.

### सना बुटीक, कॉस्मेटिक एंड गिफ्ट गैलरी का उद्घाटन



**बरवाडीह (लातेहार)।** स्थानीय पंचमुखी शिव मंदिर द्वार के पास गोविंद कॉम्प्लेक्स में सना बुटीक, कॉस्मेटिक एंड गिफ्ट गैलरी का शुभारंभ किया गया. उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने फीता काटकर किया. संचालक जावेद खान ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान में बच्चों से ले कर बड़ों के लिए हर प्रकार की रेडिमेड व कॉस्मेटिक आइटम उपलब्ध हैं. मौके पर सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, भाजपा मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद, उपाध्यक्ष सुनील सिंह, जितेंद्र कुमार सिन्हा,अधिवक्ता रवि कुमार, मौलाना शेखावत, मजहर आलम और दीपक विश्वकर्मा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे.

### दावनकारा आंगनबाड़ी केंद्र निरंतर रहता है बंद



**मझिआंव।** केंद्र सरकार द्वारा मझिआंव प्रखंड को आकांक्षी प्रखंड चयन किया गया है, ताकि प्रखंड क्षेत्र और विकसित हो जिसको लेकर तरह-तरह के विकास कार्यों को धरातल पर उतरा जा रहा है. लेकिन इसी बीच ग्रामीणों ने आवाज उठाया कि दावनकारा राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रांगण में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पूरी तरह बंद रहता है. इसके साथ-साथ आंगनवाड़ी केंद्र में छोटे-छोटे बच्चों एवं नौनिहालों हेतु कोई विधि व्यवस्था नहीं है. यहां तक कि आंगनबाड़ी केंद्र की स्थिति जर्जर है. ग्रामीणों की जानकारी के बाद जब पहुंचा तो देखा कि सहायिका चंद्रावती देवी दो छोटे-छोटे बच्चों के साथ मौजूद थीं .

ब्रीफ खबरें

## दूध गाड़ी व बाइक की टक्कर , एक की मौत

**नोवामुंडी।** जगन्नाथपुर नोवामुंडी मुख्य मार्ग पर अमुल दुध पिकअप वेन एवं मोटरसाईकिल के भिड़ंत में मोटरसाइकिल चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. मिली जानकारी के अनुसार जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के तोड़ांगहातु निवासी शंभू चरण दास अपने मोटरसाइकिल से अपनी पत्नी को लोकेसाई अपनी बहन के घर पहुंचाकर वापस अपने घर तोड़ांगहातु लौट रहा था. तभी बड़ानन्दा पहुंचने के क्रम में विपरीत दिशा से आ रही अमूल दूध का पिकअप वैन गाड़ी का चालक को नींद की झपकी आने के कारण अनियंत्रित होने से पिकअप वेन की चपेट में मोटरसाइकिल चालक आ गया.

## मानकी मुंडा संघ ने की मासिक समीक्षा बैठक

**मझगांव।** मझगांव प्रखंड अंतर्गत मानकी-मुंडा संघ भवन परिसर में शुक्रवार को मझगांव प्रखंड मानकी-मुंडा संघ का मासिक समीक्षा बैठक संघ अध्यक्ष युगल किशोर पिंगुवा के अध्यक्षता में आयोजित की गई. प्रखंड क्षेत्र से आए मानकी-मुंडा को संबोधित करते हुए संघ के श्री पिंगुवा ने कहा कि शिक्षित समाज बनाने के लिए सभी मानकी मुंडा अपने गांव क्षेत्र के शिक्षा के अभाव से ही गांव में समाज विरोधी गतिविधियों को बल मिलता है. इन्हें रोकना अति आवश्यक है. जिसके लिए बच्चों को हर हाल में विद्यालय तक पहुंचाना जरूरी है.

## हवन पूजन के साथ स्कूल के नये सत्र की शुरुआत

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर प्रखंड की सिलफोड़ी पंचायत के जलवे देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शुक्रवार को हवन पूजन का आयोजन किया गया. इस हवन पूजन में विद्यालय के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र महतो ने कहा कि हवन हमारी धार्मिक संस्कृति व सभ्यता से भी जुड़ा है.पूर्व में गुरुकुल में होने वाले पठन-पाठन से पूर्व रोजाना हवन किया जाता था. इसे लेकर ही विद्यालय के नये सत्र के शुरुआत से पहले हवन पूजन किया गया. मौके पर प्रबंधन समिति सचिव नकुल महतो, शिक्षिका रश्मि रानी, ज्योति रानी, पिंकी जामुदा आदि मौजूद थे.

## रामनवमी कमेटी के सचिव बने सुमन मंडल

**बहरागोड़ा।** श्री श्री रामनवमी पूजा को लेकर कमेटी का बैठक शुक्रवार को लाइसेंसी तरुण कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित हुई .इस दौरान राम नवमी पूजा शांति पूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया . वहीं इसके साथ सर्वसम्मति से कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सचिव के रूप में सुमन कल्याण मंडल को बनाया गया. साथ ही कार्यकारी अध्यक्ष निर्मल दुबे, संरक्षक तपन कुमार ओझा, संयोजक मिंटू पाल, कोषाध्यक्ष सनत भगत, लाइसेंसी तरुण कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष निर्मलेंदु माइति, कुणाल शीट, नारायण राणा,यदुपाति राणा को बनाया गया.

## बागबेड़ा में एलबीएसएम के छात्र ने लगाई फांसी

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बागबेड़ा थाना अंतर्गत जटा झोपड़ी निवासी 18 वर्षीय बाजू मार्डी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. जानकारी मिलने पर परिजन उसे फंदे से उतारकर टीएमएच लेकर पहुंचे. वहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.शुक्रवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया. परिजनों ने बताया कि बाजू मार्डी एलबीएसएम कॉलेज में पार्ट वन का छात्र था. गुरुवार दोपहर वह अपने कमरे में था. इसी दौरान उसने कमरे में पंखे के सहारे फांसी लगा ली.

### अरबी नज़्म 'अलविदा अलविदा या शहर-ए-रमजान...' से मंत्रमुग्ध हुआ घाटशिला


# सभी मस्जिदों में अदा की गई अलविदा जुम्मे की नमाज

संवाददाता। घाटशिला



25 वें रमजान के आखिरी जुमा यानी अलविदा जुमा की नमाज शुक्रवार को घाटशिला के सभी मस्जिदों में अदा की गई. इसमें बहुत से मस्जिद में अरबी में एक नज़्म भी पढ़ी गई, 'अलविदा अलविदा या शहर ए रमजान' जिसमें हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया साथ ही रमजान के जाने का गम भी उसे सताने लगा. उर्दू के उस्ताद डॉ कमर अली ने बताया कि इधर कुछ दिनों से बहुत ही शदीद गर्मी पड़ रही है ऐसे में रोजदारों का प्यास से बुरा हाल है. लेकिन सारे मुसलमान यह सोच कर काफी खुश हैं कि जितने ज्यादा उन्हें तकलीफ होगी अल्लाह ताला उन्हें उतना ही ज्यादा सवाब देंगे. साथ ही डॉ कमर अली ने कहा कि भूख और प्यास की शिद्दत जब आदमी के अंदर होती है तब उन गरीबों को समझने का मौका मिलता है जो रोजाना तीनों वक्त भरपेट भोजन नहीं कर पाते या कभी अच्छा भोजन नहीं कर पाते. रोजेदार जिंदगी में भी खुशहाल होता है और आखिरत में भी कामयाब होता है. रोजा से अपने देश और समाज की अच्छी तरह से सेवा करने की प्रेरणा मिलती है. रमजान त्याग और बलिदान का प्रतीक है. रमजान में हम सब कुछ अपना न्योछावर कर देना चाहते हैं. उल्लेखनीय है कि इस बार 75 रुपया प्रति व्यक्ति फितरा निकलना था साथ ही रमजान में ही सबसे ज्यादा जकात निकाला जाता है. जकात 2.5 प्रतिशत सालाना होता है. जकात रखे हुए माल पर होता है जो आदमी के आय का एक्स्ट्रा स्रोत है. इसी के कारण गरीबों के घरों में बच्चे बड़े बूढ़े सभी नए कपड़े पहन पाते हैं.

### 41 डिग्री की तपिश में अदा हुई अलविदा जुमे की नमाज



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में रमजान के महीने के आखिरी जुमे की नमाज के दौरान मस्जिदों में रोजेदारों की भीड़ रही. साकची जामा मस्जिद में हजारों की संख्या में नमाजियों ने जुमा की नमाज अदा की. रोजेदारों ने नम आंखों से रमजान को अलविदा कहा. दुआ हुई कि परवरदिगार आलम अगले साल ये पाक महीना फिर सबको अता फरमाए. इस दौरान जुमा की आखिरी नमाज साकची जामा मस्जिद, मस्जिद-ए-रहमान साकची, आमबगान मस्जिद, धतकीडीह मस्जिद, मक्का मस्जिद, शास्त्रीनगर की फारुखी मस्जिद, शास्त्रीनगर की अहले हदीस मस्जिद, मानगो में बारी मस्जिद, मदीना मस्जिद, जाकिर नगर की शिया उम्मे खलील जामा मस्जिद, इमाम हुसैनी मस्जिद, ओल्ड पुरुलिया रोड की अहले हदीस मस्जिद, एकरा कॉलोनी मस्जिद, कपाली की मस्जिद-ए-हाजरा, बागानशाही मस्जिद, शबीना मस्जिद, मस्जिद-ए-उम्मे जमील कपाली आदि में पढ़ी गई.

### शिक्षकेतर कर्मचारियों के इंक्रीमेंट में भी समस्या उत्पन्न हो रही है

# कोल्हान विश्वविद्यालय के शिक्षकेतर कर्मियों को नहीं मिल रहा एरियर

संवाददाता। चाईबासा



कोल्हान विश्वविद्यालय के शिक्षकेतर कर्मचारियों का समस्या का समाधान अब तक नहीं हो पाया है. पिछले कई वर्षों से एरियर का राशि नहीं मिल पाया है. साथ ही इंक्रीमेंट में भी समस्या उत्पन्न हो रही है. जिसको लेकर झारखंड विश्वविद्यालय और महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के बैनर तले शुक्रवार को कोल्हान विश्वविद्यालय के शिक्षकेतर कर्मचारी कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त सह कोल्हान विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति हरिप्रसाद केसरी से मुलाकात कर अपनी समस्याएं रखें. इस दौरान कर्मियों ने कहा कि लगातार मांग करने के बावजूद भी हमारी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है. सातवें वेतनमान का बकाया भुगतान यथा शीघ्र किया जाए. जिसके कारण कर्मियों आर्थिक स्थिति खराब हो गई है.

इस दौरान के कर्मचारियों ने कहा कि लंबे समय से एरियर का भुगतान अभी तक नहीं हुआ है. जिससे स्थिति खराब हो चुकी है. इसके अलावा कई कर्मचारी ऐसे हैं जिनका अभी तक पदोन्नति की भी समस्या लंबित है. उन कर्मचारियों की भी पदोन्नति किया जाए. कोल्हान विश्वविद्यालय में लगातार नॉन टीचिंग स्टाफ की समस्या बढ़ते जा रही है. लेकिन इनका समाधान नहीं हो पा रहा है. कुलपति से मांग किया कि यहां के कर्मचारियों का समस्याओं से अवगत होकर सरकार को अवगत करायें ताकि हमारा समस्या का समाधान हो सके. इस दौरान कोल्हान विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति हरिप्रसाद केसरी ने कहा कि सभी कर्मियों का समस्याओं को गंभीरता से लिया जाएगा. सरकार के पास सभी पत्र भेज दी जाएगी. ताकि समस्या का समाधान हो सके. मालूम हो कि कोल्हान विश्वविद्यालय में स्थाई कुलपति नहीं आने के कारण कई मामले कई समस्याओं का समाधान स्थाई रूप से नहीं हो पा रहा है. मौके पर मुख्य रूप से राजेश कुमार शुक्ला, आरके सिन्हा, श्रीनिवास पांडे, रमेश चंद्र ठाकुर, सत्य प्रकाश के अलावा काफी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे.

**ये हैं मुख्य मांगें**

- सातवें वेतनमान के लिए दिए गए अग्रिम राशि अभी आधा कटा जाए
- एसीपी/एमसीपी अभिलंब लागू करते हुए शीघ्र भुगतान किया जाए
- पुरानी पेंशन यथा शीघ्र लागू किया जाए
- राज्य सरकार के निर्देशानुसार स्वास्थ्य बीमा को शीघ्र लागू किया जाए
- चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी का ग्रेड पे एरियर का भुगतान शीघ्र किया जाए
- चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी के अर्जित अवकाश की गणना तृतीय वर्गीय कर्मचारी के अनुरूप 33 दिन किया जाय
- कृतकारी भत्ता सातवें वेतनमान अनुरूप दिया जाए, पूर्व के समय से 10% दिया जा रहा है फिलहाल 20% किया जाए
- कोल्हन विश्वविद्यालय के मुख्यालय में प्रतिनियुक्ति तृतीय व चतुर्थ वर्ग कर्मचारी बट्टा की वार्षिक बढ़ोतरी किया जाए

**खास बातें**

- सातवें वेतनमान का बकाया भुगतान जल्द करने की मांग
- केयू के कुलपति से कर्मियों ने की मुलाकात,सौंपा ज्ञापन

### योग विभाग की छात्राएं पतंजलि विवि से इंटर्नशिप कर लौटी



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के योग विभाग की छात्राओं ने अपनी इंटर्नशिप पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार से पूरी की . एमए योग पाठ्यक्रम की पूर्णता के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत उन्होंने पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार जाकर अपना इंटर्नशिप पूरा किया . विश्वविद्यालय और पतंजलि विश्वविद्यालय के बीच एमओयू के तहत अपने ज्ञान की वृद्धि के लिए प्रत्येक वर्ष योग विभाग की छात्राएं इंटर्नशिप के लिए हरिद्वार जाती हैं . वहां छात्राओं ने प्राकृतिक चिकित्सा, पंचकर्म चिकित्सा, एक्यूप्रेशर चिकित्सा एवं योग चिकित्सा से संबंधित विभिन्न जानकारियां हासिल की .

## कोल्हान आयुक्त ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**चक्रधरपुर।** आम चुनाव को लेकर प्रशासनिक अधिकारी पूरी तैयारी में जुटे हुये है.13 मई को होने वाले मतदान के मद्देनजर बूथों को दुरूस्त किया जा रहा है, साथ ही अधिकारियों द्वारा समय-समय पर बूथों का निरीक्षण भी किया जा रहा है.लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को कोल्हान आयुक्त हरि कुमार केशरी चक्रधरपुर पहुंचे. इस दौरान उन्होंने चक्रधरपुर के विभिन्न मतदान केन्द्रों का जायजा लेकर अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए. चक्रधरपुर पहुंचने पर कोल्हान आयुक्त ने रेलवे मिश्रित उच्च विद्यालय, कारमेल उच्च विद्यालय, डाक बंगला, पीडब्लयूडी कार्यालय समेत अन्य मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया.निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केन्द्र के भवन की स्थिति, शौचालय, पानी की सुविधा, मतदान केन्द्रों तक पहुंचने के रास्ते इत्यादि को देखा.

## अनाथ बच्चों को प्रेस क्लब ने भेंट किया वाटर कूलर

**आदित्यपुर।** 42 डिग्री तापमान में रह रहे कांड्रा के डुमरा गांव स्थित आशा सेंटर के अनाथ बच्चों को प्रेस क्लब ने शुक्रवार को दो वाटर कूलर सौंपा है. कल गुरुवार को प्रेस क्लब ने अपने तीसरे स्थापना दिवस पर आश्रम में रह रहे 35 बच्चों के लिए कूलर देने की घोषणा की थी. बता दें कि यह सेंटर उन अनाथ बच्चों के लिए वरदान है जिनके माता पिता किसी कारणवश दुनिया में नहीं हैं. गुरुवार को अपना प्रेस क्लब ने इन्हीं अनाथ बच्चों के संग तीसरा स्थापना दिवस मनाया था, उन्हें कई उपहार दिए गए थे. इस मौके पर बच्चों को गर्मी में झुलसते देख क्लब के सदस्यों ने बच्चों को कूलर देने की घोषणा की थी. इसी वायदे के तहत शुक्रवार को क्लब ने दो वाटर कूलर बच्चों को सौंपा है.

### जूनियर ब्वायज ने उद्घाटन मैच जीता

# 10वां फ्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



संवाददाता। किरीबुरु

लूजर्स क्लब एवं मेघाहातुबुरु खदान प्रबंधन के संयुक्त तत्वावधान में 10 वां फ्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सीजीएम आर पी सेलबम, विशिष्ट अतिथि महिला समिति की अध्यक्ष स्टेला सेलबम, सीएमओ डॉ नंदी जेराई, महाप्रबंधक योगेश प्रसाद राम, महाप्रबंधक भी के सुमन, सहायक महाप्रबंधक अवधेश कुमार,अजीत कुमार, कुवंर वीरेंद्र बहादुर आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त एवं बल्लेबाजी कर किया. प्रतियोगिता का उद्घाटन व प्रदर्शनी मैच छोटे- छोटे मासूम बच्चों की दो टीमों जूनियर ब्वायज एवं जूनियर स्टार लाइन के बीच खेला गया. पहले बल्लेबाजी करते हुए जूनियर स्टार लाइन ने आठ ओवर में दो विकेट खोकर 53 रन बनाया. इसमें सलमान ने 25 रन का योगदान दिया. लक्ष्य का पीछा करने उतरी जूनियर ब्वायज ने पांच ओवर में दो विकेट खोकर जीत प्राप्त किया. इसमें प्रतीक ने 26 एवं विशाल ने 16 रन का योगदान दिया. दूसरे मुकाबले में नाइट किंग ने शिवाजी आरडी क्लब को 22 रनो से पराजित किया. पहले बल्लेबाजी करते हुये नाइट किंग ने 10 ओवर में सात विकेट खोकर 89 रन बनाया.

# पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गलत तरीके से फंसाया है : डॉ शुभेन्दू महतो

संवाददाता। आदित्यपुर



सरायकेला झामुमो जिलाध्यक्ष डॉ शुभेन्दू महतो जमशेदपुर से महागठबंधन के प्रत्याशी हो सकते हैं. वे अचानक गुरुवार को बिष्टुपुर स्थित चूनाबाबा शाह के दरबार पहुंच और वहां मत्था टेका. मौके पर पत्रकारों के सवाल पर बोले अगर आलाकमान का फैसला हुआ तो मैं चुनाव लड़ने को तैयार हूं और उनका फैसला शिरोधार्य होगा. उन्होंने कहा कि वे यहां शीघ्र हेमंत सोरेन के जेल से बाहर आने की मन्नत मांगने आये हैं. बता दें कि डॉ शुभेन्दू महतो हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद से जूते चप्पल का परित्याग कर नंगे पांव चल रहे हैं. डॉ शुभेन्दू महतो झारखंड आंदोलनकारी रहे हैं. वे वर्तमान में सरायकेला का जिलाध्यक्ष के साथ 20 सूत्री के जिला उपाध्यक्ष भी हैं. उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के इशारे पर ईडी ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गलत तरीके से फंसाया है और जेल में डालने का काम किया है. इससे भाजपा के दोहरा चरित्र उजागर हो चुका है. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को जेल में जाने के बाद से वर्तमान मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत्व में भी झारखंड के विकास के लिए काफी बेहतर काम हो रहे हैं और वंचित व जरूरतमंद लोगों तक विकास की किरण पहुंच रही है. उन्होंने कहा कि आगे भी झारखंड वासियों का सही तरीक़े से कल्याण होता रहे यही चुनाबाबा शाह से कामना करने आया हूं. डॉक्टर शुभेंदु ने कहा कि जमशेदपुर सीट पर महागठबंधन का प्रत्याशी कौन बनेगा यह आलाकमान तय करेगा. उन्होंने कहा कि इसके लिए पार्टी का हाई कमान गंभीरता से विचार कर रही है, लेकिन जो भी होगा मेरे समझ से वह झामुमो पार्टी का कोई सच्चा सिपाही ही होगा. जो पार्टी के नीति सिद्धांत का पालन करने वाला हो और उन्हें राजनीति करने की समझ हो.

**खास बातें**

- गुरुवार को चूनाबाबा के दरबार पहुंच टेका मत्था
- बोले आलाकमान का फैसला शिरोधार्य

न्यूज अपडेट

## अविनाश को मिला इसरो भ्रमण का दूसरा मौका



**घाटशिला।** इसरो द्वारा स्कूली छात्रों के लिए विगत पांच वर्षों से चलाये जा रहे युवा विज्ञानी कार्यक्रम युविका में संत नन्दलाल स्मृति विद्या मंदिर घाटशिला ने एक बार फिर शानदार उपस्थिति दर्ज करवाई है. ज्ञात हो कि पिछले वर्ष भी विद्यालय के तीन छात्रों को इसरो के इस कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिला था. इस वर्ष भी मास्टर अविनाश कुमार साव ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी में शामिल होकर अपने बेहतर प्रदर्शन द्वारा संपूर्ण भारत से चयनित 350 छात्रों में दूसरी बार अपनी जगह बनाई.13 अप्रैल से 24 अप्रैल तक चलने वाले इस कार्यक्रम के दौरान चयनित छात्र, इसरो केंद्र तिरुवनंतपुरम, श्रीहरिकोटा व बेंगलुरू का दौरा करेंगा. इससे छात्र स्पेस टेक्नोलॉजी, स्पेस साइंस, स्पेस एप्लीकेशन आदि के विषय में जान पाएंगे. विद्यालय प्राचार्या नीलकमल सिन्हा ने प्रार्थना-सभा में अविनाश को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय की उपलब्धियां ही उसकी पहचान होती हैं. विद्यालय प्रशासिका शोभा गनेरीवाल ने अविनाश के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी तथा अन्य छात्रों को इनसे प्रेरणा लेने को कहा.

## लिटिल रोज शिक्षा निकेतन का वार्षिकोत्सव मनाया गया



**मझगांव ।** लिटिल रोज शिक्षा निकेतन सान पड़सा मझगांव के द्वारा फाउंडर एवं डायरेक्टर जगदीश चंद्र महतो की अध्यक्षता में एवं प्रिंसिपल उमा महतो की देखरेख में वार्षिकोत्सव मनाया गया. जगदीश चंद्र महतो ने अभिभावकों एवं बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है. अगर गांव के साथ-साथ प्रखंड को शिक्षित बनाना है तो सभी अभिभावकों को आगे आकर शिक्षा के प्रति अलख जगाने की आवश्यकता है. मेरा अभिभावकों से निवेदन है गांव क्षेत्र के सभी बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का कार्य करें चाहे वह प्राइवेट या सरकारी बच्चों का विद्यालय में होना अति आवश्यक है. लिटिल रोज शिक्षा निकेतन में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के द्वारा मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए.

## पीपुल्स अकादमी विद्यालय में मना संस्थापक दिवस



**जमशेदपुर।** न्यू बाराद्वारी स्थित पीपुल्स अकादमी विद्यालय में संस्थापक दिवस मनाया गया. इस अवसर पर दीप प्रज्ज्वलित एवं विद्यालय के संस्थापक सचिव स्व विभूति भूषण गुप्ता व संस्थापक प्रधानाध्यापक स्व रबि चौधरी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कृतज्ञता जताई गई. इस अवसर के साक्षी अचिंतम गुप्ता एवं प्रोबोध रंजन दास समेत शहर के लगभग 30 से अधिक पूर्ववर्ती छात्रों ने विद्यालय में बिताए गए संस्मरणों को साझा किया. अशोक खंडेलवाल ने पूर्ववर्ती छात्र संगठन की स्थापना के संकल्प को दोहराया और कहा कि आज हम जहां भी हैं विद्यालय की भूमिका हमारे साथ चट्टान की तरह अटल है. किशोर उदानी ने गीत गाकर अपने भाव व्यक्त किया. जगदीश मुनका ने वर्षों बाद विद्यालय पहुंचने पर प्रसन्नता वक्त की.

## तीन अनाथ बच्चियों को बालिका कुंज का मिला सहारा



**नोवामुंडी।** बड़ानंदा गांव से बहिष्कार किए एकल परिवार बुधराम तांती की अनाथ तीन बच्चियों को बालिका कुंज का मिला सहारा. इस संबंध में गुवा थाना प्रभारी गोपाल कुमार ने बताया कि जगन्नाथपुर अनुमंडल स्थित बड़ानंदा गांव में रह रहे बुधराम तांती अपनी पत्नी एवं तीन बच्चियों के साथ जीवन यापन गुजर बसर कर रहे थे. अचानक से उसकी पत्नी किसी अन्य के साथ भाग गई. इस घटना को लेकर गांव वालों ने एक बैठक कर बुधराम तांती एवं उसके तीन बच्चियों को गांव से बहिष्कार कर दिया. बहिष्कार किए जाने के बाद बुधराम तांती अपने तीनों बच्चियों को लेकर गुवा थाना क्षेत्र स्थित दुधबिला गांव में वहां के मुखिया व मुंडा की मदद से अपना गुजर बसर करने लगा.

## रघुनाथ महतो के शहादत दिवस पर लगा रक्तदान शिविर



**घाटशिला।** चुआड़ विद्रोह के महानायक क्रांतिवीर शहीद रघुनाथ महतो के 246 वां शहादत दिवस पर शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय नूतनडीह रक्तदान शिविर लगाया गया. कुड़मी संस्कृति विकास समिति इस महान विभूति का शहीद स्मरण में रक्तदान शिविर आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया. श्रद्धांजलि कार्यक्रम में आयोजन समिति अध्यक्ष स्वपन कुमार महतो ने शहीद रघुनाथ महतो के नारे को सभी को ध्यान दिलाए आपना गांव अपना राज, दूर भगाएं विदेशी राज. नारा को बुलंद करते हुए अंग्रेजी हुकूमत से लोहा लेते हुए आन्दोलन में शहीद हो गए थे.

## जमशेदपुर भेजे जा रहे बालू लदे दो हाइवा जब्त



**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा प्रखंड अंर्तगत एनएच 18 पर इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार की देर रात बहरागोड़ा अंचल अधिकारी भोला शंकर महतो एवं थाना प्रभारी विकास शर्मा ने दल बल के साथ पश्चिम बंगाल एवं ओडिशा से बिना चालान के जमशेदपुर भेजे जा रहे बालू लदे दो हाइवा को जब्त किया. वहीं उनके विरुद्ध विभागीय संबंधित कानूनी कार्रवाई करने में जुटी हुई है. मिली जानकारी के अनुसार अवैध बालू लदे हाइवा का आए दिन पश्चिम बंगाल तथा ओडिशा से बैगर कागजात के माफियाओं द्वारा हाईवे पर निगरानी करके जमशेदपुर भेजा जाता था.

## गीता कोड़ा किरीबुरु व बड़ाजामदा का करेंगी दौरा



**किरीबुरु।** सांसद सह सिंहभूम लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा का तूफानी दौरा सात अप्रैल को बडाज़ामदा से लेकर किरीबुरु-मेघाहातुबुरु क्षेत्रों में होगा. उनके दौरे को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सक्रियता तेज कर पहले से जनसम्पर्क अभियान चलाना प्रारम्भ कर दिया है. गीता कोडा.का सात अप्रैल को दौरा के बाबत भाजपा ने बताया की सुबह 10 बजे जामदा बस्ती, 10.30 बजे नयांगांव, 10.45 बजे पान्ड्राशाली, 11 बजे मैदान बस्ती जामदा, 11.30 बजे बड़ाजामदा मेन रोड, 12 बजे बड़ाजामदा थाना के पास, दोपहर 1 बजे बोकना, 2 बजे बराईबुरु, 2.30 बजे टीआर गेट किरीबुरू, 3 बजे मेन मार्केट, 3.20 बजे चर्च हाटिंग, 3.40 बजे हरिजन बस्ती, 4 बजे महावीर चौक, 4.20 बजे मेघाहातूबुरु एवं 4.40 बजे प्रोस्पेक्टींग क्षेत्र में लोगों के बीच जनसम्पर्क अभियान चलायेगी.

रोजगार

### देश के जाने-माने होटल समूहों ने तीन लाख के पैकेज पर किया लॉक

# एनएसयू में होटल मैंनेजमेंट के 21 छात्रों को मिली नौकरी

मुख्य संवाददाता। जमशेदपुर



नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय की रोजगार प्रदाता ईकाई की ओर से विश्वविद्यालय के विभिन्न शैक्षणिक पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए रोजगार सत्र का आयोजन किया जा रहा है. इस क्रम में विश्वविद्यालय के होटल मैनेजमेंट विभाग के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए रोजगार सत्र का आयोजन किया गया. इसमें विभाग के रोहित कुमार, अर्पित अग्रवाल, नवनीत लहरी, राजनारायण दास, अन्नाकेशमीर दास, अमन कुमार, अमित कुमार गुप्ता, पारितोष महतो, ए कुणाल राव, औवेस तोहिद, रोहन कुमार, रोहित कुमार, शोभा डे, अशरफ़ आलम, आशुतोष कुमार झा, अरश्री नाज, अभिजीत कुमार रॉय, निकिता कुमारी, श्रेया राय, शाहदाब अख़्तर और सन्वही यादव देश का विभिन्न प्रमुख होटल संस्थानों में चयन हुआ. इनमें कुर्ग मैरियोट, द लीला, जे डब्ल्यू मैरियोट होटल एंड कन्वेंशन सेंटर, ग्रैंड मर्क्योर, नोवोटेल, विवांता शामिल हैं.

रोजगार प्राप्ति की प्रक्रिया के विषय में विश्वविद्यालय के मानव संसाधन विभाग के संकाय सदस्यों ने बताया कि सर्वप्रथम इन विद्यार्थियों को ऑनलाइन साक्षात्कार और लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने के बाद अंतिम चरण की चयन प्रक्रिया के लिए चयनित किया गया था. इसके बाद होटल व्यवसाय के क्षेत्र से संबंधित विभिन्न संस्थाओं ने अंतिम रूप से इन विद्यार्थियों का चयन अपनी अपनी संस्थानों के लिए किया. सभी विद्यार्थियों को चयन की सभी प्रक्रियाओं को अंतिम रूप से पूर्ण करने के पश्चात ऑफर लेटर भी दिया गया है. चयनित विद्यार्थियों के विषय में विश्वविद्यालय के प्लेटमेंट इकाई के प्रभारी अधिकारी ने बताया कि विद्यार्थियों का शेफ, ऑपरेशन एक्जीक्यूटिव और अन्य संबंधित पदों के लिए चयनित किया गया है. फिलहाल सभी चयनित विद्यार्थियों को तीन लाख रुपये के वार्षिक अनुबंध के आधार पर जॉब ऑफर किया गया है. अपने प्रशिक्षण सत्र को पूरा कर लेने के पश्चात विद्यार्थियों की दक्षता और कौशल के आधार पर उनके वेतनमान में वृद्धि की जाएगी.

विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव नागेंद्र सिंह ने कहा कि ये हमारे लिए बहुत हर्ष की बात है.

**खास बातें**

- विद्यार्थियों के चयन के बाद ऑफर लेटर दिया गया
- कौशल के आधार पर उनके वेतनमान में वृद्धि की जाएगी

### एससी-एसटी-ओबीसी समन्वय समिति ने जयंती मनाने का लिया निर्णय

# अंबेडकर जयंती पर निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

संवाददाता। आदित्यपुर



इस वर्ष अंबेडकर जयंती पर आकाशवाणी चौक से जागृति मैदान तक भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें घोड़ा रथ और बैंड पार्टी के साथ हजारों लोग शामिल होंगे. यह निर्णय एससी-एसटी-ओबीसी समन्वय समिति के लोगों ने बैठक कर ली है. समिति ने कहा कि इस वर्ष बाबा साहेब की जयंती ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा. इसको लेकर अंबेडकर चौक स्थित पांडी मुखी के कार्यालय में एससी एसटी ओबीसी समन्वय समिति आदित्यपुर की बैठक हुई है. जिसकी अध्यक्षता सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक सरयू पासवान ने की. बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि पिछले साल की भांति इस साल भी धूमधाम से भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जाएगी. जयंती समारोह कार्यक्रम में बच्चों के बीच पाठ सामग्री का वितरण किया जाएगा और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा. बैठक में शारदा देवी, पुरेंद्र नारायण सिंह, पांडी मुखी, आरपी राही, रामचंद्र पासवान, देव प्रकाश देवता, दुर्गाराम बैठा, खिरोद सरदार, वीरेंद्र रजक, लक्ष्मण प्रसाद, सुनील कुमार रजक और एलबी शास्त्री मौजूद थे.

**खास बातें**

- घोड़ा रथ और बैंड पार्टी के साथ हजारों लोग होंगे शामिल
- जयंती की तैयारी को लेकर संयोजक मंडली का हुआ गठन

## भाजपा और आजसू कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से स्थानीय लोगों संग मिलकर मनीष का किया जोरदार स्वागत

# कांग्रेस के शासन में गरीबों का नहीं हुआ उत्थान : मनीष

संवाददाता । हजारीबाग



### जनसंवाद अभियान

- डाड़ी प्रखंड क्षेत्र के बलसगरा और हुवाग पहुंचे मनीष
- ग्रामीणों ने भाजपा को पूर्ण समर्थन का भरोसा जताया

लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के मांडू विधानसभा क्षेत्रांतर्गत डाड़ी प्रखंड क्षेत्र के 10 पंचायतों के दर्जनों गांवों का दौरा किया. मनीष ने अपने एवं भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए लोगों के बीच जनसंपर्क और जनसंवाद अभियान चलाया.

सांसद प्रत्याशी मनीष ने डाड़ी प्रखंड क्षेत्र के बलसगरा, हुवाग, होन्होमोढ़ा, मिश्राइनमोढ़ा, रेलीगढ़ा (गिद्दी), डाड़ी, कनकी, रबोध, हेसालोंग, रेलीगढ़ा पंचायत के झुमरी महुआ, पटरंगी, बलसगरा, विनोद बिहारी महतो चौक, शर्मा टोला, चैनपुर लंगड़ा मोड़, बड़कीटांड़, चैनपुर, खपिया, कुर्रा, रिकवा, मिश्राइनमोढ़ा, वाशरी कॉलोनी, डाड़ी, होसिर, कनकी, रबोध, रियांग, सेनेगढ़ा, हैसालोंग बस्ती, हैसालोंग माइंस, एमपीआई रेलिगढ़ा और रेलीगढ़ा चांदनी चौक में जनसंपर्क और जनसंवाद अभियान चलाया. सभी जगहों पर ताशा की झंकार के बीच फूल माला पहनाकर स्वागत मनीष का स्वागत किया गया. तिलक-चंदन लगाकर भाजपा और आजसू कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से स्थानीय लोगों संग मिलकर मनीष का स्वागत किया और इस क्षेत्र से पूर्ण समर्थन का भरोसा जताया. मनीष जायसवाल ने चुनावी जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों को संबोधित किया. कहा कि कांग्रेस ने इस देश में करीब 62 सालों तक सत्ता में रहकर देश को और गरीबों को ठगने का काम किया. लेकिन भाजपा के महज़ करीब 15 साल के कार्यकाल में देश का सर्वांगीण विकास हुआ. वहीं देश की जनता के जीवन स्तर को भी ऊंचा उठाने का सकारात्मक पहल किया गया. कांग्रेस ने गरीबी हटाओ देश बचाओ का नारा देकर सिर्फ वोट लिया. लेकिन गरीबों का कोई उत्थान नहीं हुआ.

भाजपा के बाजपेई सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र में पीएम ग्राम सड़क योजना, सर्व शिक्षा अभियान, भारत माला प्रोजेक्ट और मोदी सरकार ने कश्मीर से धारा 370 हटाया, अयोध्या में राममंदिर का निर्माण कराने के साथ ही देश के गरीबों के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाईं. बैंक में खाता खुलवाया, शौचालय निर्माण के लिए प्रोत्साहित किया, स्वच्छता अभियान चलाया, निशुल्क गैस चूल्हा और सिलेंडर दिया, कोविड में मुफ्त में वैक्सीन, किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि सहित सैकड़ों जनकल्याणकारी योजनाएं चलाईं. जिससे आपके जीवन में कई बदलाव आए. उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि जिसने देश के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का अपमान किया, उससे बदला लेने का यही सही समय है. मनीष जायसवाल ने भाजपा के पक्ष में मतदान करके फिर एक बार मोदी सरकार बनाने की अपील की.

# रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बने जीतू यादव



संवाददाता । हजारीबाग

शहर के विख्यात रामनवमी पर्व को ऐतिहासिक रूप से संपन्न कराने में रामनवमी महासमिति की एक अहम जिम्मेवारी मानी जाती है. इसी जिम्मेवारी को निभाने के लिए रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष का चयन किया जाता है. इसे लेकर चुनाव प्रक्रिया पहले 31 मार्च रखी गई थी.

इसे बढ़ाकर पांच अप्रैल किया गया. जो शुक्रवार को बड़ा अखाड़ा परिसर में हुआ. चुनाव करीब दोपहर तीन बजे तक चलता रहा. तत्पश्चात गिनती शुरू हुई. चुनाव में कुल 211 वोट पड़े. जिसमें 66 मतों से जीतू यादव विजयी हुए. दूसरे स्थान पर मीत यादव को 54 मत और तीसरे नंबर पर विशाल वाल्मीकि को 50 मत मिले. चौथे स्थान पर मुकेश मेहता को 28 मत व पांचवें स्थान पर दीपक शंकर को 12 मत मिले. एक मत रद्द हो गया. जीत के बाद महंत विजयानंद दास एवं रामनवमी चुनाव संचालन समिति के द्वारा जीतू को प्रशस्ति पत्र सौंपा गया. जिसके बाद बड़ा अखाड़ा मंदिर परिसर जय श्रीराम के जयकारे से गूंज उठा. मंदिर परिसर के बाहर आतिशबाजी और गुलाल उड़ा कर व जय श्री राम का नारा लगाकर सभी ने जीतू यादव का स्वागत किया. चुनाव के दौरान सुरक्षा को लेकर पुलिस अधिकारी मुस्तैद थे. जीतू यादव ने कहा कि इस वर्ष का रामनवमी ऐतिहासिक होगा.

## ब्रीफ खबरें

### छह दिनों से करसो गांव में नहीं है बिजली

**बरही ।** बरही चौक से महज दो किलोमीटर दूर करसो गांव में पिछले पांच छह दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप है. वहां का ट्रांसफार्मर जल गया है. लेकिन बिजली विभाग द्वारा अब तक कोई सुध नहीं लिया गया है, जबकि ग्रामीणों द्वारा कई बार उक्त समस्या से बिजली एसडीओ व जेई को अवगत करवाया गया है. बावजूद इसके अब तक किसी के द्वारा कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया है. जिससे करसो के ग्रामीण जनता काफी नाराज हैं. उन्होंने बताया कि बिजली विभाग के पदाधिकारी जल्द ट्रांसफार्मर लगाने का काम करें, अन्यथा वे बेबस होकर विभाग कार्यालय पहुंचेंगे.

### लोहसिंघना में अधेड़ लापता, परिजन परेशान

**हजारीबाग ।** शहर के लोहसिंघना थाना क्षेत्र अंतर्गत एक अधेड़ व्यक्ति के लापता होने का मामला सामने आया है. इस संबंध में सत्येंद्र कुमार ने मामला दर्ज कराया है. कहा है कि उनके पिता उमेश कुमार शर्मा उम्र 62 वर्ष साकिन ओकनी चार अप्रैल को बिना बताए घर से लापता हो गए हैं. परिवार वाले खोजबीन करते करते परेशान हैं. उनका कोई पता नहीं चल पा रहा है. उन्होंने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है.

### एफएसओ ने खाद्य दुकानों का किया निरीक्षण

**हजारीबाग ।** खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी (एफएसओ) प्रकाश चंद्र गुग्गी ने चुरचू एवं कटकमसांडी प्रखंड के विभिन्न खाद्य स्टॉल, रेस्तरां और खुदरा दुकान का औचक निरीक्षण किया. डीसी नैंसी सहाय एवं अभिहित अधिकारी सह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशि जायसवाल के संयुक्त निर्देश पर एफएसओ ने निरीक्षण किया. पदाधिकारी ने बिना निर्माण तिथि, समाप्ति तिथि, एफएसएसएआई लाइसेंस नंबर के उत्पाद को तत्काल नष्ट कर दिया. रेस्तरां के संचालक को अखाद्य रंग का किसी भी सूरत में उपयोग नहीं करने का निर्देश दिया.

### सरहुल को लेकर आगेरिया समाज की हुई बैठक

**कटकमसांडी ।** कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के हेदलाग के जमुनिया टांड़ में सरहुल पर्व मनाने को लेकर आगेरिया समाज को लोगों ने बैठक की. आगेरिया समाज ने बैठक में पिछले वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया. साथ ही 11 अप्रैल को कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र के पकरार, चिरूवां, हेदलाग, सिमरीया प्रखंड के चोपे व अगेरिया समाज के लोगों ने सरहुल पर्व धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया. वहीं सरहुल पूजा मनाने को लेकर सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनवारी अगेरिया, सचिव पंकज अगेरिया, कोषाध्यक्ष विजय अगेरिया को मनोनित किया गया.

### मस्जिदों में नमाजियों की उमड़ी भारी भीड़

**हजारीबाग ।** बरही समेत विभिन्न क्षेत्र के मस्जिदों में रमजान के अंतिम जुम्मे अलविदा की नमाज अदा करने को लेकर सभी मस्जिदों में मुस्लिम समाज के लोगों की भारी भीड़ उमड़ी. इस मौके पर शहर के जामा मस्जिद, पेलावल पुरानी मस्जिद नई कोरा, ईदगाह, मस्जिद इंद्रपुरी चौक मस्जिद बरही के जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मुशरफुल कादरी, मक्का मस्जिद के इमाम हाफिज अब्दुल क्यूम, ममस्जिदे अक्सा के इमाम मौलाना रिजवान कादरी सहित अन्य मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने रमजान के अंतिम जुम्मे अलविदा की नमाज अदा की.

## डाडीघाघर गांव के मतदाताओं ने लिया लोस चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय

# ग्रामीणों को पक्की सड़क का इंतजार

### दिया आवेदन

- इचाक के डाडीघाघर गांव के लिए नहीं है सड़क
- ग्रामीणों ने इसकी जानकारी डीसी को भी दी है
- एक स्वयं सेवी संस्था ने कच्ची सड़क बनायी थी
- डीडीसी ने जन जागृति केंद्र की तारीफ की थी






शुभम संदेश
थोड़ी लज्जा भी नहीं आती

7 फरवरी को शुभम संदेश में छपी खबर .

संवाददाता । हजारीबाग

आजादी के 77 साल बीत जाने के बाद भी इचाक के डाडीघाघर गांव को सड़क नसीब नहीं हो पाया है. पहाड़ की तलहट्टी में रहने वाने डाडीघाघर गांव के लोग अपने जान जोखिम में डालकर प्रखंड व जिला मुख्यालय आते हैं. क्षेत्र की लगातार हो रही उपेक्षा को देखते हुए डाडीघापर पंचायत के ग्रामीण मतदाताओं ने इस बार लोकसभा चुनाव में वोट का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है. इस बाबत ग्रामीणों ने बैठक कर इसकी जानकारी निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हजारीबाग और एसडीओ समेत कई अधिकारियों को दिया है.

पिछले चुनाव में भी यहां के मतदाताओं ने वोट का बहिष्कार करने का निर्णय लिया था लेकिन जिला प्रशासन की ओर से सड़क बनाने का आश्वासन के बाद यहां के मतदाताओं ने अंतिम समय में अपने मत का उपयोग किया था. बताते चलें कि दो वर्ष पूर्व स्वयं सेवी संस्था, भारतीय जन जागृति केंद्र ने गूंज नई दिल्ली का सहयोग लेकर श्रमदान कर कच्ची सड़क का निर्माण किया था. संस्था की ओर से किये गये साहसिक कार्यों को देखने के लिये तत्कालीन उप विकास आयुक्त अभय कुमार सिन्हा गये थे. उन्होंने भारतीय जन जागृति केंद्र की तारीफ भी की थी. उन्होंने भी वन विभाग से एनओसी लेने के लिये पत्राचार करने का आश्वासन दिया था.

इधर ग्रामीणों की ओर से जिला प्रशासन को दिये गये आवेदन में कहा है कि हम सभी ग्रामीण भारत की आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं. जबकि एक ऐसा भी गांव है, जहां पर कोई मूलभूत सुविधा अब तक नहीं मिल पायी है. गांव में एक पक्की सड़क भी नहीं बन पायी है. कई बार सांसद एवं विधायक को लिखित आवेदन दिया. लेकिन अब तक कोई पहल नहीं किया गया. ग्रामीणों से अपने पक्ष में राजनेता वोट करवा लेते हैं. फिर इस गांव को कोई देखने तक नहीं आता है. बहुत संघर्ष के बाद एक सड़क निर्माण की निविदा निकाली गयी है. विशेष प्रमंडल को पीसीसी सड़क बनाना है. राजेन्द्र गंझू के घर से मंझगांवा तक पीसीसी पथ निर्माण का कार्य चालू भी किया गया. लेकिन वन विभाग ने सड़क निर्माण कार्य पर रोक लगा दी. लगभग छह महीन बीतने के बाद भी कार्य पुनः शुरू नहीं हो पाया. जबकि गांव में पहले भी सड़क के अभाव में दो लोगों की मौत हो चुकी है.

### बीडीओ को जांच के लिए भेजा गया हैः एसडीओ

इस संबंध में सदर एसडीओ ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा आवेदन दिया गया है . आवेदन के आधार पर सीओ और बीडीओ को जांच के लिए भेजा गया है . उन्होंने यह भी कहा कि वह क्षेत्र सेंसेटिव जोन है . फिर भी ग्रामीणों के लिए रास्ते का उपाय किया जा रहा है .

### केस संख्या एक

डाडीघघर पंचायत के पूरनपनिया गांव में नौ अगस्त 2021 को 11000 करंट वाले बिचली के तार की चपेट आने से बालेश्वर झुलस गए थे . सड़क के अभाव में ग्रामीण उन्हें खटोले पर पक्की सड़क तक ला रहे थे . लेकिन समय पर अस्पताल नहीं पहुंचने से उनकी मौत हो गई थी . ग्रामीणों ने बताया था कि बालेश्वर समाज की रीड माने जाते थे .

### केस संख्या दो

डाडीघाघर पंचायत के पूरन पूर्णिया गांव की एक महिला रेणु देवी गर्भवती थी . सात फरवरी को रात से उन्हें दर्द शुरू हुआ . उस वक्त गांव में बिजली भी नहीं थी . इसके बाद टॉर्च के सहारे ही तीन किलोमीटर पक्की सड़क तक महिला को लाया गया . लेकिन समय पर अस्पताल नहीं पहुंचने के कारण महिला की मौत हो गई . जिसकी खबर शुभम संदेश ने प्राथमिकता के साथ उजागर भी किया था .

# सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर प्रेषित न करेंः बीडीओ



संवाददाता । विष्णुगढ़

लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय में राजनीतिक दलों के नुमाइंदों के साथ बैठक की गई. बैठक सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी विकास कुमार टुड्डू ने बुलाई थी. बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए. आचार संहिता पर विशेष रूप से चर्चा हुई.

बैठक की अध्यक्षता कर रहे बीडीओ अखिलेश कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू हो गई है. सभी राजनीतिक दलों को आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए निजी भवनों में बिना अनुमति के दीवार लेखन व प्रचार प्रसार सामग्री नहीं लगाने की बात कही गयी. साथ ही कहा गया कि छुटे मतदाता व वोटर कार्ड में गड़बड़ी को वोटर हेल्प लाइन एप की मदद से 23 अप्रैल तक सुधार सकते हैं. सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्षों को मतदाता सूची भी सौपीं गई. मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से मतदान केन्द्रों पर एएमएफ की सुविधा की जानकारी दी गई. बताया गया कि 85 वर्ष की अधिक उम्र तथा दिव्यांग जन जो वोटिंग क्षेत्र में उपस्थित होने के बावजूद मतदान केन्द्रों तक नहीं जा पाते हैं, वैसे मतदाताओं तक पहुंचकर सरकारी अधिकारी एवीएसस तथा पोस्टल वैलेट के जरिये घर पर मतदान कराएंगे. पूरे प्रखंड में वैसे 12 मतदाता चिन्हित किये गए हैं. बीडीओ ने सभी पार्टियों एवं आमजनों से अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर प्रेषित न करें. किसी तरह का संदेश दिया तो पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

# छह पशु तस्कर गिरफ्तार हुए

संवाददाता । चौपारण



### गौ तस्कर

- दोनों पिकअप वैन में कुल 14 गौवंशीय पशु भरे हुए थे
- सभी पशुओं को यहां से बंगाल ले जाया जा रहा था

अवैध कार्य करने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है. इसी क्रम में गौवंशीय पशु की तस्करी करने ले जा रहे छह गौ तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़ गये. जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. इस संबंध चौपारण थाना प्रभारी दीपक सिंह ने बताया कि रात में गुप्त सूचना मिली कि चौपारण के ग्राम चयकला से दो पिकअप वैन में अवैध रूप से गौवंशीय पशुओं को तस्करी करने के लिए बंगाल ले जाने की तैयारी है. इस सूचना पर एक छापामारी दल का गठन किया गया. गठित छापामारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चतरा मोड़ के पास वाहन चेकिंग की. वहीं दो वैन को अवैध रूप से गौवंशीय पशुओं की तस्करी करने के आरोप में पकड़ लिया. जांच के क्रम में दोनों वैन में 14 गौवंशीय पशु पाये गये.

पुलिस ने इस मामले में शहजाद, सद्दाम हुसैन, संजर हुसैन, मो० सबा अख्तर, अहद अली और तकीउद्दीन को गिरफ्तार कर लिया. इनके पास से कुल 47,840 रुपये नकद सहित छह मोबाइल भी बरामद हुए. गिरफ्तार तसक्ररों ने बताया कि इन पशुओं को तस्करी करने के लिए बंगाल ले जाया जा रहा था. पुलिस ने बताया कि पकड़े गये तस्करों ने इस गौ तस्करी में चयकला के गुड्डू व्यापारी, सबलु, दुलारे एवं अन्य की भी शामिल होने की बात बतायी, जिनके विरूद्ध सत्यापन के बाद विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी. छापामारी दल में थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, पुअनि निलेश कुमार रंजन, पुअनि रतन टुड्डू एवं चौपारण थाना के सशस्त्र बल शामिल थे.

### प्रत्याशियों के लिए जारी किया गया सुविधा ऐप

**हजारीबाग।** लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों के लिए निर्वाचन आयोग ने प्रक्रिया को सरल कर दिया है. आयोग ने प्रत्याशियों के नाम और अनुमति प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए सुविधा नामक वेब एप्लिकेशन लॉन्च किया है. यह एनकोर के नाम से भी जाना जाता है. अब लोकसभा चुनाव के दौरान मीटिंग, रैली, माइक, हेलिकॉप्टर और हेलिपैड की अनुमति लेने के लिए प्रत्याशियों व राजनीतिक दलों को निर्वाचन कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने होंगे. अनुमति के लिए सुविधा एप के माध्यम से राजनीतिक दल ऑनलाइन परमिशन ले सकेंगे. यह कार्य 48 घंटे के पहले आवेदन देना होगा. अगर राजनीतिक दल ऑनलाइन आवेदन करने ने असमर्थ हैं तो आदर्श आचार संहिता सेल के काउंटर पर जाकर ऑफलाइन आवेदन भी कर सकते हैं. वहीं नामांकन की तिथि से मतदान के 48 घंटे पूर्व तक एक्टिव रहेगा सिंगल विंडो.

# एसडीएम ने किया कोल माइंस प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

संवाददाता । केरेडारी



एनटीपीसी चट्टी बरियातु कोल माइंस के बगल में संचालित राजकीय उत्क्रमित मध्य विधालय जोरदाग, बिरहोर टोला पागर और आगर टोला पांडु गांव का शुक्रवार को एसडीएम शैलेश कुमार ने निरीक्षण किया. इनके साथ केरेडारी सीओ रामरतन वर्णवल, एनटीपीसी के अपर महा प्रबंधक मृत्युंजय वर्मा व एसपी गुप्ता थे. उन्होंने जोरदाग स्कूल पहुंच कर एनटीपीसी चट्टीबरियातु कोल माइंस के बगल महज 200 मीटर की दूरी पर संचालित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोरदाग का मर्जमेंट कराने की बात कही. अधिकारी बिरहोर परिवारों समस्याओं से अवगत हुए.

बिरहोर परिवारों को सुरक्षित स्थान पर बसने को कहा गया. बता दें कि जहां एक ओर एनटीपीसी के अधिकारी व जिला पदाधिकारी विद्यालय मर्जमेंट कराने की बात कह रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पास में डीएमएफटी मद से लगभग एक करोड़ 40 लाख की लागत से विद्यालय का कार्य प्रारंभ है. वहां पीएचईडी विभाग द्वारा 15 करोड़ के लागत से जलमीनार बनाया जा रहा है. जबकि विस्थापित गांव में अबुआ आवास बनाने पर रोक है. उसी गांव में करोडों रुपये का विकास कार्य हो रहा है.

वहीं विद्यालय एवं जल मीनार विस्थापित जगह में बनने से करोड़ों रुपये का नुकसान सरकार को हो रहा है. इस संबंध में केरेडारी प्रमुख सुनिता देवी से पूछे जाने पर कहा कि हमारा गांव पूर्ण विस्थापित है. लेकिन विकास के नाम पर शून्य है. यहां पर ना तो कोई विद्यालय है और ना ही कोई हॉस्पिटल. इतनी बड़ी माइंस होने के बावजूद भी हादसा होने पर हजारीबाग जाना पड़ता है. विद्यालय प्रबंधक समिति अध्यक्ष किशोर साव से पूछे जाने पर बताया कि जब तक इस स्कूल के बदले एक मॉडल स्कूल नहीं बना कर दिया जाता है तब तक हम पूरे ग्रामीण मर्जमेंट नहीं होने देंगे.

**अनियमितता**

## नरैना में 87 लाख की लागत से हो रहा है तालाब का जीर्णोद्धार का कार्य

# एस्टीमेट के अनुसार हो काम : ग्रामीण

संवाददाता । चौपारण



लघु सिंचाई योजना से प्रखंड के पांडेयबारा पंचायत के नरैना में 87 लाख की लागत से बड़का आहर तालाब का जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है. लेकिन ठेकेदार द्वारा एस्टिमेट को ताक पर रखकर कार्य करवाया जा रहा है. इसे लेकर कई ग्रामीणों ने विरोध जताया है. ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा जो तालाब काटा जा रहा है, उसके हाइट मात्र डेढ़ से दो फीट कटिंग किया जा रहा है.

उसकी मिट्टी को चारों तरफ मेढ़ पर जमा कर दिया जा रहा है. ना ही तालाब के बीच से मिट्टी का उठाव हो रहा है और न ही मिट्टी को दूसरे जगह शिफ्ट कर रहा है. सिर्फ तालाब के साइड में और बीच से एक से डेढ़ फीट मिट्टी काटकर मिट्टी को मेढ़ पर ही जमा कर दिया जा रहा है और लोगों के आंखों में धूल झोंकने का कार्य किया जा रहा है. भीड़ पर ज्यादा हाइट होने से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है.

ग्रामीणों की मांग है कि लोगों की सुरक्षा और किसानों की सुविधाओं को देखते हुए एस्टीमेट के अनुसार काम हो. यदि ऐसा नहीं होगा तो विरोध जारी रहेगा. जरूरत पड़ी तो काम भी ठप कराएंगे. वहीं पांडेयबारा पंचायत के समाजसेवी जीतु यादव ने कहा कि बड़का आहर तालाब से सैकड़ों किसानों की आस जुड़ी हुई है. तालाब के जीर्णोद्धार कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, क्योंकि लंबे समय के बाद तालाब का जीर्णोद्धार का कार्य शुरू हुआ है. सही से काम होगा तभी यहां के किसान भाइयों को सिंचाई का लाभ मिल सकता है.

इस मामले पर जल संसाधन विभाग के जेई रितेश कुमार ने बताया कि शिकायत के आलोक में कार्यस्थल का निरीक्षण मेरे द्वारा किया गया. निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि तालाब में पानी को सुखाने के ख्याल से ठेकेदार द्वारा अभी मात्र डेढ़ से दो फीट मिट्टी को हटाया गया है. पानी सूखने के बाद एस्टीमेट के अनुरूप इलेक्ट्रिक पोल से तालाब को पांच फीट गहरा काटा जाएगा. उन्होंने बताया कि यह कार्य 87 लाख का है पर कार्य का एग्रीमेंट 56 लाख में हुआ है.

### लोस चुनाव को लेकर अधिकारियों की बैठक

**हजारीबाग।** जिला समाज कल्याण विभाग के सभागार में इन्दु प्रभा खलखो जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग निवेदिता राय की उपस्थिति में लोस चुनाव को लेकर बैठक हुई. बैठक में दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान में भाग लेने एवं दिव्यांगजनों को मतदान केंद्र में दी जाने वाली सुविधाओं की उपलब्धता के बारे में बताया गया. उन्होंने बूथों पर एएमएफ सुनिश्चित करने के संबंध में चर्चा करते हुए प्रत्येक बूथ में संसाधनों की व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी. स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के द्वारा बताया गया कि दिव्यांगजनों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों जिसमें नुक्कड नाटक, भाषण प्रतियोगिता, ट्राईसाइकिल दौड इत्यादि का आयोजन कर जागरूक किया जा सकता है.

# वन विभाग ने अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर जब्त किया, केस



संवाददाता । बड़कागांव

वन विभाग की रात्रि गश्ती टीम ने गुरुवार रात इंदिरा-चिरंवा से अवैध कोयला लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया. टीम ने ट्रैक्टर जब्त कर बड़कागांव वन परिसर लाया. ट्रैक्टर पकड़े जाने से कोयला माफिया में हड़कंप मच गया. बताते चलें कि बड़े पैमाने पर पसेरिया इंदिरा के अवैध कोयला खदानों से डंफर द्वारा अवैध कोयला का कारोबार पिछले एक सप्ताह से जारी है. इसे हजारीबाग के एक कोयला माफिया तथा स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि की मिलीभगत से किया जा रहा है. इंदिरा चिरंवा का अवैध कोयला चानो के रास्ते गिद्दी-रामगढ़ जिला होते हुए बनारस की मंडियों में बेचा जा रहा है.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** आय भाव में शनि चन्द्र मंगल है. गलत आय और जुबान से बचना चाहिए. कार्य होगा और आय होगी. जीवन सुखमय व्यतीत होगा. प्रसन्नता तथा उत्साह से ओत-प्रोत रहेंगे. पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा. चोट-रोग व चोरी-विवाद से बचें.

**वृषभ** असमंजस की स्थिति बनेगी. लेन-देन में जल्दबाजी व लापरवाही न करें. भावनाओं को वश में रखें. मन की बात किसी को न बतलाएं. प्रतिष्ठा में कमी हो सकती है. जल्दबाजी से चोट लग सकती है. कुसंगति से बचें.

**मिथुन** भाग्य का साथ मिलने से मन खुश होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. प्रमाद न करें. बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. यात्रा मनोरंजक रहेगी.

**कर्क** समय सामान्य है. मानसिक तनाव होगा, पर दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे. घर में अतिथियों का आगमन होगा. व्यय बढ़ेगा. आत्मविश्वास में वृद्धि होगी. कोई बड़ा काम करने तथा यात्रा पर जाने का मन बनेगा. आय बनी रहेगी.

**सिंह** आय के लिए आप प्रयासरत है. इसका लाभ मिलेगा. पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. धन प्राप्ति सुगम होगी. कारोबारी कामकाज चलते रहेंगे. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. सुख के साधन जुटेंगे. यात्रा मनोरंजक रहेगी. मित्रों का साथ मिलेगा.

**कन्या** मौसमी बीमारियों से बचें. कुटुम्ब पर खर्च होगा. साथ ही संतुष्टि भी होगी. पुराने रोग को नजर-अंदाज न करें. व्यय होगा. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. व्यापार-व्यवसाय की गति धीमी रहेगी. अन्न और मिठाई का दान करें.

**तुला** सन्तान के कार्य पर नज़र रखें. सृजनशीलता का विकास होगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. व्यापार-व्यवसाय सुखद रहेगा. जल्दबाजी न करें. शारीरिक कष्ट संभव है. कार्य मे बिलंब होगा, जिससे चिंता तथा तनाव रहेंगे.

**वृश्चिक** समय सामान्य है. पार्टनरों तथा मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा. रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं. हनुमानजी का पूजन ध्यान करें.

**धनु** पराक्रम से कार्य सिद्ध होगा. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. शत्रुभय रहेगा. नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा. परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी.

**मकर** घर में सुख-शांति बनी रहेगी. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. विवेक से कार्य करें, लाभ होगा. किसी धार्मिक स्थल के दर्शन का कार्यक्रम बन सकता है. मित्रों से भेंट होगी. आलस को त्याग कर कार्य करें. काली वस्तु दान करें.

**कुंभ** समय बहुत ही उत्तम है, पर थकान व कमजोरी रह सकती है. विरोधी सक्रिय रहेंगे. ऐश्वर्यादि पर खर्च होगा. यश बढ़ेगा. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. नए काम मिल सकते हैं. आर्थिक वृद्धि के लिए योजना बनेगी.

**मीन** रोग बीमारी पर खर्च होगा. दूसरों के मामलों में हाथ न डालें. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. किसी व्यक्ति के व्यवहार से क्लेश होगा. आय होगी. जोखिम न उठाएं. वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें. अन्न का दान करें.

## कड़ी मेहनत करें और बड़े सपने देखें स्टूडेंट्स : बिशप थियोडोर



**रांची।** गुमला के नोट्रे डेम स्कूल में नए शैक्षणिक वर्ष 2024-2025 की शुरुआत शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित कर की गई. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप डाल्टनगंज के बिशप थियोडोर मस्कारेनहास मौजूद थे. नोट्रे डेम स्कूल की प्रिंसिपल सीनियर मैरी प्रफुल्ला ने बिशप को उनके पसंदीदा फल लीची और चीकू के पौधे भेंट में देकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया. स्कूल के बच्चों ने सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी. बिशप ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों आप सभी कड़ी मेहनत करें और बड़े सपने देखें. उन्होंने कहा कि हमारा भविष्य हमारे हाथ में है. दूसरे केवल हमारी मदद कर सकते हैं, हमें खुद ही ईश्वर द्वारा दी गई प्रतिभाओं पर काम करके आगे बढ़ना होगा. अनुभाग की प्रिंसिपल सीनियर मैरी सुचिता ने सभी लोगों को धन्यवाद दिया. कार्यक्रम में बिशप के सचिव अमरदीप केरकेट्टा, नोट्रे डेम सिस्टर्स और शिक्षकों के अलावा छात्र-छात्राएं शामिल थे.

## बसिया में नदी के पानी में दौड़ा करंट, नहाने गयी महिला की मौत

**गुमला।** बसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत नारेकेला गांव के नदी में नहाने गई 40 वर्षीय महिला प्रेमवती देवी की विद्युत करंट लगने से मौत हो गई. जानकारी के अनुसार शुक्रवार पूर्वाह्न लगभग 10:30 बजे नारेकेला निवासी बिंदेश्वर महतो की पत्नी प्रेमवती देवी अपनी मां मंगरी देवी के साथ नदी में नहाने गई थी. गांव के ही किसान लखन बड़ाईक ने मोटर से खेत पटवन के लिए बिजली तार जोड़ रखा था. महिला जैसे ही नदी के पानी में पहुंची उसे करंट का झटका लगा और नदी में गिर गई. महिला की मां ने जब उसे बचाने का प्रयास किया, तो वह भी करंट की चपेट में आ गई. इसके बाद खेत का मालिक लखन बड़ाइक दौड़ कर आया और महिला को बचाने का प्रयास करने लगा. करंट लगने से वह भी गिरकर बेहोश हो गया. लखन का बसिया अस्पताल में इलाज चल रहा है. शुक्रवार की अपराह्न सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया.

## बारीबांध में छह किलो का सिलेंडर बम बरामद, किया गया निष्क्रिय

**लातेहार।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सीआरपीएफ 214 बटालियन के द्वारा जिले के अति संवेदनशील इलाकों में लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा हैं. इसी क्रम में शुक्रवार को सीआरपीएफ 214 बटालियन ने लातेहार जिले के गारु थाना क्षेत्र के बारीबांध गांव अंतर्गत जयगीर पहाड़ों के घने जंगलों में सर्च अभियान चलाया, जिसमें सीआरपीएफ ने नक्सलियों के द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से छुपाकर रखे गए छह किलोग्राम के एक सिलेंडर बम बरामद किया है. जिसे बम निरोधक दस्ता ने जंगल में ही से निष्क्रिय कर दिया. इस संबंध में सीआरपीएफ 214 बटालियन के कमांडेंट केडी जोशी ने कहां कि नक्सलियों के द्वारा चुनाव के पूर्व सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने और अराजकता का माहौल फैलाने को लेकर अति संवेदनशील इलाकों में बम छुपा कर रखा गया था. जिसे बटालियन के द्वारा नष्ट कर दिया गया है.

### ईवीएम के सभी मतों के वीवीपैट की पर्चियों से मिलान की मांग पर शुभम संदेश व लगातार.इन के पाठकों की राय

# मतपत्र से हो चुनाव, ईवीएम के वोट हो सकते हैं चोरी

ईवीएम के वोटों से वीवीपैट की सौ फीसदी पर्चियों का मिलान कराने की मांग वाली याचिका पर बीती 1 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग और केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है. जस्टिस बीआर गवई और संदीप मेहता की बेंच ने इस मामले की अगली सुनवाई 17 मई को तय की है. एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और एक अन्य की अलग-अलग याचिकाओं में मांग की गई है कि ईवीएम के सभी वोटों का वीवीपैट की पर्चियों से मिलान किया जाए. फिलहाल मतगणना पर सवाल उठता है तो सिर्फ पांच ईवीएम के वोटों का ही वीवीपैट की पर्चियों से मिलान होता है.

### मतों का मिलान वीवीपैट की पर्चियों से कराये जाने से संदेह खत्म होगाः समु

हमारा विचार है कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से चुनाव नहीं कराया जाना चाहिए. अब समय आ गया है कि पहले की तरह मतपत्र से चुनाव कराया जाए, क्योंकि ईवीएम के मत इधर से उधर किये जा सकते हैं. वोटों की चोरी की जा सकती है. मतलब जिसके हाथ में सिस्टम होगा वह इसके माध्यम से अंतिम परिणाम को अपने पक्ष में कर सकता है. ऐसे में समय की मांग है कि ईवीएम के सभी मतों का मिलान वीवीपैट की पर्चियों से कराया जाए ताकि मतदाताओं के संदेह को खत्म किया जा सके.

### आम लोगों को मिलेगा निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव का संदेश : करण कौशल



युवा वोटर्स के लिए मतदान करना एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उन्हें सामाजिक सहभागिता में शामिल होने का अवसर देता है. हम वैसी सरकार चुनना चाहते हैं जो हमें रोजगार के अवसर, शिक्षा सेवाओं की गुणवत्ता, किसानों के हित में योजनाएं, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, पेपर लीकिंग की रोकथाम आदि मुद्दों पर भी ध्यान देगी. चुनाव प्रक्रिया पारदर्शिता लाने के लिए में ईवीएम के वोटों का वीवीपैट की पर्चियों का मिलान कराना जरूरी है. इससे आम लोगों को स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव का संदेश भी जाएगा.

### चुनाव प्रक्रिया न्यायसंगत और पारदर्शी होगी : मंटू कुमार



हम जैसे युवा वोटर्स के लिए पहली बार मतदान करना एक महत्वपूर्ण और उत्साहजनक पल होता है. चुनाव प्रक्रिया में वीवीपैट की पर्चियों का ईवीएम के सभी वोटों से मिलान कराना आत्मविश्वास और विश्वास को मजबूत करेगा. इससे मतदाताओं में स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया संदेश जाएगा. वीवीपैट पर्चियों से ईवीएम के मतों का इस्तेमाल करने से मतदाताओं की उनके मतों को चुराने की शंका दूर होगी. चुनाव आयोग और केंद्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार किए बिना इस दिशा में पहल करनी चाहिए.

### ईवीएम के वोटों में छेड़छाड़ की चर्चाओं पर लगेगा विराम : सामी

वीवीपैट की शत प्रतिशत पर्चियों का ईवीएम के मतों से मिलान कराने की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयोग और केंद्र सरकार से नोटिस जारी कर जवाब मांगना स्वागत योग्य है. हमारा मानना है कि ईवीएम से वोटिंग नहीं होनी चाहिए, क्योंकि ईवीएम में वोटिंग पहले से सेटिंग होने की चर्चा अक्सर सुनने को मिलती है. इससे मतदाताओं को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया पर संदेह उत्पन्न होता है. ऐसे में ईवीएम के मतों का वीवीपैट से मिलान कराना जरूरी है. वैसे, पतपत्र से चुनाव होना चाहिए.

### वीवीपैट पर्चियों की शत प्रतिशत गिनती जरूरी : डॉ. कमर अली

वीवीपैट की शत प्रतिशत पर्चियों का ईवीएम के मतों से मिलान होने से लोगों का विश्वास चुनाव प्रक्रिया में और भी मजबूत होगा और उनकी लोकतंत्र के आगामी महापर्व में सहभागिता भी बढ़ेगी. इससे राजनीति दलों पर बेहतर काम करने का जनता की ओर से दबाव बढ़ेगा. लोकतंत्र में जन सहभागिता अत्यधिक महत्वपूर्ण होती है. चुनाव में मतदान कर लोग अपने प्रतिनिधियों को चुनने में भागीदारी करते हैं. इससे देश का लोकतंत्र मजबूत होगा. चुनाव आयोग और केंद्र सरकार को इस दिशा में पहल करनी चाहिए.

### नागरिकों का संदेह दूर किया जाना चाहिए : नवल किशोर उरांव

पिछले कई चुनावों से वीवपैट की पर्चियों से ईवीएम के मतों का मिलान कराने की मांग होती आ रही है. चुनाव प्रक्रिया पर नागरिकों के संदेह को दूर करने के लिए वीवीपैट की पर्चियों और ईवीएम के मतों का मिलान जरूर होना चाहिए, क्योंकि ईवीएम को हैक, सिस्टम को किसी के पक्ष में सेट कर किया जा सकता है और होता भी है. सवाल उठता है कि वीवीपैट की पर्चियां होने के बावजूद चुनाव आयोग और केंद्र सरकार को दोनों का मिलान कराने में परेशानी क्या है? स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की आधार है.

### ईवीएम के मतों का मिलान वीवीपैट पर्चियों से हो : सुधीर सुरीन

वीवीपैट की शत प्रतिशत पर्चियों का ईवीएम के मतों से मिलान होने से लोगों का विश्वास चुनाव प्रक्रिया में और भी मजबूत होगा और उनकी लोकतंत्र के आगामी महापर्व में सहभागिता भी बढ़ेगी. ईवीएम को हैक, सिस्टम को किसी के पक्ष में सेट कर किया जा सकता है और होता भी है. ऐसे में समय की मांग है कि ईवीएम के सभी मतों का मिलान वीवीपैट की पर्चियों से कराया जाए ताकि मतदाताओं के संदेह को खत्म किया जा सके. चुनाव आयोग इंतजार किए बिना इस दिशा में पहल करनी चाहिए.

### ईवीएम के मतों पर संदेह करना निराधार : सुरेंद्र यादव

वोट डालते समय वीवीपैट की पर्ची अपने आप प्रिंट हो जाती है. वीवीपैट पर्ची की संख्या हमेशा डाले गए वोटों के बराबर होती है, जबकि उम्मीदवारों द्वारा ईवीएम में सेटिंग करते हुए तीनों मशीनों का सीरियल नंबर उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नोट किया जाता है. उन्हें कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट और वीवीपैट यूनिट की जांच करने को कहा जाता है. ऐसे में त्रुटि की कोई संभावना नहीं है. मैंने चुनाव में मतदान के लिए उम्मीदवारों की ड्यूटी लगा दी है और मुझे कोई गलती नहीं मिली है. संदेह निराधार है.

### 2019 के लोकसभा चुनाव में राज्य के पुरुषों से अधिक महिलाओं ने किया था मतदान

# 229 प्रत्याशियों ने लड़ा चुनाव 202 की जमानत हुई थी जब्त


प्रवीण कुमार। रांची

2024 का लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है. राजनीतिक दल अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा भी धीरे-धीरे कर रहे है. वहीं एनडीए (भाजपा और आजसू) गठबंधन ने झारखंड के 14 लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है. जबकि इंडिया गठबंधन में शामिल झामुमो, राजद, माले और कांग्रेस ने छह लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की है, जिसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा दुमका और गिरिडीह ,कांग्रेस खूंटी ,लोहरदगा और हजारीबाग, माले कोडरमा और राजद नें पलामू से आपने उम्मीदवार के नामों की घोषणा की है. 2019 के लोकसभा चुनाव में 66.8 प्रतिशत वोट दर्ज किया गया था, जिसमें 65.11% पुरुष, 68.26% महिला और ट्रांस जेंडर ने 16.96% मतदान किया था. 2019 के लोकसभा चुनाव की बात करें तो झारखंड से राष्ट्रीय पार्टी के आलाव क्षेत्रिय राजनीतिक दलों नें भी चुनाव में आपने प्रत्यासी उतारे थे. 14 लोकसभा सीटों पर कुल 315 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था. नामांकन दाखिल करने वाले में 288 पुरुष और 27 महिला उम्मीदवार थीं, जिनमें से 74 लोगों नामांकन जांच के बाद रद्द कर दिया गया था. इनमें 72 पुरुष और दो महिला उम्मीदवार शामिल थीं. जबकि 74 उम्मीदवारों ने अपना नाम वापस ले लिए था. चुनाव में खड़े उम्मीदवार चुनाव जीतने का दावा तो करते हैं, लेकिन परिणाम के बाद अधिकतर उम्मीदवार अपनी जमानत तक नहीं बचा पाते. राज्य के 14 लोकसभा सीटों पर 2019 के चुनाव में 229 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था, जिसमें 204 पुरुष और 25 महिला उम्मीदवार थीं. जबकि चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों में से 202 लोगों का जमानत जब्त हो गया था. जमानत जब्त करने वाले में 179 पुरुष और 23 महिला उम्मीदवार थीं.

**2019 चुनाव में दर्ज किया गया था 66.8 प्रतिशत वोट**

| | |
|---|---|
| पुरुष वोटर | 65.11 प्रतिशत |
| महिला वोटर | 68.26 प्रतिशत |
| ट्रांस जेंडर वोटर | 16.96 प्रतिशत |





**किस सीट पर उम्मीदवार कौन**

| लोकसभा सीट | एनडीए | इंडिया |
|---|---|---|
| राजमहल | ताला मरांडी( भाजपा) | - |
| दुमका | सीता सोरेन ( भाजपा) | नलिन सोरेन ( झामुमो) |
| गोड्डा | निशिकांत दुबे( भाजपा) | - |
| चतरा | कालीचरण सिंह( भाजपा) | - |
| कोडरमा | अन्नपूर्णा देवी ( भाजपा) | बिनोद सिंह ( माले) |
| गिरिडीह | चंद्र प्रकाश चौधरी ( आजसू) | मथुरा महतो ( झामुमो) |
| धनबाद | ढुल्लू महतो ( भाजपा) | - |
| रांची | संजय सेठ ( भाजपा) | - |
| जमशेदपुर | विद्युत वरण महतो ( भाजपा) | - |
| सिंहभूम | गीता कोड़ा ( भाजपा) | - |
| खूंटी | अर्जुन मुंडा ( भाजपा) | कालीचरण मुंडा ( कांग्रेस) |
| लोहरदगा | समीर उरांव ( भाजपा) | सुखदेव भगत ( कांग्रेस) |
| पलामू | विष्णु दयाल राम ( भाजपा) | ममता भुइयां ( राजद) |
| हजारीबाग | मनीष जायसवाल ( भाजपा) | जयप्रकाश पटेल ( कांग्रेस) |

## पीएलएफआइ के तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**खूंटी।** खूंटी पुलिस ने मुरहू थाना क्षेत्र के गुल्लू साप्ताहिक बाजार से पीएलएफआई के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार उग्रवादियों में बालो के महराटोली निवासी शंकर गोप, घाघरा के बनटोली निवासी अजीत स्वांसी उर्फ मुन्ना स्वांसी और भुरसू निवासी सुनील नायक शामिल हैं. बताया जाता है कि तीनों पीएलएफआई के एरिया कमांडर लंबू उर्फ राड़ंग बोदरा उर्फ टीरा बोदरा के दस्ते के सदस्य हैं. एसडीपीओ वरुण रजक ने शुक्रवार को तीनों को मीडिया के समक्ष पेश किया. एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि तीन उग्रवादी गुल्लू साप्ताहिक में लेवी वसूलने की नीयत से आनेवाले हैं. सूचना मिलते ही पुलिस अलर्ट हुई और घेराबंदी कर तीनों उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया. तलाशी में उनके पास से एक कट्टा, पांच जिंदा कारतूस, पीएलएफआई संगठन का पर्चा, एक डायरी और लेवी के 15,700 रुपये मिले. पूछताछ में दोनों ने कहा कि वे लंबू के निर्देश पर लेवी वसूली, पीएलएफआई की नेटवर्किंग बनाने का काम कर रहे थे.

**तीनों उग्रवादियों पर दर्जनों मामले हैं दर्जः** पकड़े गये उग्रवादी शंकर गोप के खिलाफ मुरहू, रनिया, तोरपा और खूंटी थाना में कुल 16 मामले दर्ज हैं.

## पेज एक का शेष...

### रेपो रेट में बदलाव नहीं, जीडीपी 7%...

यह पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के 5.4 प्रतिशत के अनुमान से कम है पहली तिमाही में मुद्रास्फीति के 4.9 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 3.8 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 4.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.5 प्रतिशत रहने की संभावना है. दास ने कहा कि ग्रामीण मांग में मजबूती, रोजगार तथा असंगठित क्षेत्र की स्थिति में सुधार, मुद्रास्फीतिक दबाव कम होने और विनिर्माण तथा सेवा क्षेत्र की गतिविधियों के रफ्तार पकड़ने से निजी उपभोग बढ़ेगा.

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि हमारा अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष के जून तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर सात प्रतिशत और सितंबर तिमाही में 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है. वहीं तीसरी और चौथी तिमाही में अर्थव्यवस्था के सात प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है.

### इलेक्टोरल बॉन्ड में संदिग्ध सौदों की ...

पार्टी ने वादा किया है कि देश में उसकी सरकार बनने पर वह जाति आधारित जनगणना कराएगी और आरक्षण की अधिकतम सीमा को 50 प्रतिशत से बढ़ाया जाएगा. कांग्रेस ने यह भी कहा है कि वह आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मिलने वाले 10 प्रतिशत आरक्षण को सभी वर्गों के गरीबों के लिए बिना भेदभाव के लागू करेगी. घोषणा पत्र में यह भी कहा गया है कि सरकार में आने के बाद नई शिक्षा नीति को लेकर राज्य सरकारों के साथ परामर्श कर इसमें संशोधन किया जाएगा. पार्टी ने कहा है कि जो नेता भ्रष्टाचार के मामलों से बचने के लिए भाजपा में शामिल हुए, उनके मामलों को फिर से खोला जाएगा और जांच कराई जाएगी. कांग्रेस ने वादा किया कि वह ऊपरी अदालतों में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए उच्चतम न्यायालय के साथ विचार विमर्श कर राष्ट्रीय न्यायिक आयोग का गठन करेगी.

**पांच न्याय और 25 गारंटी.... :** कांग्रेस ने 'श्रमिक न्याय' के तहत मजदूरों को स्वास्थ्य का अधिकार देने, न्यूनतम मजूदरी 400 रुपये प्रतिदिन सुनिश्चित करने और शहरी रोजगार गारंटी का वादा किया है. वहीं, 'नारी न्याय' के अंतर्गत 'महालक्ष्मी' गारंटी के तहत गरीब परिवारों की महिलाओं को एक-एक लाख रुपये प्रति वर्ष देने समेत कई वादे किए गए हैं.

**10 वर्षों में भारत की जीडीपी को दोगुना करने का लक्ष्य :** कांग्रेस ने घोषणा पत्र में कहा है कि उसने अगले 10 वर्षों में भारत की जीडीपी को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है. यह वादा भी किया है कि वह मॉब लिंचिंग, बुलडोजर न्याय और फर्जी मुठभेड़ जैसे गैर न्यायिक कदमों का पुरजोर विरोध करती है और सत्ता में आने पर इनसे कानून के मुताबिक सख्ती से निपटेगी. इसके अलावा रक्षा बलों के लिए 'वन रैंक वन पेंशन' को सही रूप में लागू करने और मोदी सरकार की ओर से इसमें पैदा की गई विसंगतियों को दूर करने की बात कही गई है. अब शनिवार को जयपुर एवं हैदराबाद में घोषणा पत्र संबंधी जनसभाएं आयोजित की जाएंगी. जयपुर में रैली को कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा संबोधित करेंगी. वहीं, हैदराबाद में जनसभा को राहुल गांधी संबोधित करेंगे.

### अवैध खनन व परिवहन पर पाबंदी लगाने के लिए चलाया जा रहा है अभियान

# बंद खदान में प्रशासन ने की छापामारी

संवाददाता। चांडिल

चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में अवैध खनन व परिवहन पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा छापामारी जारी है. जिला के उपायुक्त के निर्देश पर एक सप्ताह में जिला खनन पदाधिकारी और चांडिल के अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है. अवैध खनन एवं परिवहन पर पाबंदी लगाने के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में शुक्रवार को तड़के चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी शुभ्रा रानी और जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपथी ने चांडिल प्रखंड अंतर्गत घातकीडीह गांव में स्थित एक पत्थर खदान में छापामारी की. छापामारी के दौरान खदान बंद पाया गया. छापामारी के वक्त ना तो पत्थर खनन हो रहा था और ना खदान व आसपास के क्षेत्र से किसी तरह की मशीन या वाहन पाया गया.

**मिली थी गुप्त सूचना :** इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सथपति ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने के बाद पत्थर खदान की जांच की गई, जो बंद पाया गया. उन्होंने बताया कि जांच के दौरान किसी तरह का मशीन जप्त नहीं किया गया है और न खादान के आसपास कोई वाहन मिला. उन्होंने बताया कि उक्त खदान का लीज वैध है, लेकिन कुछ कारणों से तत्काल खनन पर रोक लगाने का निर्देश है. उन्होंने बताया कि देखने पर प्रतित हो रहा कि कभी-कभी खादान में खनन किया जाता है. इसकी जांच की जाएगी, अवैध खनन पाए जाने पर कारवाई की जाएगी. वहीं दूसरी ओर आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह समाजसेवी हरेलाल महतो ने बताया कि उन्हें बदनाम करने के उद्देश्य से विरोधियों द्वारा राजनीतिक षड्यंत्र रचा गया है.



**अभियान** सीईओ ने आदिम जनजाति महिलाओं से की बात, मतदान के बारे में बताया

# मारनकुडी हांसदा ने कहा- मेरा तो गउना हो गया है, मैं कैसे मतदान करूंगी

विशेष संवाददाता। रांची



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने संताल भ्रमण के दौरान आदिम जनजाति की ग्रामीण महिलाओं से लोकसभा चुनाव के मतदान के बारे में बातें की. महिलाओं ने अपनी-अपनी समस्या बतायी. पाकुड़ के फूलपहाड़ी क्षेत्र की महिला मारनकुडी हांसदा ने कहा- मेरा तो गउना हो गया है, मैं कैसे यहां मतदान करूंगी ? मेरा ससुराल दूसरी जगह पर है, कुछ दिन बाद मेरे पति मुझे ससुराल ले जाएंगे. मालूम हो कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी गुरुवार से ही संतालपरगना क्षेत्र का भ्रमण कर सुदूरवर्ती मतदान केंद्रों की व्यवस्था एवं मतदाताओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं का भौतिक निरीक्षण कर रहे हैं. संथाल भ्रमण के क्रम में शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने साहेबगंज, मंडरो, पाकुड़,फूलपहाड़ी स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षणकिया. यहां के आदिम जनजाति क्षेत्रों के मतदाता से मिलकर लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर उनके क्षेत्रों में चल रही तैयारियों पर उनकी प्रतिक्रिया जानी. कुमार ने आए सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए बीएलओ को वोटर हेल्पलाइन ऐप से इन मतदाताओं को जोड़ने का निर्देश दिया. साथ ही यदि को नई बहु बीएलओ के क्षेत्र में आई हैं ,तो उनके मतदाता पहचान पत्र बनवाने के लिए आवेदन अवश्य ले लें.

### देवघर के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह ने शुक्रवार को मधुपुर विधानसभा क्षेत्र के मधुपुर और करौं प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया बूथ संख्या 131, 191, 192, 263 व 264 का निरीक्षण करते हुए बूथों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया. संदीप सिंह ने बीएलओ, बीएलओ सुपरवाईजर को निर्देश देते हुए कहा कि शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है. ऐसे में अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग सुनिश्चित कर सकें.

# आर्थिकी के दो पहलू

चुनाव के समय देश की आर्थिकी पर चर्चा की जरूरत है. देश जिस गति से असमानता के जाल में फंसता जा रहा है, उसके गंभीर खतरों को समय रहते समझने और दूर करने की जरूरत है. चंद लाख या करोड़ लोगों की चमक देश की आर्थिकी की चमक के रूप में बताना उचित नहीं है. इसका मतलब सिर्फ इतना ही है कि देश के बहुमत को मुफ्त राशन के सहारे छोड़ देने की प्रवृत्ति से निजात पाने की जरूरत है. चुनाव के दौरान जिन गारंटियों की बात की जा रही है, उसे कभी प्रधानमंत्री ने ही इसे रेवड़ी बताया था. रेवड़ी संस्कृति इस तथ्य को ही उजागर करता है कि देश में एक ऐसा तबका है, जिसकी क्रय शक्ति और आमदनी घटी है. इसके साथ ही रोजगार विहीन लोगों की संख्या इस समय पिछले 40 सालों में सबसे ज्यादा है. बावजूद इसके वित्त वर्ष 2023-24 में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की उगाही में उछाल आया. अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक जीएसटी के रूप में 20.18 लाख करोड़ रुपये की कुल उगाही हुई. वित्त वर्ष के आखिर महीने यानी बीते मार्च में उगाही में 18.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई. मार्च में उगाही 1.65 लाख करोड़ रुपये रही. साथ ही यह भी बताया गया है कि बीते वित्त वर्ष में यूपीआई भुगतान में 57 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई. यूपीआई पेमेंट अपने-आपमें आर्थिक गतिविधियों के बारे में कोई संकेत नहीं है. यह सिर्फ इस बात का संकेत है कि भारत में अधिक से अधिक लोग नकदी लेन-देन के बजाय ऑनलाइन पेमेंट भुगतान को अपना रहे हैं. टैक्स उगाही का संबंध अवश्य ही आर्थिक गतिविधियों से होता है. अभी जो आंकड़ा सामने है, उसमें यह जानकारी शामिल नहीं है कि जो रकम सरकार की तिजोरी में आई है, उसमें कितनी रकम रिफंड के रूप में वापस चली जाएगी. बहरहाल, भारत में अर्थव्यवस्था का जो स्वरूप उभर रहा है, उसमें जीएसटी या प्रत्यक्ष करों की भी उगाही में बढ़ोतरी कोई असामान्य बात नहीं है. आर्थिक गैर-बराबरी में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है तो इसका एक अर्थ यह भी है कि एक छोटे से तबके के हाथ में धन इकट्ठा होने की रफ्तार बढ़ गई है. भारत जैसी बड़ी आबादी वाले देश में 'छोटे तबके' में मौजूद जनसंख्या भी अपेक्षाकृत खासी होती है. इस तरह देश में लगभग छह से दस करोड़ लोगों का एक समृद्ध वर्ग उभरा है, जिसके पास लग्जरी वस्तुओं पर खर्च करने के लिए अकूत धन है. बाजार के आंकड़ों से जाहिर है कि इस तबके की बदौलत भारत में लग्जरी कारों, घड़ियों, जेवरात, मकान और विलासिता की अन्य वस्तुओं की बिक्री में बड़ा इजाफा हुआ है. इन सभी खरीद-बिक्रियों में ऊंचे स्तर पर जीएसटी देना पड़ता है. यह रकम सरकार की तिजोरी में पहुंचती है. लेकिन उसी समय दूसरी सच्चाई यह है कि आम वस्तुओं, यहां तक कि सामान्य खाद्य पदार्थों के भी उपभोग में गिरावट जारी है. इसलिए जीएसटी आंकड़ों के आधार पर देश की आर्थिक खुशहाली की कहानी बुनने का कोई ठोस आधार नहीं है.

> यूपीआई पेमेंट अपने-आपमें आर्थिक गतिविधियों के बारे में कोई संकेत नहीं है. यह सिर्फ इस बात का संकेत है कि भारत में अधिक से अधिक लोग नकदी लेन-देन के बजाय ऑनलाइन पेमेंट भुगतान को अपना रहे हैं.

## सुभाषित


**अभिवादनशीलस्य, नित्यं वृद्धोपसेविनः।**
**चत्वारि तस्य वर्धन्ते, आयुर्विद्या यशोबलम्।।**

जो अपने से बड़ों का सदैव आदर करता है, किसी भी प्रकार से उनका अभिवादन करता है और जो वृद्धों की नित्य सेवा किया करता है, उसकी चार चीजें बढ़ती हैं – आयु, विद्या, कीर्ति और शक्ति.

# अबकी बार, किसकी सरकार

**18वीं लोकसभा के लिए हो रहे चुनाव में भाजपा और उसके सहयोगी जहां निर्वाचन आयोग की घोषणा के पहले ही अपनी बिसातें बिछाने लगे थे, दनादन प्रत्याशियों का एलान करने लगे थे, वहीं इंडिया ब्लॉक की मधुरी चाल उसके लिए भारी पड़ सकती है. कांग्रेस इस मामले में शुरू से दीर्घसूत्री रही है. छठवें-सातवें चरण के भी एनडीए प्रत्याशी प्रचार में जुट गए हैं, जबकि दूसरे पक्ष के बहुतेरे लोग उम्मीदवारी की उम्मीद में यहां से वहां दौड़-धूप कर रहे हैं.**

• देश-काल



श्याम किशोर चौबे


नरेंद्र मोदी की नई उम्मीद, 'अबकी बार, 400 पार' पर उद्धव ठाकरे के तंज, 'अबकी बार, भाजपा तड़ीपार' में हकीकत कौन है और फसाना कौन? मोदी अपना चोला बदलते रहे हैं. 2014 में केंद्रीय राजनीति में वे 'बहुत सही महंगाई की मार, अबकी बार मोदी सरकार' नारा लेकर अवतरित हुए थे. उस समय अपनी चुनावी सभाओं में वे 60 महीने की मोहलत मांगते थे. 2019 में उन्होंने 'अबकी बार, फिर मोदी सरकार' की जिद कर दी और भारत ने पिछली बार के मुकाबले 21 सीटें अधिक देते हुए उनको 303 पर पहुंचा दिया था. क्या एक बार फिर वैसा ही करिश्मा होगा? 2014 और 2019 में कांग्रेस और उसके सहयोगी दल चुनाव के पहले ही निराश और कतई हताश दिखने लगे थे. इस बार वे ...400 पार के सापेक्ष, ... तड़ीपार कहने का साहस तो दिखा रहे हैं. यह कहा किसने? पिछले दो चुनावों में भाजपा की सहयोगी रही उद्धव सेना ने. उस शिवसेना ने, जिसको 13 महीने पहले 17 फरवरी 2023 को तोड़-फोड़कर लूट लिया गया. उसके कुछ ही काल बाद जुलाई 2023 में एनसीपी का भी यही हश्र हुआ. दिग्गज नेता शरद पवार देखते रह गये, उनके भतीजे अजित पवार पार्टी ले उड़े. ये लुटे-पिटे लोग/दल भी महाबली भाजपा को चुनौती देते दिख रहे हैं तो फौरी तौर पर उनके हौसले की दाद देनी पड़ेगी. उद्धव सेना और शरद एनसीपी का ही हाल विपक्षी ब्लॉक इंडिया का है, जो पिछले साल जुलाई-अगस्त में फुरफुराने लगा था. जितने दल और जिस तरह के राजनेता उससे जुड़े थे, उससे लग रहा था कि इसके भी पर लग जाएंगे, लेकिन जदयू आदि साथ छोड़ गए. जो बचे हैं, उनका भरोसा और हौसला कायम रहे, यही बहुत होगा.

महादेशनुमा भारत में चुनाव जीतने का कोई एक फार्मूला नहीं होता. रोकड़े की महिमा अपरम्पार है. हर स्तर पर कार्यकर्ताओं का उत्साह, नेताओं की बोली-बानी, चुनावी चतुराई और विश्वसनीयता बहुत मायने रखती है. 18वीं लोकसभा के लिए हो रहे चुनाव में भाजपा और उसके सहयोगी जहां निर्वाचन आयोग की घोषणा के पहले ही अपनी बिसातें बिछाने लगे थे, दनादन प्रत्याशियों का एलान करने लगे थे, वहीं इंडिया ब्लॉक की मधुरी चाल उसके लिए भारी पड़ सकती है. कांग्रेस इस मामले में शुरू से दीर्घसूत्री रही है. छठवें-सातवें



चरण के भी एनडीए प्रत्याशी प्रचार में जुट गए हैं, जबकि दूसरे पक्ष के बहुतेरे लोग उम्मीदवारी की उम्मीद में यहां से वहां दौड़-धूप कर रहे हैं. मोदी-शाह की सबसे बड़ी खासियत सामनेवालों की कमजोर नसों की पहचान है. उन नसों को दबाने, उलझाने और चटखाने में उनको महारत है. राजनीतिक रणनीति की यह खामी नहीं, खूबी है. प्रतिपक्ष अपने को समेटने में अस्त-व्यस्त रखने के अलावा कुछ विशेष कर नहीं पाता, तबतक सेंधमारी हो जाती है. समय रहते वह होमवर्क भी नहीं कर पाता. एनडीए के प्रत्याशियों की घोषणा इंडिया खेमे के लिए फायदेमंद हो सकती है, बशर्ते वह सामनेवाले को नाप-तौलकर हेवीवेट पेश कर दे. लुटे-पिटे परिवार में ऐसे हेवीवेट आएंगे कहां से? जहां-जहां जिस किसी भी सूरत में वह ऐसा कर पाएगा, वहां-वहां उसके लिए उम्मीद बन जाएगी, क्योंकि भाजपा के पास कंगना रनौत जैसी भी नायिकाएं हैं, जो यह कहने में खुद को जब्त नहीं कर पातीं कि 1947 में हमें आजादी भीख में मिली थी, असल आजादी तो 2014 में मिली. ऐसी बोली-बानी भारतीय मानस का दिल जीतने के बजाय उसे आहत ही करती है. अभी 30 मार्च को हैदराबाद स्थित नालसार यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ में 'कोर्ट्स एंड द कॉन्स्टिट्यूशन' सम्मेलन में सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस बीबी नागरत्ना ने कहा, '8 नवंबर 2016 को अचानक की गई नोटबंदी सही नहीं थी. यह कालेधन को सफेद करने का अच्छा रास्ता बन गया'. प्रतिपक्ष क्या इसे भुनाने में सफल हो पाया? ऐसे एक नहीं अनेक सवाल/दृष्टांत हैं, जो प्रतिपक्ष का संबल बन सकते हैं, हालांकि सबकुछ तय करना है भारतीय जनमानस को. सात चरणों में हो रहे आम चुनाव के लिए मार्च का अंतिम दिन खास था. इसी दिन मेरठ में मोदी ने अपनी ओर से चुनाव प्रचार का आगाज किया था और इसी दिन दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया ब्लॉक ने रैली कर अपना इरादा जाहिर किया था. इसी रैली में ठाकरे ने ...तड़ीपार वाली बात कही थी. मोदी ने मेरठ में गर्व से कहा, 'बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी जेल में हैं, कोर्ट के चक्कर काट रहे हैं. मैं भ्रष्टाचार पर कार्रवाई कर रहा हूं. भ्रष्टाचार हटाओ मेरी गारंटी है. पिछले दस वर्षों में आपने भ्रष्टाचार का ट्रेलर देखा है'....तो क्या भ्रष्टाचार की फिल्म पर जब वे काम करेंगे तो गोद लिए नारायण राणे, एकनाथ शिंदे, अजित पवार, हिमंत बिस्वा सरमा, सुवेंदु अधिकारी, बीएस बोम्मई, जनार्दन रेड्डी आदि-आदि की बारी आएगी या तबतक वे प्रफुल्ल पटेल बन जाएंगे, जिनके मामले में हाल ही क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी गई है. झारखंड में चार मुकदमों में सजायाफ्ता और तरह-तरह के 50 केस झेल रहे ढुलू महतो को प्रत्याशी बनाने से कैसा इरादा झलकता है? ऐसी ही परिस्थितियों पर रामलीला मैदान में राहुल गांधी ने कहा, 'ये कैसे चुनाव! डरा-धमका कर नेताओं को जेल भेज रहे, पीएम मोदी चुनाव में मैच फिक्सिंग की कोशिश कर रहे'. दोनों ओर से कहने को बहुत कुछ है. सुननेवाला भी होना चाहिए. 2019 को याद करें तो कुल मतदाताओं में से 25 फीसद भी जिसकी सुनें, वही मीर. बाकी फकीर. प्रतिपक्ष की फकीरी कायम रही तो 2029 को वह भूल जाय.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## स्वार्थ भरा संशय

एक अमीर व्यक्ति था. उसने समुद्र में तफरी के लिए एक नाव बनवाई. छुट्टी के दिन वह नाव लेकर समुद्र की सैर के लिए निकल पडा. अभी मध्य समुद्र तक पहुंचा ही था कि अचानक जोरदार तूफान आया. उसकी नाव थपेडों से क्षतिग्रस्त हो, डूबने लगी, जीवन रक्षा के लिए वह लाइफ जैकेट पहन समुद्र में कूद पडा. जब तूफान थमा तो उसने अपने आपको एक द्वीप के निकट पाया. वह तैरता हुआ उस टापू पर पहुंच गया. वह एक निर्जन टापू था, चारों ओर समुद्र के अलावा कुछ भी नजर नहीं आ रहा था. उसने सोचा कि मैंने अपनी पूरी जिदंगी किसी का, कभी भी बुरा नहीं किया, फिर मेरे ही साथ ऐसा क्यों हुआ..? एक क्षण सोचता, यदि ईश्वर है तो उसने मुझे कैसी विपदा में डाल दिया. दूसरे ही क्षण विचार करता कि तूफान में डूबने से तो बच ही गया हूं. वह वहां पर उगे झाड-पत्ते-मूल आदि खाकर समय बिताने लगा. भयावह वीरान अटवी में एक मिनट भी, भारी पहाड सम प्रतीत हो रही थी. उसके धीरज का बांध टूटने लगा. ज्यों ज्यों समय व्यतीत होता, उसकी रही सही आस्था भी बिखरने लगी. उसका संदेह पक्का होने लगा कि इस दुनिया में ईश्वर जैसा कुछ है ही नहीं! निराश हो वह सोचने लगा कि यहां आश्रय के लिए क्यों न एक झोपडी बना लूं..? उसने सूखी डालियों, टहनियों और पत्तों से एक छोटी सी झोपडी बनाई. अभी रात हुई ही थी कि अचानक मौसम बदला, अम्बर गरजने लगा, बिजलियां कडकने लगी. सहसा एक बिजली झोपड़ी पर आ गिरी और आग से झोपडी धधकने लगी. अपने श्रम से बने, अंतिम आसरे को नष्ट होता देखकर वह आदमी पूरी तरह टूट गया. वह आसमान की तरफ देखकर ईश्वर को कोसने लगा, ₹तूं भगवान नहीं , राक्षस है. तूं समदृष्टि नहीं, क्रूर है.₹ सर पर हाथ धरे हताश होकर संताप कर रहा था कि अचानक एक नाव टापू किनारे आ लगी. नाव से उतरकर दो व्यक्ति बाहर आये और कहने लगे, ₹हम तुम्हें बचाने आये हैं, यहां जलती हुई आग देखी तो हमें लगा कोई इस निर्जन टापू पर मुसीबत में है और मदद के लिए संकेत दे रहा है. यदि तुम आग न लगाते तो हमें पता नही चलता कि टापु पर कोई मुसीबत में है! ओह! वह मेरी झोपडी थी. उस व्यक्ति की आंखो से अश्रु धार बहने लगी. हे ईश्वर! यदि झोपडी न जलती तो यह सहायता मुझे न मिलती. वह कृतज्ञता से द्रवित हो उठा. मैं सदैव स्वार्थपूर्ती की अवधारणा में ही तेरा अस्तित्व मानता रहा. अब पता चला तूं अकिंचन, निर्विकार, निस्पृह होकर, निष्काम कर्तव्य करता है. कौन तुझे क्या कहता है या क्या समझता है, तुझे कोई मतलब नहीं. मेरा संशय भी मात्र मेरा स्वार्थ था.

# ग्लोबल वार्मिंग : दुनिया के लिए बड़ा खतरा

• पर्यावरण

ज्ञानेन्द्र रावत

विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार, अगले पांच साल में वैश्विक तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने के 66 फीसदी आसार हैं. हालांकि पर्यावरण विज्ञानी जेक हौसफादर की मानें तो 1.5 डिग्री सेल्सियस वैश्विक तापमान 2030 से पहले पहुंचने की उम्मीद नहीं है. लेकिन हरेक साल 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान के करीब पहुंचना भी बड़ा संकट है. ला नीना से अल नीनो में तबदील होने की स्थिति में जहां पहले बाढ़ आती थी, वहां अब सूखा पड़ेगा और जहां पहले सूखा पड़ता था, वहां अब बाढ़ के आने का अंदेशा है. दुनिया में तापमान में हो रही बढ़ोतरी खतरे का संकेत है. जलवायु परिवर्तन ने इसमें अहम भूमिका निभाई है. दरअसल, तापमान की तुलना का यह वह समय है, जब औद्योगीकरण से फॉसिल फ्यूल का उत्सर्जन शुरू नहीं हुआ था. विज्ञानियों ने अल नीनो के कारण गर्मी के इस तरह के भीषण उफान की आशंका जताई है. यह सब कोयला, तेल और गैस के जलाने की सभी सीमाएं पार करने का दुष्परिणाम है. फिर बीते सालों की प्राकृतिक घटनाओं को देखते हुए यह कम आश्चर्यजनक नहीं है कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से निपटने में तत्परता से कारगर कदम उठाने में वैश्विक समुदाय उतना सजग नहीं दिखता, जितना होना चाहिए. बीते साल मार्च, 2023 से इस साल 2024 के बीच के बारह महीनों में वैश्विक तापमान ने 1.5 डिग्री की सीमा को पार कर लिया है. विश्व मौसम विज्ञान संगठन यानी डब्ल्यूएमओ की रिपोर्ट की मानें तो न केवल बीता वर्ष, बल्कि पूरा बीता दशक धरती पर अभी तक का सबसे गर्म दशक रहा है. संगठन ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यह वर्ष भी गर्मी का रिकॉर्ड तोड़ सकता है. यूरोपीय पर्यावरणीय एजेंसी यानी ईईए की मानें तो यूरोप तेजी से बढ़ते तापमान के कारण जलवायु संबंधित खतरों से जूझने के लिए तैयार नहीं है. जंगलों की आग की चपेट में वहां के घर आ रहे हैं, मौसमी आपदाओं का असर लोगों की आर्थिक स्थिति को प्रभावित कर रहा है. इस बाबत ईईए की एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर कहती हैं कि यूरोप की जलवायु खतरे में है. यह खतरा हमारी तैयारियों की तुलना में तेज गति से बढ़ रहा है. हमें फसल और लोगों की सुरक्षा के लिए तात्कालिक कार्रवाई की जरूरत है. यदि निर्णायक कार्रवाई अभी नहीं हुई तो सदी के अंत तक अधिकतर जलवायु खतरे गंभीर होंगे. यदि तापमान वृद्धि दर पर अंकुश नहीं लगा तो सदी के अंत तक गर्मी से 1.5 करोड़ लोगों की जिंदगी संकट में आ जायेगी. इसका अहम कारण जीवाश्म ईंधन के उत्सर्जन से सदी के अंत तक सर्वाधिक गर्मी होना है. अमेरिका की पर्यावरण संस्था ग्लोबल विटनेस और कोलंबिया यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने कहा कि दुनिया की प्रमुख जीवाश्म ईंधन कंपनियों द्वारा तेल और गैस का अत्यधिक मात्रा में उत्सर्जन अहम कारण है. यदि उत्सर्जन स्तर 2050 तक यही रहा तो 2100 तक गर्मी भयावह स्तर तक पहुंच जायेगी. नतीजा लाखों जिंदगियों के अस्तित्व पर सवालिया निशान हो सकता है. शोधकर्ताओं के मुताबिक, पिछले कुछ वर्षों में हीटवेव ने तकरीबन हर महाद्वीप को प्रभावित किया. क्लाइमेट चेंज जर्नल में प्रकाशित अध्ययन की मानें तो यदि तापमान में तीन डिग्री की बढ़ोतरी होती है तो जहां हिमालय में सूखा पड़ने की संभावना प्रबल है, वहीं सर्वाधिक नुकसान कृषि क्षेत्र को उठाना पड़ेगा. इससे सबसे अधिक भारत और ब्राजील का 50 फीसदी से अधिक कृषि क्षेत्र प्रभावित होगा. क्लाइमेट ट्रेंड्स की रिपोर्ट के मुताबिक जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से हिमालय पर कम सर्दी का सामना करना पड़ेगा. इसका कारण मौसम का पैटर्न बदलना रहेगा. वहीं अत्यधिक तापमान के असर से समय पूर्व जन्म दर में बढ़ोतरी का खतरा 60 फीसदी तक बढ़ जायेगा. बच्चों में हानिकारक स्वास्थ्य प्रभावों के लिए जिम्मेदार होगा. ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट की मानें तो बढ़ते तापमान से अमेरिका से चीन तक खेत तबाह हो चुके हैं. दरअसल, समस्या की जड़ जीवाश्म ईंधन है, जिससे हमें दूर जाने की जरूरत है. फिर जलवायु संरक्षण की कार्रवाई में जी-20, सीओपी-29 और सीओपी 30 का आपस में कुछ न कुछ जुड़ाव जरूर है, जिसे अनदेखा नहीं किया जा सकता. इसमें ग्लोबल साउथ की भूमिका कहां तक और कितनी सफल होगी, यह भविष्य के गर्भ में है.

> बीते साल मार्च, 2023 से इस साल 2024 के बीच के बारह महीनों में वैश्विक तापमान ने 1.5 डिग्री की सीमा को पार कर लिया है. विश्व मौसम विज्ञान संगठन यानी डब्ल्यूएमओ की रिपोर्ट की मानें तो न केवल बीता वर्ष, बल्कि पूरा बीता दशक धरती पर अभी तक का सबसे गर्म दशक रहा है. संगठन ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यह वर्ष भी गर्मी का रिकॉर्ड तोड़ सकता है.

# भारत में 83 प्रतिशत बेरोजगार हैं युवा!

• बेरोजगारी

नवनीत

हाल की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में हरेक 100 बेरोज़गारों में से 83 युवा हैं. यह रिपोर्ट 2022 तक के आंकड़े सामने रखती है. 'आईएलओ' (इण्टरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन) और 'आइएचडी' (इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन डेवलपमेंट) द्वारा जारी किये गये इस सर्वे में और भी कई तथ्य सामने आये हैं. भारत के कुल बेरोज़गारों में पढ़े-लिखे युवाओं की संख्या साल 2000 के मुक़ाबले 2022 तक दोगुनी हो गयी. देश के शिक्षित बेरोज़गारों की संख्या जो कि वर्ष 2000 में 35.2 फ़ीसदी थी, वह 2022 में बढ़कर 65.7 फ़ीसदी हो चुकी है. दूसरी ओर असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों ही नहीं, बल्कि संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों की आय में भी गिरावट देखने को मिली है तथा अकुशल मज़दूरों को न्यूनतम मज़दूरी तक नसीब नहीं होती है. भारत में बेरोज़गारी की हक़ीक़त हम सभी पहले से ही जानते हैं. अब इस अन्तरराष्ट्रीय पूंजीवादी संस्था द्वारा जारी आंकड़े ही 'अच्छे दिनों' के जुमले पर कालिख पोतते नज़र आ रहे हैं. जनता को तो अपने हालात समझने के लिए आंकड़ों की कोई दरकार ही नहीं थी. इसके लिए तो हम भर्तियों में एक-एक पद के पीछे निराश-हताश हज़ारों-लाखों युवाओं की भीड़ को आये दिन देखते ही हैं. भारत में बढ़ती बेरोज़गारी का कारण फ़ासीवादी मोदी सरकार की पूंजीपरस्त नीतियां हैं. वैसे तो पिछली सरकारों और गैर-भाजपा राज्य सरकारों के दौरान भी रोज़गार के हालात कोई बेहतर नहीं थे, लेकिन केन्द्र व राज्यों के भाजपा के फ़ासीवादी शासन ने स्थिति को नारकीय बना दिया है. हर साल 2 करोड़ नये रोज़गार पैदा करने का जुमला उछालने वाले मोदी के राज में इस वक्त तक़रीबन 32 करोड़ लोग बेरोज़गारी का दंश झेल रहे हैं. रोज़गारशुदा लोगों तक भी मन्दी की आंच पहुंच रही है और कई प्रतिष्ठित कम्पनियां भी अपने कर्मचारियों की धड़ल्ले से छंटनी कर रही हैं. मोदी सरकार ने खुद यह माना कि इसके कार्यकाल के दौरान 22 करोड़ 5 लाख युवाओं ने केन्द्र की नौकरियों के लिए आवेदन किया और केवल 7 लाख 22 हज़ार को ही नौकरी मिली. भाजपा के शासन के दौरान उदारीकरण-निजीकरण की नीतियों की मार जनता के ऊपर भयंकर रूप से पड़ रही है. सार्वजनिक क्षेत्र की तमाम कम्पनियों और संस्थानों को बेरोकटोक ढंग से बेचा जा रहा है. इसके परिणामस्वरूप सरकारी नौकरियों में भयंकर कमी आयी है. शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, सिंचाई, पेयजल, बिजली समेत तमाम विभागों में लाखों-लाख पद खाली पड़े हुए हैं. भाजपा के राज में नाममात्र की भर्तियां निकली हैं. उनमें भी ज़्यादातर पेपर लीक, धान्धलीबाजी और कोर्ट केस का शिकार हुई. देश के युवा रोज़गार के लिए अपनी जान जोख़िम में डालते हुए युद्धरत इज़रायल तक में जाने को तैयार हैं. युवाओं की आत्महत्या के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, जिसका कारण भी बेरोज़गारी के ख़तरनाक हालात हैं. साल 2017 से 2021 तक के चार सालों के दौरान 7,20,611 लोगों ने आत्महत्या की, जिनमें ज़्यादातर छात्र-नौजवान और गरीब लोग शामिल थे. इस सबके बावजूद जुमलेबाज़ सरकार विकसित भारत की बीन बजाने में लीन है और जनविरोधी गोदी मीडिया इसकी अभ्यर्थना में लगा हुआ है. फ़ासीवादी भाजपा के निरंकुश शासन का एक-एक दिन छात्रों-युवाओं और आम जनता पर भारी पड़ रहा है. ऐसे हालात में अपने रोज़गार को सुरक्षित करने के लिए हमारे पास एकजुट संघर्ष का ही रास्ता बचता है. हमें जाति-धर्म के नाम पर बंटवारे की राजनीति करने वाले तमाम संगठनों के झण्डों को धूल में फेंककर रोज़गार-शिक्षा-चिकित्सा आदि हमारे असली हक़-अधिकारों के लिए एकजुट होना चाहिए. हमें संगठित होकर निजीकरण को रोकने, विभागों में खाली पदों को भरने, ठेकेदारी प्रथा समाप्त करने, बेरोज़गारी भत्ता हासिल करने जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरना चाहिए. आगामी चुनावों में वोट की भीख मांगने के लिए हमारे दरवाजों पर आने वाले भाजपा नेताओं से हमें पूछना चाहिए कि दो करोड़ रोज़गार के जुमले का क्या हुआ और उन्हें अपने द्वार से उल्टे पांव भगाना चाहिए. यदि हम एकजुट नहीं हुए तो फ़ासीवादी मोदी सरकार फिर से सत्ता में आयेगी और इसको वही काम करना है, जो वह कर रही है. मौद्रीकरण और निजीकरण के रूप में अदानी-अम्बानी, टाटा-बिरला की सेवा जारी है. पीएम केयर, इलेक्टोरल बॉण्ड जैसे घोटाले करके धन्नासेठों को देश को लूटने की छूट देकर अपनी तिजोरी भरी जा रही है. लूट और झूठ पर पर्दा डालने के लिए जनता और उसके युवा बेटे-बेटियों को जाति-धर्म-मन्दिर-मस्जिद के नाम पर आपस में लड़ाया जा रहा है.

> भाजपा के राज में नाममात्र की भर्तियां निकली हैं. उनमें भी ज़्यादातर पेपर लीक, धान्धलीबाजी और कोर्ट केस का शिकार हुई. देश के युवा रोज़गार के लिए अपनी जान जोख़िम में डालते हुए युद्धरत इज़रायल तक में जाने को तैयार हैं. युवाओं की आत्महत्या के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, जिसका कारण भी बेरोज़गारी के ख़तरनाक हालात हैं.

## मीडिया में अन्यत्र

# मध्यम अवधि की आर्थिक नीति

**सरकार** ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उसकी योजना एक विकसित भारत तैयार करने की है. इस लक्ष्य के लिए कई तिथियों के सुझाव सामने आए, हालांकि सबसे अधिक जिक्र 2047 का है जब देश की आजादी की 100वीं वर्षगांठ होगी. ऐसी महत्त्वाकांक्षा तय करना एकदम उचित है. बहरहाल, ऐसे लक्ष्य के लिए जिस पैमाने पर वृद्धि हासिल करनी होगी, उसे हासिल करना आसान नहीं होगा. इसके लिए दशकों तक साल दर साल कम से कम आठ फीसदी की दर से वृद्धि हासिल करनी होगी. यदि हम ऐसा कर सके तब जाकर 14,000 डॉलर प्रति व्यक्ति के नॉमिनल सकल घरेलू उत्पाद तक पहुंच सकेंगे, जो उच्च आय वाले देशों के लिए वर्तमान मानक है. अब तक करीब छह देशों ने यह स्तर हासिल किया है, परंतु ऐसी वृद्धि हासिल करना संभव है. चीन वर्षों की तेज वृद्धि के बाद अगले कुछ वर्षों में 14,000 डॉलर का स्तर प्राप्त कर सकता है. यह स्थिति तब है, जबकि हाल के दिनों में चीन की आर्थिक गति कमजोर पड़ी है. पूर्वी यूरोप और पूर्वी एशिया के कई देशों ने भी इस समय में तेज वृद्धि बरकरार रखी है. भारत जैसे जटिल देश में यह स्पष्ट है कि ऊंची और टिकाऊ वृद्धि अपने आप नहीं आएगी. वर्तमान परिदृश्य में तो ऐसा ही प्रतीत होता है. सन 1990 और 2000 के दशक की स्वर्णिम अवधि के उलट आज वैश्विक हालात प्रतिकूल हैं. महत्त्वाकांक्षी विकासशील देशों के लिए भी हालात मुश्किल हैं. इसकी कई वजह हैं. पहली, कारोबारी व्यवस्था बहुत सीमित हो गई है, क्योंकि विभिन्न देश ऐसी औद्योगिक नीतियों में व्यस्त हैं जहां घरेलू सब्सिडी और शुल्क दरों से जुड़े प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं. दूसरा, अमेरिका और चीन के बीच छिड़े शीतयुद्ध ने मूल्य श्रृंखलाओं को विभाजित कर दिया और निवेश रणनीतियों को जटिल बना दिया. तीसरा, तकनीकी बदलावों ने किफायती श्रम लागत के इर्दगिर्द बनी विकास नीतियों को मुश्किल बना दिया है.अन्य वृहद रुझानों को भी इसमें शामिल करना होगा, जिसमें जलवायु परिवर्तन का प्रभाव तथा पर्यावरण के अनुकूल बदलावों का असर शामिल है. कार्बन उत्सर्जन को कम करने की आवश्यकता भारत समेत किसी भी देश की क्षमता को प्रभावित करती है. उन्हें सस्ती ऊर्जा के लिए घरेलू कोयले पर निर्भर रहना पड़ता है. इससे औद्योगीकरण की लागत बढ़ती है, क्योंकि मध्यवर्ती वस्तुएं बनाने के लिए उच्च लागत वाली तकनीकों की आवश्यकता होती है. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### अनुकरण/अनुसरण

**आखें** बंद कर किसी का अनुकरण करना ठीक नहीं होता. अभ्यास के लिए लेखकों और कवियों की उपलब्ध उत्कृष्ट रचनाओं का अध्ययन एवं अनुसरण करना चाहिए. इन वाक्यों में हमारे सामने एक जैसे लगने वाले दो शब्द मिलते हैं- अनुकरण और अनुसरण. सामान्यतः दोनों शब्दों के अर्थ भी समान ही हैं, लेकिन प्रयोग करने के बाद उत्पन्न विशिष्ट अर्थ से उनके अलग होने का आभास सहज ही हो जाता है. समानार्थी होने के बावजूद दोनों शब्दों के बीच के सूक्ष्म अंतर को समझने के लिए इनकी व्युत्पत्ति पर विचार किया जाना आवश्यक है. अनुकरण और अनुसरण दोनों शब्द तत्सम पुल्लिंग हैं. दोनों ही अनु उपसर्ग से बनते हैं. यानी करण शब्द के साथ अनु जुड़ता है तो अनुकरण शब्द बनता है और सरण के साथ अनु जुड़ता है तो अनुसरण. अनु उपसर्ग का मतलब पीछे, अनुगामी, सदृश, साथ, प्रत्येक है. हिंदी शब्दकोशों में अनुकरण और अनुसरण को समानार्थी ही बताया गया है. अनुकरण किसी मॉडल, उदाहरण, पैटर्न आदि को सामने रख कर किया जाता है. अनुकरण किसी चीज का प्रतिनिधित्व है. आवश्यक नहीं कि वह चीज वास्तविक ही हो. वह काल्पनिक भी हो सकता है. अनुसरण का अर्थ है किसी के कार्यों को देख कर या पढ़ कर उसी की तरह कार्य करना. अनुकरण का मतलब है किसी के कार्यों की छानबीन किये उसके कार्यों की नकल करना. यहां ध्यान रखने की बात है अंधानुकरण होता है, लेकिन अंधानुसरण नहीं होता. अनुसरण का मतलब है किसी के पथ को अपनाना, किसी के पीछे-पीछे चलना, साथ-साथ चलना, किसी के सिद्धांतों को मानना, किसी के अनुसार चलना. उसी प्रकार अनुकरण का अर्थ है किसी की नकल करना, किसी से प्रेरणा लेना, किसी जैसा बनना. अनुकरण का अर्थ है नकल करना और अनुसरण का अर्थ है किसी के द्वारा दिये गये मार्गदर्शन या आदेशों का अनुपालन. हिंदी के अनुकरण का यूनानी भाषा में समानार्थी है मिमेसिस, जिसका अंग्रेजी अनुवाद है इमिटेशन. अनुकरण का अर्थ है नकल या प्रतिलिपि या प्रतिच्छाया.

# ए जी, ओ जी, लो जी, सुनो जी....!

• तीर-तुक्का

डॉ. प्रदीप उपाध्याय

ए जी, ओ जी, लो जी, सुनो जी वन टू का फोर,फोर टू का वन जैसा कारनामा तो लखन ही कर सकता था, लेकिन नहीं जी ! अब तो यह खुले बाजार हो चला है. हर किसी ऐरे गैरे नत्थू खैरे के नाम के साथ जी. नाम के साथ जी लगाना मजबूरी है या दिल से निकलने वाला सम्मान का भाव! मुझसे किसी ने पूछा. तो मैंने तो यही कहा कि भाई, यह तो शिष्टाचार है. भले ही वह लायक हो या न हो. लिहाज रखने के लिए तो नाम के साथ जी जरूरी है. लेकिन वे सहमत नहीं हुए, बोले-यह जी तो जी का जंजाल बन गया है. माना कि टू जी, थ्री जी ने परेशान कर रखा था, लेकिन उनको इस बात का तो ध्यान रखना था कि इनका अर्थ लाभ पाने के चक्कर में सामर्थ्य लाभ खो देना पड़े ,ऐसा जी किस काम का! जी से परहेज तो नहीं होना चाहिए. हमारी तो घरवाली ही सुबह-शाम हमें ए जी, ओ जी, लो जी, सुनो जी करती रहती हैं, लेकिन हमने आजतक कभी इस बात पर न तो बुरा माना, न परेशान हुए. वैसे तो हमने जब-जब उनसे कहा कि प्रिये, ये क्या तुम हमें ए जी, ओ जी कहती रहती हो, हमारे नाम से सीधे क्यों नहीं पुकारती, तो वे यही कहती हैं कि अरे हुजूर, मर्यादा का तो हमें ध्यान रखना पड़ता है, कैसे नाम से पुकार सकती हैं. रिस्पेक्ट नाम की भी कोई चीज है कि नहीं! इस वार्तालाप के बाद अब हमें इस ए जी, ओ जी में भी संशय होने लगा है. क्योंकि मार्केट में यह स्पष्टीकरण भी चल ही रहा है कि जैश ए मोहम्मद के प्रमुख यानी आतंकी सरगना मसूद अजहर को राहुल गांधी जी द्वारा कहा गया सम्बोधन मसूद अजहर जी कांग्रेस पार्टी की नजर में तंज है. वैसे तो पूर्व में भाजपा के केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद जी भी एक आतंकवादी के नाम के साथ जी का प्रयोग कर चुके हैं. हालांकि इसे भी उन्होंने कटाक्ष ही बताया था. इस मामले में कांग्रेसी दिग्गज दिग्विजय सिंह जी भी आदर देने में कहां पीछे रहे हैं. उन्होंने ओसामा जी और हाफिज़ सईद साहब कहकर आतंक के पर्याय लोगों को मान देने में कोई कसर बाकी नहीं रखी. वैसे भी आरोप लग जाने से ही तो कोई अपराधी नहीं हो जाता! बहरहाल, अब जी लगाकर मान दिया जाता है या कटाक्ष किया जाता है, यह आज के हालात में विचारणीय हो गया है. अगर यह तंज है तो प्यार से, दुलार से, मान से होने वाला जी कैसा होगा! कहीं ऐसा तो नहीं कि पत्नी मर्यादा के नाम पर या डर के कारण ए जी, ओ जी करती फिरती हैं?



# बायोस्कोप

हस्ताक्षर



विनोद अनुपम
वरिष्ठ फिल्म स्तंभकार

**'क्वीन' कंगना के करियर की खास फिल्म है जो महिला सशक्तीकरण की प्रतीक फिल्म के रुप में हिंदी में देखी जाती रहेगी. यहां कंगना अपने अकेलेपन के साथ नहीं, परिवार, दोस्त और समाज के साथ दिखती थीं.**

## एक जो है कंगना



*कंगना की राजनीतिक सक्रियता हमेशा सुर्खियों में है, चाहे वह इंडस्ट्री का मामला हो, या फिर देश समाज का. कंगना चुप नहीं रहती.*

हिंदी सिनेमा के अभिनेता या अभिनेत्रियों में कंगना ऐसी अकेली होगी, जिसके चुनाव नहीं लड़ने पर लोग आश्चर्य करते. आमतौर पर चुनावों में सितारों के नाम की घोषणा अचानक ही होती है. आश्चर्य नहीं कि चुनाव में उतरने के पहले और बाद भी उनकी राजनीतिक सक्रियता आमतौर पर नहीं देखी जाती. कंगना की राजनीतिक सक्रियता हमेशा सुर्खियों में है, चाहे वह इंडस्ट्री का मामला हो, या फिर देश समाज का. कंगना चुप नहीं रहती. कुछेक साल पहले करण जौहर के एक इंटरव्यू से शुरु हुए नेपोटिज्म के विवाद ने इंडस्ट्री को कठघरे में खडा कर दिया, और अपनी झेंप मिटाने इंडस्ट्री कंगना पर फूहड आक्रमण में एकजुट हो गई, जिसका पुरजोर मुकाबला कंगना लगातार करती रही. जब पूरी इंडस्ट्री सुशांत सिंह राजपूत की मौत पर गुम साधे पडी थी, कंगना ने एक बार फिर कमान संभाली और उसकी मौत को नेपोटिज्म से जोडते हुए मुंबई पुलिस के इन्वीटिगेशन पर सवाल उठाए. मामला राममंदिर का हो, या कश्मीरी ब्राह्मणों का कंगना अपनी ईमानदार राय देने से कभी नहीं चूकती. व्यवसायिक चुप्पी उसके स्वभाव में ही नहीं थी. हिमाचल प्रदेश के ठंडे वातावरण में जन्मी कंगना की पढ़ाई पहले चंडीगढ और फिर दिल्ली में हुई. दिल्ली में ही अरविंद गौड के साथ उसने थिएटर सीखा, और थिएटर की छोटी सी लेकिन मजबूत विरासत लेकर अपने दृढ इरादे के साथ मुबई आ गई. पहली फिल्म मिली गैंगस्टर, और यहीं साथ मिला महेश भट्ट का. इस फिल्म में कई ऐसे दृश्य थे जिसे निभाना सहज नहीं हो सकता था, लेकिन कंगना ने बेहिचक उन दृश्यों को अभिनीत किया. कहते हैं पहले 'गैंगस्टर' के ऑडिशन में कम उम्र कह कर इसे मना कर दिया गया था, बाद में बुला कर एक अपराधी की प्रेमिका की भूमिका इसे मिली. 2006 में इस फिल्म को अबू सलेम की जिंदगी से प्रेरित के रुप में प्रचारित किया गया था. इसी साल कंगना को 'वो लम्हें' मिली, जो परवीन बाबी और महेश भट्ट के जीवन से प्रेरित बताई जा रही थी. कंगना अपने काम के प्रति कितनी ईमानदार थी, और किस साहस और जीवट के साथ अपनी भूमिका को उतारने की कोशिश की इसकी गवाह आज भी ये फिल्में हैं. आश्चर्य नहीं कि 'वंस अपान ए टाइम' इन मुंबई से लेकर 'फैशन' और 'लाइफ इन ए मेट्रो' तक कंगना एक खास तरह की फिल्मों की पसंद बनी रही. 'तनु वेड्स मनु' के बाद हिंदी सिनेमा को एक नई कंगना मिली, 'गैंगस्टर' और 'फैशन' के डार्क कैरेक्टर से मुक्त. यह वो चरित्र था, जो जीने का संदेश लेकर आ रहा था. जिसके पास जीने की जिद थी, और लड़ने का आत्मविश्वास. शायद 'तनु वेड्स मनु' में कंगना को अपने को जीने का अहसास हुआ होगा, फिर उसने पलट कर नहीं देखा, हाल ही में आयी 'तेजस', या फिर 'पंगा', जिसमें उसने एक ऐसे कबड्डी खिलाड़ी की भूमिका निभाई जो अपने बटे की जिद पर ग्राउंड पर दोबारा उतरती है और अपनी पहचान कायम करती है. 'क्वीन' तो महिला सशक्तीकरण की प्रतीक फिल्म के रुप में हिंदी में देखी जाती रहेगी. यहां कंगना अपने अकेलेपन के साथ नहीं, परिवार, दोस्त और समाज के साथ दिखती थी. 'क्वीन' के बाद जब हिंदी सिनेमा की अभिनेत्रियों की नई पहचान बन कर कंगना उभर रही थी, उसने अभिनय से ब्रेक लेकर पटकथा लेखन की पढाई करने न्यूयार्क फिल्म एकेडमी ज्वाइन करने का निर्णय ले लिया. जो लोग आज कंगना की शिक्षा पर सवाल उठा रहे हैं, उन्हें अहसास नहीं कि सिनेमा में लोकप्रियता के शिखर पर रहते हुए पढाई के लिए ब्रेक लेने का निर्णय कोई सामान्य अभिनेता नहीं ले सकता, उसके लिए कंगना होना चाहिए. 14 वर्षों में 3 नेशनल अवार्ड और पद्मश्री पाने के लिए किसी अभिनेता को कितने जन्मों से गुजरना पडता है, यह समझने की जरुरत है. कंगना के साथ मुश्किल यह है कि वह जितनी ईमानदार अपने चरित्र के प्रति रहती है, उतनी ही वास्तविक जीवन में भी. आप सहमत हों, असहमत हों, इससे इन्कार नहीं कर सकते कि कंगना परदे पर भी निर्भीक दिखती है, और परदे के बाहर भी. निर्भीकता कंगना के स्वभाव में है, आज के समय में यह दुर्लभ निर्भीकता सीखने की चीज है.

*कंगना का जन्म हिमांचल प्रदेश के भांभला में एक राजपूत परिवार में हुआ था. उनके पिता का नाम अमरदीप रनौत और मां का नाम आशा रनौत है. उनकी एक बड़ी बहन भी हैं जिनका नाम रंगोली है और एक छोटा भाई है जिसका नाम अक्षत है.*

*अपने शुरुआती दिनों के संघर्ष के समय में कंगना फिल्म प्रोड्यूसर महेश भट्ट के संपर्क में आईं जिससे उन्हें अनुराग बासु की रोमांटिक थ्रिलर फिल्म 'गैंगेस्टर' में लीड रोल मिला.*

*कंगना को साल 2019 का, उनकी फिल्म मणिकर्णिका और पंगा के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का 67वां राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है.*

## पसंदगी में लुढ़का ये रिश्ता क्या... अनुपमा का जलवा बरकरार






बीएआरसी की नवीनतम रिपोर्ट आ चुकी है. इसमें टॉप 10 की लिस्ट में कई फेर बदल हुए हैं, हालांकि अनुपमा का जलवा बरकरार है. इस साल के 13वें हफ्ते में भी रूपाली गांगुली का शो अनुपमा कहानी की रोचकता की वजह से नंबर वन पर डटा है. सीरियल में प्रतिदिन आ रहे नए ट्विस्ट और टर्न्स दर्शकों को बांधने में सफल है और इसके प्रसारण के समय वे टीवी के सामने डटे रहते हैं. यही कारण है कि नवीनतम टीआरपी में 2.7 रेटिंग के साथ ये सीरियल अपना नंबर वन पोजिशन बरकरार रखा है. दूसरे नंबर पर 'गुम है किसी के प्यार में' है, जिसकी रेटिंग 2.3 है. वहीं 'शार्क टैंक इंडिया' से लेकर 'डांस दीवाने' टीआरपी चार्ट में एकदम नीचे नजर आए. एक दशक से अधिक समय से दर्शकों का प्रिय तारक मेहता का उल्टा चश्मा इस हफ्ते पसंदगी के मामले में थोड़ा नीचे लुढ़का. इस हफ्ते की रिपोर्ट रिश्ता क्या कहलाता है के लिए भी बेहतर नहीं रही.

## भावी सास-ससुर से मिलने आई आर्यन की गर्लफ्रेंड!

शाहरुख खान के साहबजादे आर्यन खान गर्लफ्रेंड को लेकर हमेशा चर्चा में रहते हैं. ऐसी चर्चा है कि इन दिनों वे ब्राजीलियाई मॉडल लारिसा बोन्सी को डेट कर हैं. इन दिनों लारिसा बोन्सी का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें लारिसा कार में बैठती हुई नजर आ रही हैं. उसकी हॉटनेस पर लोगों के मुंह खुल रह गए. शॉर्ट्स में लारिसा का फिगर कयामत ढा रहा था. वीडियो सामने आते ही इंटरनेट की दुनिया में आग लग गई है.
कमेंट में लोग "शाहरुख खान की बहू?", " सास ससुर से मिलने आई क्या!" एक का कहना था, "ओह ये कितनी हॉट है यार।" एक ने लिखा, "तो ये भी इंडिया आ गई, सबको यहीं बसा लो." एक ने लिखा, "सेक्सी लग रही है. " एक ने मानो सर्टिफिकेट ही जारी कर दी- "आर्यन की चॉइस अच्छी है." बता दें कि लारिसा बोन्सी एक ब्राजीलियाई मॉडल, डांसर हैं और उन्होंने अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम के साथ ब्लॉकबस्टर गीत "सुबह होने न दे" के साथ अपने करियर की शुरुआत की थी.

## अप्रैल में ओटीटी पर एंटरटेनमेंट की जबर्दस्त नॉक-नॉक

*अप्रैल महीने में मौसम के तेवर मई जून से कम नहीं हैं. ऐसे में घर के सुकुनगाह में फैमिली के साथ शोज और फिल्मों के इंटरटेनमेंट डोज मिले, तो क्या कहना! चार अप्रैल को अमेजन पर जूही परमार और राजेश कुमार ये मेरी फैमिली के तीसरे सीजन में वापस हुए. इसमें जूही परमार ने नीरजा का किरदार निभाया है. वहीं पांच अप्रैल को सलमान खान की भांजी अलिजेह अग्निहोत्री की फिल्म फर्रे भी जी 5 पर रिलीज हुई. यह फिल्म पिछले साल थिएटर्स में रिलीज हुई थी और कल ओटीटी पर आई. इनसे पहले फैमिली आजकल तीन अप्रैल को सोनी लिव पर आई. अगर आप फैमिली के साथ बैठकर कोई फैमिली शो देखना चाहते हैं तो ये शो आपको जरूर पसंद आएगा. इसमें अपूर्व अरोड़ा, सोनाली सचदेव, दिवंगत नितेश पांडे, आकर्षण सिंह, प्रखर सिंह और मसूद अख्तर हैं. आइए बात करें जियो सिनेमा, प्राइम वीडियो, नेटफ्लिक्स जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अप्रैल में आने वाली फिल्मों और शोज की....*

### साइलेंस 2

मनोज बाजपेयी की फिल्में या वेब सीरीज के दीवाने हैं तो अप्रैल आपके लिए खुशनुमा माह होगा. देखिए साइलेंस 2. साल 2021 में 'साइलेंस : कैन यू हियर इट?' आई थी, अब 3 साल बाद इसका सीक्वल आ रहा है.

**रिलीज डेट- 10 अप्रैल**
**कहां देखें- जी 5**




### अदृश्यम

ये हैं मोहब्बतें सीरियल से दर्शकों के दिल में जगह बनाने वाली दिव्यांका त्रिपाठी ने टीवी की दुनिया में खूब नाम कमाया. अब उनकी वेब सीरीज 'अदृश्यम' आ रही है, जिसमें एजाज खान भी हैं.


**रिलीज डेट- 11 अप्रैल**
**कहां देखें- सोनी लिव**




### अमर सिंह चमकीला

दर्शकों के बीच दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' की खूब चर्चा है. ये आइकॉनिक पंजाबी सिंगर अमर सिंह चमकीला की जिंदगी पर आधारिक है.

**रिलीज डेट- 12 अप्रैल**
**कहां देखें- नेटफ्लिक्स**




## दशरथ बन गए गुजरे जमाने के राम!

***अरुण गोविल इन दिनों चर्चा में हैं. भारतीय जनता पार्टी ने इस बार मेरठ लोकसभा सीट पर टीवी के राम यानि अरुण गोविल को टिकट दिया है. अरुण गोविल इन दिनों निर्माणाधीन फिल्म रामायण को लेकर भी चर्चा में हैं. लीक तस्वीरें लोगों में उनके किरदार को लेकर उत्सुकता जगा रही हैं.***


*टीवी के राम के रूप में आप किन्हें याद करते हैं- बेशक अरुण गोविल को. इस एक किरदार ने उन्हें पूरी उम्र की यही पहचान दी है. टीवी पर रामायण प्रसारण का वह जमाना कैसे भूला जा सकता है जब लोग उन्हें साक्षात राम समझ कर पैर छूते थे. अब नई खबर यह है कि अरुण गोविल पर्दे पर राम नहीं बल्कि दशरथ के रूप में नजर आएंगे. दरअसल डायरेक्टर नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' की शूटिंग शुरू हो गई है. इस फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम का किरदार निभाते नजर आएंगे. बड़े पैमाने पर बन रही इस फिल्म के सेट्स से कुछ तस्वीरें वायरल हो गई हैं. तस्वीरों में टीवी के राम कहलाने वाले एक्टर अरुण गोविल को राजा दशरथ के रूप में देखा जा सकता है. बता दें कि अरुण गोविल इन दिनों चर्चा में इसलिए भी हैं क्योंकि भारतीय जनता पार्टी ने इस बार मेरठ लोकसभा सीट पर टीवी के राम यानि अरुण गोविल को टिकट दिया है.*
*बहरहाल बात निर्माणाधीन फिल्म रामायण की लीक तस्वीरों की. रामायण की सेट से ये तस्वीरें ट्विटर पर धड़ल्ले से वायरल हो रही हैं. असल में 'रामायण' के सेट से तस्वीरें जूम टीवी के हाथ आई हैं, जिन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर किया. इन तस्वीरों में अरुण गोविल को लंबे बाल-दाढ़ी के साथ मुकुट पहने देखा जा सकता है. उनका लुक काफी बूढ़े दिखने वाले राजा दशरथ का है. एक तस्वीर में गोविल के साथ दो छोटे बच्चों को भी देखा जा सकता है, जो भगवान राम और लक्ष्मण के बाल रूप माने जा रहे हैं.*

### कैकेयी का रोल लारा दत्ता को



इन तस्वीरों में एक्ट्रेस लारा दत्ता कैकयी के लुक में नजर आ रही हैं. लारा दत्ता को पर्पल कलर की साड़ी और गोल्ड ज्वेलरी पहने देखा जा सकता है. उनके साथ एक्ट्रेस शीबा चड्ढा को भी देखा जा सकता है. शीबा मैरून आउटफिट पहने हैं. उन्हें देखकर लग रहा है कि वो मंथरा के रोल में हो सकती हैं. 'रामायण' का सेट राजा दशरथ के महल जैसा बना हुआ है. उसमें अरुण गोविल और लारा दत्ता घूमते और बात करते दिख रहे हैं. दोनों एक्टर्स के आसपास फिल्म के क्रू के लोग भी हैं. एक तस्वीर में डायरेक्टर नितेश तिवारी को देखा जा सकता है.

### राम के रूप में रणबीर मुस्तैद



करीब दो महीने पहले रिपोर्ट्स आई थीं कि एक्टर रणबीर कपूर फिल्म 'रामायण' के लिए वॉयस और डिक्शन ट्रेनिंग लेंगे. इस फिल्म के लिए एक्टर पहले से ही काफी मेहनत कर रहे हैं. एक सूत्र के मुताबिक, 'रणबीर की अपनी एक बैरीटोन और लाइंस बोलने का तरीका है. अगर आप अपनी आंखें बंद करके भी डायलॉग सुनो तो आप रणबीर की आवाज को पहचान सकते हो. रामायण में नितेश तिवारी चाहते हैं कि रणबीर अपने पुराने किरदारों से अलग सुनाई दें. कुछ नया करने के इस प्रोसेस को रणबीर भी काफी पसंद कर रहे हैं.' रणबीर कपूर इस फिल्म में राम भगवान का रोल निभाएंगे. तो वहीं साउथ स्टार साई पल्लवी मां सीता के रोल में नजर आने वाली हैं. केजीएफ स्टार यश, 'रामायण' में रावण के रोल में हैं. खबर है कि एक्ट्रेस साक्षी तंवर को मंदोदरी का रोल ऑफर किया गया है. साथ ही बॉबी देओल को कुंभकर्ण और विजय सेतुपति को विभीषण का रोल ऑफर हुआ है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी



### शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों से दोनों टीमों को होगी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

# खराब फॉर्म से जूझ रही बेंगलोर टीम का सामना आज राजस्थान से

**भाषा । जयपुर**

खराब फॉर्म से जूझ रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और शानदार प्रदर्शन कर रही राजस्थान रॉयल्स दोनों को शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में अपने शीर्षक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी. आरसीबी फिलहाल दस टीमों में आठवें स्थान पर है जो उसके खराब प्रदर्शन की बानगी देता है. वहीं रॉयल्स दूसरे स्थान पर है लेकिन उसके शीर्षक्रम ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है. आरसीबी के पास शीर्षक्रम में कप्तान फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन और रजत पाटीदार जैसे शानदार आक्रामक बल्लेबाज हैं लेकिन कोई भी एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका. स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दो अर्धशतक समेत 203 रन बनाकर आरेंज कैप हासिल कर चुके हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला.

पाटीदार ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 29 रन बनाये लेकिन उनसे इससे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है. सवाई मानसिंह स्टेडियम की पिच आरसीबी के घरेलू मैदान चिन्नास्वामी स्टेडियम से मिलती जुलती है जिस पर बल्लेबाजों को शॉट्स खेलने में आसानी होगी. दूसरी ओर रॉयल्स के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अच्छा फॉर्म लेकर आईपीएल में आये थे लेकिन तीन मैचों में 39 रन ही बना सके हैं. जोस बटलर की भी यही कहानी है. इंग्लैंड के टी20 कप्तान ने तीन मैचों में 35 रन बनाये हैं और उनका स्ट्राइक रेट 85 का रहा है. रॉयल्स की बल्लेबाजी की धुरी कप्तान संजू सैमसन (109 रन) और रियान पराग (181 रन) रहे हैं. दोनों को दूसरे बल्लेबाजों से भी सहयोग की जरूरत होगी.

- मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा
- तालिका में दूसरे स्थान पर है राजस्थान की टीम
- अंक तालिका में आठवें नंबर पर है बेंगलोर

### गेंदबाजी में राजस्थान का पलड़ा भारी

गेंदबाजी में राजस्थान का पलड़ा भारी है, जिसके पास तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और नांद्रे बर्गर के अलावा अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल है. तीनों मिलकर 16 विकेट ले चुके हैं. अनुभवी रविचंद्रन अश्विन ने हालांकि तीन मैचों में एक ही विकेट लिया है. आरसीबी के गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज महंगे साबित हुए हैं जिन्होंने 10 से ऊपर की औसत से रन दिये हैं. अलजारी जोसेफ और रीसे टॉपली भी चल नहीं सके हैं.

### टीमें

- **रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर :** फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान.
- **राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान.



# दिल्ली टीम प्रबंधन ने कुलदीप को दी आराम करने की सलाह

**भाषा । मुंबई**

भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव 'ग्रोइन' चोट से उबर रहे हैं और उन्हें दिल्ली कैपिटल्स टीम प्रबंधन द्वारा एहतियात के तौर पर मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में आराम की सलाह दी गयी है. बायें हाथ के स्पिनर कुलदीप को दिल्ली कैपिटल्स के जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सत्र के दूसरे मैच में चोट लग गयी थी जिसमें टीम को हार का सामना करना पड़ा था.इससे इस 29 वर्षीय खिलाड़ी को अगले मुकाबलों के लिए बाहर रहने के लिए बाध्य होना पड़ा, जिसमें अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ने अंतिम एकादश में वापसी की. आईपीएल के एक सूत्र से जब कुलदीप की हालत के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें मैच फिट होने के लिए कुछ समय लगेगा. कुलदीप केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी हैं और टी-20 विश्व कप के उम्मीदवार हैं तो राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की खेल विज्ञान और चिकित्सा टीम की सलाह उनकी चोट और 'रिहैब' प्रबंधन में अहम होगी. आईपीएल की फ्रेंचाइजी के लिए भारतीय खिलाड़ी की चोट और चोट संबंधित चिंताओं की एनसीए को जानकारी देना अनिवार्य है. कुलदीप हालांकि सभी मुकाबलों के लिए टीम के साथ यात्रा कर रहे हैं और रविवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स के आगामी मुकाबले में उनकी भागीदारी पर भी संदेह बरकरार है.



- ग्रोइन की चोट से उबर रहे हैं कुलदीप यादव
- राजस्थान के खिलाफ मैच में चोटिल हो गए थे कुलदीप

# स्टोक्स का विश्व कप नहीं खेलने का फैसला सही : ब्रॉड

**भाषा । मुंबई**

इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने करिश्माई ऑल राउंडर बेन स्टोक्स के फिटनेस कारणों से इस साल के टी20 विश्व कप से बाहर रहने के फैसले का समर्थन किया लेकिन तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की चोटों पर चिंता व्यक्त की. ब्रॉड ने कहा कि गत चैंपियन इंग्लैंड को वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आगामी टी-20 विश्व कप में स्टोक्स की कमी खलेगी लेकिन टीम के पास उनकी जगह लेने के लिए काफी खिलाड़ी मौजूद हैं. 'स्टार स्पोर्ट्स इंक्रेडिबल स्टार कास्ट' के सदस्य ब्रॉड ने पीटीआई से कहा कि बेन ने खुद की बेहतरी के लिए जो भी फैसला किया है, वह सही है. बेन स्टोक्स ने अपने करियर में कुछ शानदार फैसले लिये हैं जो उनके करियर के लिए फायदेमंद भी साबित हुए हैं. उन्होंने कहा कि वह वैसा ही ऑल राउंडर बनना चाहता है जैसा वह हुआ करता था. वह कुछ कार्यभार कम करना चाहता है और टी-20 विश्व कप के दबाव को देखते हुए यह सर्वश्रेष्ठ विकल्प है. वहीं आर्चर को अपनी गेंदबाजी करने वाली बांह की चोट से उबरने में काफी मुश्किल हो रही है.



- ब्रॉड ने जोफ्रा आर्चर की चोटें पर चिंता व्यक्त की
- ब्रॉड ने कहा, स्टोक्स की जगह लेने के लिए कई खिलाड़ी मौजूद

## ब्रीफ खबरें

### युकी-ओलिवेट्टी मराकेश ओपन के सेमीफाइनल में

**मोरक्को ।** भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के अलबानो ओलिवेट्टी ने तीसरी वरीयता प्राप्त निकोलस बारियेंटोस और रफेल माटोस को हराकर एटीपी मराकेश ओपन पुरूष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया. युकी और अलबानो की गैर वरीय जोड़ी ने कोलंबिया के निकोलस और ब्राजील के रफेल को 7-6, 6-7, 10-7 से हराया . अब उनका सामना ऑस्ट्रिया के दूसरी वरीयता प्राप्त लुकास मीडलर और अलेक्जेंडर एर्लेर से होगा. विश्व युगल रैंकिंग में 62वें स्थान पर काबिज युकी दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी रोहन बोपन्ना के बाद भारत के दूसरे सर्वोच्च रैंकिंग वाले युगल खिलाड़ी हैं.

### 20 जून से शुरू होगा खेलो झारखंड, 19 करोड़ होंगे खर्च

**रांची ।** खेलो झारखंड प्रतियोगिता की तिथि झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के द्वारा जारी कर दी गई है. इस वर्ष विद्यालय स्तर की प्रतियोगिता 20 जून से शुरू होगी और 31 अक्टूबर को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के साथ समाप्त होगी. खेलो झारखंड में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के 34 खेल, 13 चरणों में आयोजित किए जाएंगे. वहीं पूरी प्रतियोगिता में लगभग 19 करोड़ राशि अलग अलग स्तर पर खर्च किए जाएंगे. राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में लगभग 48 हजार प्रतिभागियों के भाग लेने का अनुमान है.

### ओलंपिक से पहले ऑस्ट्रेलिया की चुनौती के लिए तैयार है भारतीय हॉकी टीम

# अपने आप को आंकने उतरेगा भारत



**भाषा । पर्थ**

शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय पुरूष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी तैयारियों को पुख्ता करने के लिये शनिवार से यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट शृंखला में उम्दा प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी. इस शृंखला से भारत को पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी ताकत और कमजोरियों को आंकने का मौका मिलेगा. मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये यह शृंखला बहुत महत्वपूर्ण है. हमें अपनी रणनीतियों को अंतिम रूप देना है और उन पहलुओं का पता करना है जिनमें सुधार की जरूरत है. उन्होंने कहा कि हमारा फोकस अपनी रणनीति पर प्रभावी अमल करके ऑस्ट्रेलिया की चुनौती का माकूल जवाब देने पर होगा. भारत ने आखिरी बार 2014 में विदेश में टेस्ट शृंखला जीती थी. फरवरी में एफआईएच प्रो लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत है. भारत ने प्रो लीग में भुवनेश्वर में चार में से तीन मैच जीते और राउरकेला में अपराजेय रही. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसे दोनों मैचों में पराजय मिली. दोनों टीमें ओलंपिक में एक ही ग्रुप में है लिहाजा टेस्ट शृंखला के जरिये दोनों को एक दूसरे को आंकने का मौका मिलेगा.

### हॉकी शृंखला

- मैच दोपहर दो बजे से शुरू होगा
- भारत -ऑस्ट्रेलिया के बीच होगी पांच मैचों की शृंखला

### हम चुनौती के लिए तैयार हैं : हरमनप्रीत

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि हम इस चुनौती के लिये तैयार हैं. हमें पता है कि ऑस्ट्रेलिया कठिन प्रतिद्वंद्वी है लेकिन हमें अपनी क्षमता और तैयारियों पर भरोसा है. हमारा लक्ष्य सिर्फ इस शृंखला में अच्छा प्रदर्शन करना नहीं बल्कि एक ईकाई के रूप में खुद को निखारना भी है. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 2013 से अब तक 43 मैच हुए हैं, जिनमें से 28 ऑस्ट्रेलिया ने और आठ भारत ने जीते जबकि सात मैच ड्रॉ रहे.


### जर्मन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में सेंथिल

**नयी दिल्ली ।** राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिल कुमार ने आठवीं वरीयता प्राप्त इंग्लैंड के जॉर्ज पार्कर को हराकर हैम्बर्ग में जर्मन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया. पिछले साल एशियाई रजत पदक विजेता सेंथिल ने 61 मिनट तक चले मुकाबले में 11-5, 11- 8, 9-11, 11- 9 से जीत दर्ज की. अब उनका सामना मलेशिया के चौथी वरीयता प्राप्त इयेन योउ एंग से होगा. इससे पहले सेंथिल ने मिस्र के यासिन एल्शाफेइ को 6-11 , 7-11, 11-6, 11-3, 11-9 से हराया था.

# सूर्या फिट, मुंबई ने ली राहत की सांस

**भाषा । मुंबई**

इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में संघर्ष कर रही मुंबई इंडियंस ने शुक्रवार को टीम के अभ्यास सत्र में दुनिया के नंबर एक टी-20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के शामिल होने से राहत की सांस ली. लंबे समय तक चोट के कारण खेल से दूर रहने वाले सूर्यकुमार ने नेट सत्र में अभ्यास करके साथ बिना किसी परेशानी के बड़े शॉट लगाये. इससे यह उम्मीद जगी कि वह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ टीम के आगामी मैच में मैदान में उतर सकते हैं. पांच बार की चैम्पियन मुंबई की टीम ने इस सत्र में नये कप्तान हार्दिक पंड्या की अगुवाई में अपने शुरूआती तीनों मैच हारकर बेहद निराशाजनक शुरू की है. यह 33 साल का आक्रामक बल्लेबाज जनवरी से ही खेल से दूर है. उन्हें स्पोर्ट्स हर्निया से उबरने के लिए सर्जरी का सहारा लेना पड़ा. वह टखने की चोट से भी जूझ रहे थे जो उन्हें पिछले साल के अंत में भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान लगी थी. सूर्यकुमार वानखेड़े स्टेडियम में अभ्यास सत्र के लिए पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी थे. वह दोपहर के सत्र में टीम के अन्य खिलाड़ियों से एक घंटे से अधिक समय पहले पहुंचे थे. उन्होंने नेट सत्र में एक घंटे से अधिक तक बल्लेबाजी अभ्यास की. कुछ दिन पहले उन्हें राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने मुंबई इंडियंस की टीम में शामिल होने की मंजूरी दे दी थी. दाएं हाथ के बल्लेबाज ने थ्रोडाउन विशेषज्ञों और स्पिनर कुमार कार्तिकेय के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए मैदान के सभी हिस्सों में स्ट्रोक लगाए.



- दिल्ली के खिलाफ मैच में मैदान में उतर सकते हैं सूर्या
- अभ्यास सत्र में सूर्या ने लगाये बड़े-बड़े शाट

# श्रीराम व बेजेमैन की जोड़ी सेमीफाइनल में

**एटीपी ह्यूस्टन ओपन टेनिस टूर्नामेंट**

- सीधे सेटों में 6-0, 6-3 से जीती श्रीराम व बेजेमैन की जोड़ी
- सेमीफाइनल में पर्सेल व जोर्डन से भिड़ेगी श्रीराम-बेजेमैन की जोड़ी

**भाषा । ह्यूस्टन**

भारत के एन श्रीराम बालाजी और जर्मनी के आंद्रे बेजेमैन की जोड़ी एटीपी ह्यूस्टन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया. बालाजी व बेजेमैन की जोड़ी ने भारत के अर्जुन खाड़े और जीवन नेदुंचेझियान को सीधे सेटों में हराकर एटीपी ह्यूस्टन ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंची. इससे पहले शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका के राजीव राम और आस्टिन क्राइसेक को हराने वाले बालाजी और बेजेमैन ने 59 मिनट में 6-0, 6-3 से जीत दर्ज की. अब उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलिया के मैक्स पर्सेल और अमेरिका के जोर्डन थॉम्पसन की जोड़ी से होगा.



**आईपीएल**

### ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा, इस सत्र में बेंगलोर की टीम का सारा दबाव विराट पर है

# दूसरे बल्लेबाजों को करनी चाहिए कोहली की मदद : स्टीव स्मिथ

**भाषा । मुंबई**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ का मानना है कि आईपीएल के मौजूदा सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के बाकी बल्लेबाजों की नाकामी के कारण विराट कोहली पर भारी दबाव है. स्मिथ का मानना है कि उनके साथी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करके उनका साथ देना चाहिये.

विराट कोहली ने इस सत्र में आरसीबी के लिये चार मैचों में 67.66 की औसत से 203 रन बनाये हैं, जबकि दूसरे स्थान पर दिनेश कार्तिक हैं, जो बस 90 रन बना सके हैं. कोहली के अच्छे फॉर्म के बावजूद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने चार में से तीन मैच गंवाये हैं और अंकतालिका में आठवें स्थान पर है. ग्लेन मैक्सवेल, फाफ डु प्लेसी और कैमरन ग्रीन का बल्ला अब तक पूरी तरह से खामोश रहा है. स्टार स्पोटर्स की कमेंट्री टीम के सदस्य स्मिथ ने चैनल के स्टूडियो पर पीटीआई से बातचीत में कहा कि दूसरे प्रमुख बल्लेबाज जैसे मैक्सवेल, जु प्लेसी और कैमरन ग्रीन को उसका साथ देना चाहिये. ऐसा करने पर वे टीम को जीत की राह पर ला सकते हैं.

इस समय सारा दबाव विराट पर ही है. उन्होंने कहा कि शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाजों को उसकी मदद करनी चाहिये. उसने शुरूआत बहुत अच्छी की है लेकिन उसे सहयोग की जरूरत है. वह अकेला ही हर मैच में रन नहीं बना सकता.



1. कोहली ने इस सत्र 4 मैचों में 67 .66 की औसत से 203 रन बनाए हैं
2. आरसीबी के दूरसे टॉप स्कोरर कार्तिक 90 रन ही बना सके हैं


### हालात को बखूबी समझते हैं कोहली

स्मिथ ने धीमी स्ट्राइक रेट को लेकर कोहली की आलोचना को खारिज करते हुए कहा कि दुनिया का कोई खिलाड़ी हालात को कोहली से बेहतर नहीं समझ सकता. उन्होंने कहा कि कोहली शानदार खिलाड़ी है. वह हालात को बखूबी समझकर उसके अनुरूप खेलता है और इस मामले में दुनिया में उसका कोई सानी नहीं है. रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाये जाने के बाद दर्शकों का आक्रोश झेल रहे हार्दिक पंड्या के मामले में उन्होंने कहा कि दर्शकों को अतीत में जीना छोड़ना चाहिये. उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है. दर्शकों को हार्दिक का साथ देना चाहिये लेकिन रोहित के प्रशंसक अपार हैं. वे नाराज हैं कि वह कप्तान क्यो नहीं है, लेकिन अब उसे भुलाकर हार्दिक का साथ देना होगा. वह गुजरात टाइटंस का सफल कप्तान रहा है और अब मुंबई में लौटा है . सीनियर खिलाड़ियों को उसकी मदद करनी चाहिये. छह साल पहले केपटाउन टेस्ट में गेंद से छेड़खनी मामले को लेकर प्रतिबंध झेल चुके स्मिथ ने कहा कि इतनी नकारात्मकता के बीच उसे इससे निपटने के रास्ते तलाशने होंगे. मुंबई जीत की राह पर लौटेगी तो सब ठीक हो जायेगा.

**कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट**

# ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंदा ने फिरोजा को ड्रॉ पर रोका

**भाषा । टोरंटो**



भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांस के फिरोजा अलीरजा से ड्रॉ खेला, जबकि डी गुकेश को विदित गुजराती ने ड्रॉ पर रोका. पुरूष वर्ग में पहले दिन चारों मुकाबले ड्रॉ रहे जबकि महिला वर्ग में जोंग्यी तान ने हमवतन टी लेइ को हराया. भारत की आर वैशाली ने हमवतन कोनेरू हम्पी को ड्रॉ पर रोका. रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना ने कैटरीना लागनो से ड्रॉ खेला. वहीं बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा ने अन्ना मुजिचुक को ड्रॉ पर रोका. पुरूष वर्ग में फेबियानो कारूआना और हिकारू नकामूरा का मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि अजरबैजान के निजात अबासोव ने रूस के इयान नेपोमनियाश्ची को ड्रॉ पर रोका.

### खास बातें

- जी गुकेश व विदित गुजराती के बीच भी मैच ड्रॉ
- पहले दिन पुरूष वर्ग के चारों मुकाबले ड्रॉ रहे
- महिला वर्ग में जोंग्यी ने टी लेइ को हराया

ब्रीफ खबरें

## मार्च में 57 हजार लीटर शराब जबत की

**गोपालगंज ।** गोपालगंज पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर पुलिस लगातार शराब तस्करी को नियंत्रित करने के लिए कार्रवाई कर रही है. गोपालगंज पुलिस ने मार्च माह में सर्वाधिक शराब बरामद करने का रिकॉर्ड बनाया है. जब से शराबबंदी लागू हुई है, तब से सर्वाधिक शराब इस साल मार्च माह में गोपालगंज पुलिस द्वारा पकड़ी गई है. फरवरी महीने में 52 हजार लीटर शराब पकड़ी गई थी. वहीं, मार्च माह में 57 हजार लीटर शराब बरामद कर पुलिस ने एक रिकॉर्ड बना दिया.

## हिंदुओं का जागना आवश्यक : तोगड़िया

**पटना ।** हिंदू में जागृति पैदा करने के उद्देश्य से मैं देश भर में भ्रमण कर रहा हूं. हिंदुओं का जागना आवश्यक है. अगर अब भी हिंदू समाज नहीं संभला और अपने अंदर के हिंदुत्व को नहीं जगाया तो आने वाला भविष्य बेहद भयावह होगा. यह बयान मुजफ्फरपुर में पहुंचे हिंदूवादी नेता और अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया ने दिया है. तोगड़िया ने यह भी कहा कि अभी का काल खंड हिंदुओं के लिए बेहद खराब है और आक्रांताओं के समय में यह जागृति पैदा करनी होगी. अगर नहीं संभले और हिंदुत्व को नहीं जगाया तो हिंदू और भी बड़े खतरे में होगा.

## पवन हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार

**भागलपुर ।** जिले के बबरगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार को दिनदहाड़े अपराधियों ने घर में घुसकर पवन यादव की गोली मारकर कर हत्या कर दी. मृतक पवन अमरेंद्र सिंह हत्याकांड में मुख्य आरोपी था. वह 5 महीना पहले जेल से छूटकर बाहर आया था. अमरेंद्र सिंह की हत्या 2022 में अपराधियों ने गोली मारकर कर दी थी. मामले को लेकर बताया जा रहा है कि पवन अपने फूफा के घर कुतुबगंज मोहल्ले में रहता था और जमीन का कारोबार करता था. पवन अपने किसी परिजन को लेकर बाजार से घर आया तो अपराधियों ने घर में घुसकर पवन को कनपटी में दो गोली मारी जिससे मौत हो गई.

# महागठबंधन में शामिल हुए मुकेश सहनी, तीन सीटें मिलीं

संवाददाता । पटना



महागठबंधन में सीटों का बंटवारा हो गया है, लेकिन काफी समय से वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी की बात नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव से चल रही थी. शुक्रवार को राजद कार्यालय में मुकेश सहनी महागठबंधन में शामिल हो गए. इस दौरान तेजस्वी यादव भी मौजूद रहे. वहीं, 'इंडिया' गठबंधन में राजद ने अपने खाते के 26 सीटों में तीन सीट मुकेश सहनी को दिया है.

सहनी और तेजस्वी एक साथ मंच साझा कर राजद कार्यालय में सम्मेलन किए. इस मौके पर तेजस्वी ने कहा कि एनडीए को उनको हम लोग धूल चटाने का काम करेंगे. बीजेपी संविधान को खत्म करना चाहती हैं, लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है. किसी माई के लाल में दम नहीं है कि हमारे संविधान को खत्म कर सके.

**मिली तीन सीट :** तेजस्वी ने कहा कि वो बेहद खुश हैं कि मुकेश सहनी हम लोगों के साथ आए हैं. हम सभी राजद के परिवार में इनका स्वागत करते हैं. लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए हम सभी को साथ लेकर के चलने का काम करें और इनको भी सम्मान दें. पहले ही हो चुका है कि 26 सीट राष्ट्रीय जनता दल को मिली है उस 26 सीटों में हम तीन सीट मुकेश सहनी को दे रहे हैं. यह पार्टी का निर्णय हुआ है. राष्ट्रीय अध्यक्ष का भी निर्णय है. पहली सीट गोपालगंज है, दूसरी झंझारपुर है और तीसरी मोतिहारी सीट (पूर्वी चंपारण लोकसभा सीट) है. वहीं, मुकेश सहनी ने कहा हमारे पूर्वजों ने जिस तरह से देश की आजादी में संघर्ष किया है वही संघर्ष इस लोकसभा चुनाव में हम लोग करेंगे. हमलोग 'इंडिया' गठबंधन में आए हैं और निश्चित तौर पर 2024 का जो चुनाव होगा उसे मजबूती से लड़ेंगे और सभी 40 की 40 सीट पर हम लोग काम करेंगे और सभी 40 सीटों को जीतेंगे. बता दें कि बिहार में मल्लाह की 6 फीसद आबादी है. इससे 10 से 15 सीटों पर असर माना जाता है.

**मुकेश सहनी के शामिल होने से**

**मल्लाह की आबादी छह प्रतिशत है, इससे 10 से 15 सीटों पर असर होगा**

## जदयू के स्टार प्रचारकों की सूची जारी
# नीतीश और ललन सिंह शामिल

संवाददाता । पटना

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के चुनाव की तारीख नजदीक आते ही भाजपा ने रैली का शुभारंभ कर दिया है. वहीं जदयू ने लोकसभा चुनाव को लेकर अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है. इसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहले नंबर पर हैं. जदयू के राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय नेताओं को भी इसमें जगह मिली है. पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह सहित कई अन्य नेताओं और नीतीश मंत्रिमंडल के सदस्यों को स्टार प्रचारक के रूप में शामिल किया गया है.

स्टार प्रचारकों में तीन महिलाएं भी अपनी भूमिका निभायेंगी. जदयू के स्टार प्रचारकों की लिस्ट में सीएम नीतीश कुमार, जमां खान, वशिष्ठ नारायण सिंह, रत्नेश सदा, ललन सिंह, राजीव रंजन, केसी त्यागी, विद्यासागर निषाद, विजेन्द्र प्रसाद यादव, दामोदर सवतं, मंगनीलाल मंडल, सलीम परवेज, विजय चौधरी, विजय सिंह निषाद, उमेश सिंह कुशवाहा, डॉ संजीव कुमार सिंह, संजय झा, संजय सिंह, रामनाथ ठाकुर, ललन कुमार सर्राफ, श्रवण कुमार, रामसेवक सिंह, आफाक अहमद स्वान, रविन्द्र सिंह, मौलाना गुलाम रसूल बलियावी, खालिद अनवर, अशोक चौधरी, विजय सिंह, लेसी सिंह, मदन सहनी, महेश्वर हजारी, शीला कुमारी, सुनील, जयंत राज, कहकशां परवीन, शैलेश कुमार, संतोष निराला, नौशाद आलम, लक्ष्मेश्वर और मनीष कुमार के नाम शामिल हैं. उल्लेखनीय है कि जदयू बिहार में 16 संसदीय सीटों पर चुनाव लड़ रही है. जदयू के स्टार प्रचारक विभिन्न चरणों में राजग के उम्मीदवारों के लिए वोट मांगेगे.

## धनगाई थाना क्षेत्र के बिहिया-बिहटा मुख्य पथ पर हुआ हादसा
# शव लेकर जा रही गाड़ी का टायर फटा, तीन की मौत,10 घायल

- पत्नी का शव ले जा रहा था पति, उसकी भी जान चली गई

संवाददाता । पटना



**ट्रक-वैन में टक्कर चालक घायल**

सहरसा : जिले के सिमरी बख्तियारपुर नगर परिषद क्षेत्र के रानीबाग-पुरानी बाजार के बीच कब्रिस्तान के समीप शुक्रवार को ट्रक व पिकअप में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है.

आरा में गुरुवार की रात शव ले जा रही सवारी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई. इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. 9 से 10 लोग घायल हैं. गाड़ी पर कुल 13 लोग सवार थे. यह घटना धनगाई थाना क्षेत्र के बिहिया-बिहटा मुख्य पथ पर औरैया टोला के पास हुई है. चरपोखरी थाना के पड़रिया गांव के रहने वाले रामलाल सिंह की पत्नी गूंजा देवी की गुरुवार को मौत हो गई थी. उन्हें हार्ट अटैक आया था. इसके बाद सभी लोग सवारी गाड़ी पर शव को लेकर दाह-संस्कार के लिए बक्सर जा रहे थे. जैसे ही औरैया टोला के पास रीगल ढाबा पहुंचे कि गाड़ी का टायर फट गया. इसके चलते गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई. इस हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई. स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी. मौके पर जगदीशपुर के एसडीओ और एसडीपीओ समेत कई थानों की पुलिस पहुंची. आनन-फानन में सभी जख्मियों को इलाज के लिए जगदीशपुर रेफरल अस्पताल भेजा गया. यहां से छह लोगों को बेहतर इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया गया.

**पड़रिया गांव के रहने वाले थे सभी :** मृतकों में चरपोखरी थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव निवासी राम लाल सिंह (65), कमलेश सिंह (40), कृष्णा सिंह (40) शामिल हैं. घायलों में 55 वर्षीय कृष्णा सिंह, 60 वर्षीय धर्मनाथ सिंह, 60 वर्षीय दयानंद सिंह, 55 वर्षीय वीर बहादुर सिंह शामिल हैं. ये सभी चरपोखरी थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव के रहने वाले हैं. वहीं एक और जख्मी जगदीशपुर की पहचान 35 वर्षीय मदन सिंह के रूप में हुई है. युवक का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है. दयानंद सिंह की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है. दयानंद सिंह को डॉक्टर ने इलाज के बाद पटना रेफर कर दिया. ग्रामीण अभिजीत सिंह ने बताया कि राम लाल सिंह की पत्नी गूंजा देवी की हार्ट अटैक से गुरुवार की दोपहर मौत हो गई थी. उनके शव को लेकर गांव के लोग अंतिम संस्कार के लिए बक्सर घाट जा रहे थे. अभिजीत सिंह ने कहा कि ट्रक वाले ने टक्कर मार दी जिससे गाड़ी पलट गई. हालांकि पुलिस का कहना है कि टायर ही फटने से घटना हुई है. धनगाई थाना के दारोगा धनगाई रविंद्र कुमार राय ने तीन लोगों की मौत की पुष्टि की है.

## नालंदा : दीपनगर मंडल कारा की घटना
# जेल में कैदी की मौत, परिजनों का किया बवाल

संवाददाता । नालंदा



नालंदा के दीपनगर मंडल कारा में बंद एक कैदी की शुक्रवार की सुबह मौत हो गई, घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने जमकर हंगामा और आगजनी की. साथ ही बिहार थाना पुलिस पर कैदी राजू कुमार को पीट-पीटकर जख्मी करने का आरोप लगाया, परिजनों का कहना है कि पिटाई करने और इलाज में कोताही बरतने की वजह से उसकी मौत हो गई. परिजनों की मानें तो बिहार थाना की पुलिस ने राजू कुमार को शक के आधार पर ब्राउन शुगर बेचने के मामले में गिरफ्तार किया था. इसके बाद उसे 72 घंटे तक थाने के अंदर ही बुरी तरह से पीटा गया और फिर उसे दीपनगर मंडल कारा भेज दिया गया, मृतक कैदी राजू कुमार के शरीर पर जख्म के कई निशान हैं, मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

**तस्करी के मामले में था जेल में बंद :** दरअसल पिछले 10 मार्च को बिहार थाना पुलिस ने नईसराय गौढ़ागढ़ से ब्राउन शुगर मामले में चार युवकों को गिरफ्तार किया था, पुलिस ने 45 पुड़िया ब्राउन शुगर, 35 हजार रुपये नकद और मोबाइल भी बरामद किया था, इसी मामले में दीपनगर मंडल कारा में बंद कैदी राजू कुमार की शुक्रवार की सुबह मौत हो गई. उधर कैदी की मौत के बाद परिजनों ने शव को लेकर हॉस्पिटल मोड़ के पास रख दिया और सड़क को घंटों जाम कर दिया.

## प्रतिबंधित कफ सिरप नहीं बेचने पर डॉक्टर को मिली धमकी

**बांका ।** बांका के रजौन थाना क्षेत्र के इस्लामपुर गांव में गुरुवार देर रात प्रतिबंधित कफ सिरप के सप्लायर्स ने डॉक्टर को जबरदस्ती कफ सिरप लेने का दबाव बनाने का मामला प्रकाश में आया है. इस दौरान सप्लायर्स डॉक्टर को जान से मारने तक की धमकी दे डालते हैं. ऐसी मामले को लेकर डॉक्टर ने थाने में शिकायत की है. इस्लामपुर के एक ग्रामीण चिकित्सक अफजल अली ने थाने में लिखित आवेदन देकर दो दवा सप्लायर पर आरोप लगाया है. पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है.

# मुंगेर में पुलिस-एसटीएफ ने की छापेमारी, विस्फोटक बरामद

संवाददाता । मुंगेर

मुंगेर की पुलिस और एसटीएफ ने गुरुवार को सयुंक्त छापेमारी कर भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ बरामद किया है. इसके साथ ही तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार हुए व्यक्तियों की पुलिस ने पहचान कर ली है.

इनमें झारखंड के साहेबगंज मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र का रहने वाला प्रदीप मंडल, नयारामनगर थाना क्षेत्र के लोहचा बिंद टोली के रहने वाले दिलखुश कुमार उर्फ दिल्लो और बब्लू बिंद शामिल है. गिरफ्तार व्यक्तियों के पास से पुलिस ने 75 पीस डेटोनेटर, छह किलो सफेद विस्फोटक पदार्थ सहित दो मोबाइल बरामद किया है.

एसपी सैयद इमरान मसूद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि सूचना मिली थी कि झारखंड से कुछ लोग विस्फोटक पदार्थ लाकर नयारामनगर थाना अंतर्गत रतनपुर रेलवे स्टेशन के पास खरीद बिक्री कर रहे हैं. इसी सूचना पर मुंगेर की पुलिस और एसटीएफ की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया.

कारोबार

## आठ अप्रैल को खुलेगा गोपीकॉन का आईपीओ

**नयी दिल्ली ।** इंजीनियरिंग निर्माण और विकास कंपनी तीर्थ गोपीकॉन लिमिटेड ने शुक्रवार को अपने आईपीओ के लिए कीमत 111 रुपये प्रति शेयर तय की. कंपनी का आईपीओ आठ अप्रैल को खुलेगा. अहमदाबाद स्थित कंपनी ने बयान में कहा कि उसकी एसएमई सार्वजनिक निर्गम के जरिये 44.40 करोड़ रुपये जुटाने की योजना है. कंपनी का कारोबार मुख्य रूप से सड़क, सीवरेज और जल वितरण परियोजनाओं से जुड़ा है. बयान के मुताबिक, आईपीओ सोमवार को खुलेगा और 10 अप्रैल को बंद होगा.

## एनएसई को सेबी की हरी झंडी का इंतजार

**मुंबई ।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) बहुप्रतीक्षित आईपीओ प्रक्रिया को शुरू करने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी की मंजूरी का इंतजार कर रहा है. एनएसई के सीईओ आशीष कुमार चौहान ने कहा कि खुदरा निवेशकों को उच्च जोखिम वाले 'डेरिवेटिव्स' में कारोबार करने से बचना चाहिए और केवल इस बारे में जानकारी रखने वाले निवेशकों को ही ऐसे बाजारों में उतरना चाहिए. सेबी के पूर्व में कराए गए एक अध्ययन के अनुसार, 10 में से नौ कारोबारी 'डेरिवेटिव्स' कारोबार में पैसा गंवा देते हैं.

## भारत यूरिया का आयात बंद कर देगा

**नयी दिल्ली ।** रसायन व उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारत 2025 के अंत तक यूरिया का आयात बंद कर देगा. उन्होंने कहा कि घरेलू विनिर्माण पर बड़े पैमाने पर जोर देने से आपूर्ति और मांग के बीच अंतर को पाटने में मदद मिली है. मांडविया ने कहा कि भारतीय कृषि के लिए उर्वरकों की उपलब्धता बहुत महत्वपूर्ण है. उन्होंने कहा कि देश पिछले 60-65 साल से फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल कर रहा है. अब सरकार नैनो लिक्विड यूरिया और नैनो लिक्विड डाइ-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) जैसे वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने के प्रयास कर रही है.

## मस्क की कंपनी टेस्ला ने बर्लिन में भारत के लिए कारों का निर्माण शुरू कर दिया
# इस साल भारत आ सकती टेस्ला कार

भाषा । नयी दिल्ली



**टेस्ला इस महीने एक टीम भेजेगी जो जगह खोजेगी**

**निर्माण शुरू**

- कुछ व्हीकल मैन्युफैक्चरर्स के प्लांट हरियाणा में हैं
- टेस्ला भारत में बैटरी स्टोरेज सिस्टम बनाना चाहती है

भारत में जिस टेस्ला कार की उम्मीद की जा रही है, उस पर काम शुरू हो चुका है. दरअसल एलन मस्क की इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाने वाली कंपनी टेस्ला ने गीगाफैक्ट्री बर्लिन में भारत के लिए राइट-हैंड ड्राइव कारों का प्रोडक्शन शुरू कर दिया है. कंपनी इस साल के अंत तक देश में कार ला सकती है. ब्रिटेन की फाइनेंशियल टाइम्स की मानें तो टेस्ला इस महीने भारत में एक टीम भेजेगी, जो देश में दो से तीन बिलियन डॉलर (16 हजार करोड़ से 25 हजार करोड़) के इलेक्ट्रिक कार मैन्युफैक्चरिंग प्लांट के लिए जगह की तलाश करेगी. रिपोर्ट के अनुसार, इलेक्ट्रिक कार मैन्युफैक्चरिंग प्लांट के लिए टीम का ध्यान महाराष्ट्र, गुजरात और तमिलनाडु जैसे ऑटोमोटिव हब वाले राज्यों पर होगा.

सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि कुछ व्हीकल मैन्युफैक्चरर्स के प्लांट हरियाणा में भी हैं, लेकिन टेस्ला की फैक्ट्री अन्य तीन राज्यों में होगी. इसकी वजह इन राज्यों की पोर्ट (बंदरगाह) हैं, जहां से कारों का एक्सपोर्ट आसान होगा. टेस्ला के भारत में एंट्री की यह खबर ऐसे समय में आई है जब केंद्र सरकार ने भारत को इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की मैन्युफैक्चरिंग का हब बनाने के लिए अपनी नई ईवी पॉलिसी को मंजूरी दे दी है. नई पॉलिसी में कंपनियों को कम से कम 4150 करोड़ निवेश का प्रावधान रखा गया है और अधिकतम निवेश पर कोई सीमा नहीं है. पॉलिसी के अनुसार, विदेशी कार मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों को भारत में बिजनेस शुरू करने के तीन साल के अंदर देश में अपनी मैन्युफैक्चरिंग और ईवी का कॉमर्सियल प्रोडक्शन शुरू करना होगा.

इस संबंध में मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने पिछले महीने ही नोटिफिकेशन जारी कर दिया था. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, टेस्ला भारत में इलेक्ट्रिक कार के साथ बैटरी स्टोरेज सिस्टम भी बनाना और बेचना चाहती है. कंपनी ने इसके लिए भारतीय अधिकारियों के पास एक प्रपोजल दिया था. पिछले साल नवंबर में कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने कैलिफोर्निया में टेस्ला की मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी विजिट की थी. हालांकि, उस दौरान कंपनी के मालिक एलन मस्क मौजूद नहीं थे. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स में लिखा था कि आपका टेस्ला में आना सम्मान की बात है, कैलिफोर्निया नहीं आ पाने के लिए मुझे खेद है, लेकिन मैं फ्यूचर डेट में मीटिंग की आशा रखता हूं. पीयूष गोयल ने तस्वीरें शेयर करते हुए एक्स पर लिखा था कि प्रतिभाशाली भारतीय इंजीनियरों और फाइनेंस प्रोफेशनल्स को सीनियर पोजिशन पर काम करते हुए और टेस्ला की रिमार्केबल जर्नी में योगदान करते हुए देखकर बेहद खुशी हुई. गोयल ने कहा था कि एलन मस्क की मैग्नेटिक प्रेजेंस को मिस किया और मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं.

बता दें कि पिछले साल जून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से न्यूयॉर्क में टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने मुलाकात की थी. इस मुलाकात के बाद मस्क ने कहा था कि भारत में दुनिया के किसी भी बड़े देश की तुलना में अधिक संभावनाएं हैं. मैं भारत के भविष्य को लेकर उत्साहित हूं. मैं मोदी का फैन हूं. यह एक शानदार मुलाकात थी और मैं उन्हें काफी पसंद करता हूं. पीएम मोदी ने भी इस मुलाकात की तस्वीर ट्वीट करते हुए तब लिखा था कि आज आपसे शानदार मुलाकात हुई एलन मस्क. हमने ऊर्जा से लेकर आध्यात्मिकता तक के इश्यूज पर बातचीत की. 2022 में टेस्ला ने भारत आने की इच्छा जताई थी.

**नेक्सजेन**



नोएडाः कंपनी के इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लॉन्च के मौके पर नेक्सजेन एनर्जिया के चेयरमैन पीयूष द्विवेदी.

## रियल इस्टेट कंपनी पूर्वांकरा लि. की बिक्री 90 प्रतिशत बढ़ी

**नयी दिल्ली ।** रियल एस्टेट कंपनी पूर्वांकरा लिमिटेड की बिक्री बुकिंग बीते वित्त वर्ष (2023-24) में बेहतर मांग की वजह से 90 प्रतिशत वृद्धि के साथ 5,914 करोड़ रुपये रही है. कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि वित्त वर्ष 2022-23 में उसकी बिक्री बुकिंग 3,107 करोड़ रुपये रही थी. बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में कंपनी की बिक्री बुकिंग सालाना आधार पर 93 प्रतिशत बढ़कर 1,947 करोड़ रुपये रही जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 1,007 करोड़ रुपये थी. पूर्वांकरा लिमिटेड के प्रबंध निदेशक आशीष पूर्वांकरा ने कहा, कंपनी ने ग्राहक-केंद्रित सुविधाएं और गुणवत्ता पर ध्यान देते हुए वित्त वर्ष में 5,900 करोड़ रुपये का बिक्री आंकड़ा पार कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है. रियल एस्टेट कंपनी ने 31 दिसंबर, 2023 तक देश के नौ शहरों- बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, कोयंबटूर, मंगलुरु, कोच्चि, मुंबई, पुणे और गोवा में लगभग 4.8 करोड़ वर्ग फुट क्षेत्रफल वाली 83 परियोजनाएं पूरी की थीं.

## भारत का आयुर्वेद उत्पाद बाजार
# 16.27 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान

**नयी दिल्ली ।** भारत का आयुर्वेद उत्पादों का बाजार वित्त वर्ष 2027-28 तक 16.27 अरब डॉलर यानी 1.2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है. एक अध्ययन रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है. आयुर्वेद प्रौद्योगिकी स्टार्टअप 'निरोगस्ट्रीट' ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्राकृतिक एवं हर्बल उपचार की बढ़ती मांग, आयुर्वेदिक चिकित्सकों की संख्या बढ़ने, सरकारी पहल और नए उद्यमियों के आने से आयुर्वेद उत्पाद बाजार तेजी से बढ़ रहा है. फिलहाल इसका बाजार सात अरब डॉलर यानी 57,450 करोड़ रुपये है. निरोगस्ट्रीट ने एक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए कहा कि भारत में आयुर्वेद उत्पाद बाजार वित्त वर्ष 2027-28 तक 1,20,660 करोड़ रुपये (16.27 अरब डॉलर) तक पहुंच जाने की उम्मीद है. सर्वेक्षण के मुताबिक, आयुर्वेदिक उत्पादों एवं सेवाओं का समग्र बाजार वित्त वर्ष 2022-23 से वित्त वर्ष 2027-28 तक 15 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि से बढ़ने का अनुमान है.

## मैनपावर कट — कंपनी ने कार और स्मार्टवॉच डिस्प्ले प्रोजेक्ट बंद करने के बाद की छंटनी
# एपल ने 600 से ज्यादा कर्मचारियों को नौकरी से हटाया

भाषा । नयी दिल्ली



**निकाले कर्मचारी**

- कैलिफोर्निया में 371 कर्मचारियों की छंटनी हुई
- कई लोगों को एआई डिपार्टमेंट्स में ट्रांसफर किया

कर्मचारियों की छंटनी न तो किसी कंपनी और न ही कर्मचारियों के लिए अच्छा माना जाता है. कभी कंपनी घाटे तो कभी प्रोजेक्ट बंद करने के नाम पर कर्मचारियों की छंटनी करती है. इसमें अमेरिकी कंपनी एपल भी शामिल है. एपल ने अपने 600 से ज्यादा कर्मचारियों को नौकरी से हटा दिया है. कंपनी ने कार और स्मार्टवॉच डिस्प्ले प्रोजेक्ट बंद करने के बाद इन पर काम कर रहे एंप्लॉइज की छंटनी की है. ब्लूमबर्ग के मुताबिक, एपल ने कैलिफोर्निया एम्प्लॉयमेंट डेवलपमेंट डिपार्टमेंट को दिए अलग-अलग आठ फाइलिंग में यह जानकारी दी है. रिपोर्ट में बताया गया है कि नेक्स्ट जनरेशन स्क्रीन डेवलपमेंट प्रोग्राम में सीक्रेट प्लेस पर काम कर रहे 87 लोग और कंपनी के कार प्रोजेक्ट का हिस्सा रहे लोगों को कंपनी ने हटाया है. कैलिफोर्निया में नियमों के मुताबिक कर्मचारियों को प्रभावित करने वाले हर फैसले की जानकारी एम्प्लॉइज डिपार्टमेंट को देनी होती है. रिपोर्ट के मुताबिक, कैलिफोर्निया के सांता क्लारा में एपल के मेन कार रिलेटेड ऑफिस में 371 कर्मचारियों के अलावा कई अन्य सैटेलाइट ऑफिस में लोगों की छंटनी हुई है. वहीं, कई लोगों को कंपनी के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और पर्सनल रोबोटिक्स डिपार्टमेंट्स में ट्रांसफर कर दिया गया है. इन प्रोजेक्ट्स के बंद होने के चलते करीब 2000 कर्मचारी प्रभावित हुए हैं. हाल ही में एपल ने अपने दस साल पुराने कार प्रोजेक्ट को बंद कर दिया है. कंपनी पिछले एक दशक में इस प्रोजेक्ट पर अरबों डॉलर का इन्वेस्टमेंट किया, लेकिन इतने समय में कोई फिजिकल प्रोटोटाइप भी तैयार नहीं कर पाई थी. कंपनी पूरी तरह से ऑटोमैटिक और वॉइस कमांड पर चलने वाली कार बनाना चाहती थी. इसके लिए 2015 से शुरू हुए इस प्रोजेक्ट में अरबों डॉलर इन्वेस्ट भी कर चुकी थी. अगर यह प्रोजेक्ट सफल हो जाता तो कंपनी 2028 तक एक लाख डॉलर (करीब 82.90 लाख रुपए) की कीमत में कार को लॉन्च कर सकती थी. एपल अपनी पहली ईवी के लॉन्चिंग डेट को 2019, 2020, 2026 और 2028 के लिए रीशेड्यूल कर चुकी थी. रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी के बोर्ड इस बात को लेकर सीईओ टिम कुक पर प्रोजेक्ट पर जल्द कोई ठोस प्लान तैयार करने या प्रोजेक्ट को बंद करने का दबाव भी बना रहे थे. इसका असर शेयर बाजार पर भी पड़ रहा है.

## नीतिगत दर पर फैसले से रुपये को मिली मजबूती
# नौ पैसे चढ़कर 83.30 प्रति डॉलर पर

एजेंसी । मुंबई

नीतिगत ब्याज दर को यथावत रखने के रिजर्व बैंक के फैसले के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में गुरुवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले नौ पैसे मजबूत होकर 83.30 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ. विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशों में प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने तथा कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी ने रुपये में तेज बढ़त पर अंकुश लगा दिया. अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.44 प्रति डॉलर पर खुला.

शुक्रवार को दिन के कारोबार में यह 83.26 के उच्चस्तर और 83.45 प्रति डॉलर के निचले स्तर के बीच रहने के बाद नौ पैसे की बढ़त के साथ 83.30 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ. गुरुवार को रुपया 14 पैसे की बढ़त के साथ 83.39 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था. मौद्रिक नीति पर रिजर्व बैंक का ध्यान कायम रहने से रुपये में तेजी आई. बीएनपी परिबा बाय शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा कि केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए खुदरा मुद्रास्फीति और जीडीपी अनुमानों को क्रमशः 4.5 प्रतिशत और सात प्रतिशत पर बरकरार रखा है. रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद कहा, विकसित हो रहे व्यापक आर्थिक एवं वित्तीय घटनाक्रम और परिदृश्य के विस्तृत मूल्यांकन के बाद रेपो दर को 6.50 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया गया है.

## ब्रीफ खबरें

### सड़क हादसे में पांच की मौत, पांच घायल

**चंडीगढ़।** पंजाब के फरीदकोट जिले में शुक्रवार को एक मिनी ट्रक और एक ट्रेलर की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गयी, जबकि पांच अन्य घायल हो गये . पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना कोटकपुरा-मोगा रोड पर हुई जब 10 यात्रियों को ले जा रहा एक मिनी ट्रक एक ट्रेलर ट्रक से टकरा गया. पुलिस ने बताया कि दो महिलाओं समेत पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि घायल पांच अन्य लोगों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया.

### 50 लाख का गुटखा जब्त, एक गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने एक ट्रक से करीब 50 लाख रुपये का गुटखा जब्त कर उसके चालक को गिरफ्तार कर लिया है. एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. सरकार ने स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को लेकर राज्य में गुटखा के निर्माण, बिक्री और वितरण पर प्रतिबंध लगा दिया है. अधिकारी ने बताया कि नारपोली पुलिस ने गुरुवार को दोपहर में भिवंडी इलाके में दापोडा रोड पर एक ट्रक को रोका और पाया कि उसमें विभिन्न ब्रांड का गुटखा रखा था. तंबाकू उत्पाद की कुल कीमत लगभग 50 लाख रुपये थी.

### देसी बम बनाने के दौरान विस्फोट, एक की मौत

**कन्नूर।** केरल के कन्नूर जिले के उत्तरी हिस्से पनूर के पास देर रात को हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया. पुलिस ने बताया कि घटना आधी रात के बाद करीब एक बजे हुई. विपक्षी दल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि विस्फोट देशी बम के निर्माण के दौरान हुआ. उन्होंने बताया कि काइवेलिक्कल की रहने वाली शेरिन की कोझिकोड के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई. पुलिस के अनुसार, दूसरे घायल व्यक्ति विनेश की हालत गंभीर है.

### इजराइल ने किया दो अधिकारियों को बर्खास्त

**तेल अवीव।** इजराइल की सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसने गाजा में ड्रोन हमलों में भूमिका के लिए दो अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है. सेना ने तीन अन्य अधिकारियों को इस संबंध में चेतावनी दी है. इन हमलों में सात सहायता कर्मियों की मौत हो गई थी. सेना ने कहा कि इन अधिकारियों ने गोपनीय जानकारी का दुरुपयोग किया और सेना के नियमों का उल्लंघन किया था. फलस्तीनियों, सहायता समूहों और मानवाधिकार संगठनों ने कई बार इजराइली बलों पर नागरिकों पर लापरवाही से गोलीबारी करने का आरोप लगाया है.

### उग्रवादी समूह नुसरा फ्रंट के सह-संस्थापक की मौत

**इदलिब (सीरिया)।** उत्तर-पश्चिमी सीरिया में गुरुवार देर रात एक आत्मघाती हमलावर द्वारा किए गए विस्फोट में, आतंकवादी संगठन अल-कायदा से जुड़े समूह के सीरियाई सह-संस्थापक की मौत हो गई. एक युद्ध निगरानीकर्ता ने यह जानकारी दी. कुछ कार्यकर्ताओं ने बताया कि बम विस्फोट में अबू मारिया अल-क़हतानी की मौत हो गई. अबू मारिया अल-क़हतानी का असली नाम मयसारा अल-दुबौरी था. अल-क़हतानी सीरिया में नुसरा फ्रंट का सह-संस्थापक था.



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने शुक्रवार को दक्षिण लंदन के ओवल क्रिकेट मैदान में क्रिकेट अभ्यास सत्र में भाग लिया. -फोटो : पीटीआई

#### कारण बताओ नोटिस जारी करने पर आतिशी ने कहा-

## क्या निर्वाचन आयोग भाजपा का 'सहायक संगठन' है?

**भाषा। नयी दिल्ली**



दिल्ली की मंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शुक्रवार को 'कारण बताओ' नोटिस मिलने के बाद निर्वाचन आयोग (ईसी) पर निशाना साधा और सवाल किया कि क्या यह भाजपा का सहायक संगठन है. आतिशी को यह नोटिस उनकी इस टिप्पणी पर जारी किया गया था कि भाजपा ने उनसे संपर्क कर उन्हें या तो पार्टी में शामिल होने या एक महीने के भीतर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किए जाने के लिए तैयार रहने के लिए कहा था. आप नेता आतिशी ने एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग द्वारा उन्हें ईमेल के जरिए नोटिस भेजे जाने से एक घंटे पहले भाजपा ने इसे मीडिया में लीक कर दिया. उन्होंने सवाल किया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और चुनाव से पहले कांग्रेस के बैंक खाते को फ्रीज किए जाने के बाद निर्वाचन आयोग ने संबंधित केंद्रीय एजेंसियों को नोटिस क्यों नहीं जारी किया.

#### चुरू में आयोजित चुनावी सभा को पीएम ने किया संबोधित, कहा

# दस वर्षों का काम तो केवल ट्रेलर है, अभी बहुत कुछ करना बाकी है

**खास बातें**

- हर पड़ाव पर भाजपा गरीब के साथ खड़ी है
- जब नीयत रहेगी, तो नतीजे भी सही होंगे

**भाषा। जयपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार के बीते दस साल के काम को महज एक 'ट्रेलर' (नमूना) बताते हुए शुक्रवार को कहा कि अभी तो बहुत कुछ करना बाकी है तथा देश को बहुत आगे लेकर जाना है. विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि वे सिर्फ अपना हित देखते हैं, उन्हें गरीब, दलित, शोषित-वंचित वर्ग के कल्याण से, उनके सम्मान से कोई मतलब नहीं है. उन्होंने कहा कि सेनाओं का अपमान और देश का विभाजन कांग्रेस की पहचान है. मोदी चुरू में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी देवेंद्र झाझड़िया के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने केंद्र में अपनी सरकार के दस साल के कार्यकाल की तुलना रेस्टोरेंट में मुख्य भोजन से पहले परोसे जाने वाले 'ऐपेटाइजर' और फिल्म के ट्रेलर से की.

**पूरी खाने की थाली बाकी है :** पीएम ने कहा कि जीवन के हर पड़ाव पर भाजपा सरकार गरीब के साथ खड़ी है. जो काम इतने दशक में नहीं हुए वे हमने दस साल में कर दिखाए. इसलिए मैं कहता हूं कि जब नीयत सही होती है तो नतीजे भी सही होते हैं. मोदी ने कहा कि लोग तो कहते हैं कि पहले की सरकारों की तुलना में बहुत कुछ हुआ. लेकिन मोदी के मन की बात मैं आज चुरू में बता देता हूं.... जो अब तक हुआ है वह तो ट्रेलर है ट्रेलर. उन्होंने 'ऐपेटाइज़र' का जिक्र करते हुए कहा कि ये जो मोदी ने किया है न, वह तो ऐपेटाइजर है ऐपेटाइज़र... अभी तो पूरी खाने की थाली बाकी है.



### भाजपा सरकार ने सेना को खुली छूट दी

कांग्रेस व 'इंडिया' गठबंधन पर हमला बोलते हुए मोदी ने कहा कि सेनाओं का अपमान, देश का विभाजन ये कांग्रेस पार्टी की पहचान है. जब तक 'इंडी' एलायंस के लोग सत्ता में रहे उन्होंने हमारे जवानों के हाथ बांधकर रखे. दुश्मन हमला करके चला जाता था. ये हमारे जवानों को जवाब देने की इजाजत नहीं देते थे. हमारे जवान ''वन रैंक वन पेंशन'' की मांग करते थे. कांग्रेस ने इसे भी पूरा नहीं होने दिया. हमारी सरकार बनी तो हमने सैनिकों को 'वन रैंक वन पेंशन' का अधिकार भी दिया और सीमा पर पलटवार करने की खुली छूट भी दी.

### हताशा-निराशा जैसी चीजें मोदी के पास नहीं फटक सकतीं

पीएम ने कहा कि आज पूरा देश विकसित भारत के संकल्प पर काम कर रहा है और इसमें राजस्थान की बहुत बड़ी भूमिका है. जब राजस्थान विकसित होगा तो भारत भी विकसित होगा. बीते दस साल में मोदी ने देश में जो काम किए हैं, उन्होंने विकसित भारत की नींव तैयार कर दी है. आज पूरी दुनिया हैरान है कि भारत इतनी तेजी से कैसे विकास कर रहा है. मोदी ने कहा कि जो काम इतने दशक में नहीं हुए वो हमने दस साल में करके दिखाए. इसलिए मैं कहता हूं कि जब नीयत सही तो नतीजे सही होंगे. हताशा-निराशा जैसी चीजें मोदी के पास भी नहीं फटक सकतीं और मैंने तय किया कि हालात बदलने ही होंगे. और मेरे लिए तो मेरा भारत मेरा परिवार है. हमने ईमानदारी से काम किया.

### नया भारत दुश्मन को घर में घुसकर मारता है

उन्होंने कहा कि आज दुश्मन को भी पता है कि यह मोदी है, यह नया भारत है. यह नया भारत घर में घुसकर मारता है. प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले सिर्फ अपना हित देखते हैं. इन्हें गरीब, दलित, शोषित-वंचित के कल्याण से, उनके सम्मान से कोई मतलब नहीं है. ये वही लोग हैं जिन्होंने कभी बाबा साहेब अंबेडकर का सम्मान नहीं किया.

### कांग्रेस ने हमेशा तुष्टीकरण को प्राथमिकता दी

मोदी ने कहा कि देश हित से भी ज्यादा कांग्रेस ने हमेशा तुष्टीकरण को प्राथमिकता दी है. ये वे लोग हैं जिन्होंने अदालत में जाकर कहा था कि प्रभु श्री राम तो काल्पनिक हैं. उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वह जरूर करती है और यह दूसरे दलों की तरह केवल घोषणापत्र जारी नहीं करती. हम तो संकल्प पत्र लेकर आते हैं. 2019 में हमने जो संकल्प पत्र जारी किया था उसके ज्यादातर संकल्प पूरे हो चुके हैं. कश्मीर में धारा 370 खत्म हो चुकी है, तीन तलाक पर कानून हमारी मुस्लिम बहनों की मदद कर रहा है. लोकसभा में महिलाओं के लिए आरक्षण का कानून भी संसद ने पारित कर दिया है. मोदी ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दस साल में एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति जब्त की है.

## नौकरशाहों से जुड़े कूलिंग ऑफ पीरियड संबंधी याचिका खारिज

**भाषा। नयी दिल्ली**



उच्चतम न्यायालय ने लोक सेवकों को सेवानिवृत्ति या इस्तीफे के तुरंत बाद चुनाव लड़ने से रोकने के लिए एक निश्चित समयसीमा तक की बंदिश (कूलिंग ऑफ पीरियड) निर्धारित करने को लेकर निर्वाचन आयोग की 2012 की सिफारिशें लागू करने संबंधी एक याचिका पर विचार करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया. न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने याचिकाकर्ता एवं पूर्व सांसद जी. वी. हर्ष कुमार को उचित प्राधिकारी से संपर्क करने की स्वतंत्रता के साथ याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी. याचिका में निर्वाचन आयोग की 2012 की सिफारिशों और लोक सेवा सुधार समिति की जुलाई 2004 की रिपोर्ट लागू करने का केंद्र और आयोग को निर्देश देने का अनुरोध किया गया था, ताकि सरकारी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति या सेवा से इस्तीफे के तुरंत बाद, कूलिंग ऑफ पीरियड तक एक राजनीतिक पार्टी के टिकट पर विधानमंडल, संसद या राज्य विधानसभा का चुनाव लड़ने से रोका जा सके. इसमें केंद्र से उन नौकरशाहों को एक पेंशन के निर्देश का भी अनुरोध किया गया था, जिन्होंने विधानसभा और संसद सदस्य के रूप में कार्य किया है. यह याचिका वकील श्रवण कुमार करणम के माध्यम से शीर्ष अदालत में दायर की गई थी. पीठ ने कहा कि यह रिपोर्ट 2012 की थी.

### ये सिफारिशें दो दशक पहले भी की गई थीं


याचिका में कहा गया था कि याचिकाकर्ता 2004 से 2014 के बीच लोकसभा सदस्य रहे थे. 2012 में निर्वाचन आयोग और 'सेंटर फॉर सिविल सर्विस रिफॉर्म्स' से संबंधित समिति ने नौकरशाहों और लोक सेवकों को राजनीति में प्रवेश करने एवं चुनाव लड़ने के लिए एक कूलिंग ऑफ पीरियड की सिफारिश की थी, लेकिन ये सिफारिशें दो दशक पहले की गई थीं, इसके बावजूद इन्हें लागू नहीं किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप कई नौकरशाह, न्यायाधीश सार्वजनिक सेवा से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले लेते हैं और बिना किसी कूलिंग ऑफ पीरियड के किसी राजनीतिक दल में शामिल होकर तुरंत चुनाव लड़ने का विकल्प चुनते हैं.

### निर्दलीय सांसद सुमलता भाजपा में शामिल हुईं

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मांड्या से निर्दलीय सांसद सुमलता अंबरीश शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गईं. भाजपा के वरिष्ठ नेता बी एस येदियुरप्पा, कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक, कर्नाटक में चुनाव प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव राधा मोहन दास अग्रवाल और पूर्व सीएम डीवी सदानंद गौड़ा उन लोगों में शामिल थे जिन्होंने 60 वर्षीय सुमलता का यहां भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पार्टी में स्वागत किया. आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कर्नाटक में हुए सीट-बंटवारे के समझौते के तहत, भाजपा राज्य की 28 लोकसभा सीट में से 25 पर और जद(एस) मांड्या सहित शेष तीन सीटों पर चुनाव लड़ेगी. मांड्या सीट से पूर्व मुख्यमंत्री एच. डी कुमारस्वामी मैदान में हैं. अभिनेत्री से नेता बनीं सुमलता ने बुधवार को कहा था कि वह आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी और भाजपा में शामिल होंगी.

## ईसी ने कम मतदान वाली 266 संसदीय सीटों की पहचान की

**भाषा। नयी दिल्ली**



निर्वाचन आयोग (ईसी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने कम मतदान वाले कुल 266 संसदीय क्षेत्रों की पहचान की है और वह लोकसभा चुनावों में इन क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए योजना बना रहा है. इन 266 संसदीय क्षेत्रों में से 215 ग्रामीण इलाकों में हैं. प्रमुख शहरों के नगर निगम आयुक्तों और बिहार और उत्तर प्रदेश के चुनिंदा जिला चुनाव अधिकारियों (डीईओ) ने चिह्नित शहरी और ग्रामीण लोकसभा सीटों में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने पर यहां चर्चा की. निर्वाचन आयोग ने कम मतदान को लेकर आयोजित एक सम्मेलन में कहा कि कम मतदान वाले 266 संसदीय क्षेत्रों की पहचान की गई है जिनमें से 215 ग्रामीण और 51 शहरी क्षेत्र हैं. बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, तेलंगाना, गुजरात, पंजाब, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर और झारखंड सहित 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 2019 के लोकसभा चुनावों में राष्ट्रीय औसत 67.40 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था. प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने जोर देकर कहा कि 'एक जैसा रुख सभी के लिए उपयुक्त है' वाला दृष्टिकोण इस मामले में काम नहीं आएगा. उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों और खंडों के लिए अलग-अलग रणनीतियों पर काम करने की वकालत की.

#### अमेरिका के टेक्सास में बच्चे को दागने का मामला

## हिंदू मंदिर के खिलाफ किया मुकदमा दायर, मांगा हर्जाना

**भाषा। ह्यूस्टन**

अमेरिका के टेक्सास प्रांत में भारतीय मूल के एक व्यक्ति ने एक हिंदू मंदिर और उससे संबंधित कंपनी पर 10 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक के हर्जाने की मांग करते हुए मुकदमा दायर किया है. व्यक्ति के 11 वर्षीय बेटे को 2023 में एक धार्मिक समारोह के दौरान लोहे की गर्म छड़ से दागा गया था. फोर्ट बेंड काउंटी के निवासी विजय चेरुवु ने कहा कि पिछले साल अगस्त में टेक्सास के शुगरलैंड में श्री अष्टलक्ष्मी हिंदू मंदिर में एक धार्मिक समारोह के दौरान उनके बेटे को लोहे की गर्म छड़ से दागा गया था. फोर्ट बेंड काउंटी में इस सप्ताह दायर एक वाद के अनुसार, लड़के को अत्यधिक दर्द हुआ था और उसकी उस जगह की त्वचा विरूपित हो गई थी. मंदिर और उसके मूल संगठन, जीयर एजुकेशनल ट्रस्ट (जेईटी) यूएसए, इंक. के खिलाफ मुकदमे में चेरुवु 10 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक की क्षतिपूर्ति की मांग कर रहे हैं.

### चुनाव आयोग की टीम ने एक करोड़ नकद जब्त किए

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में निर्वाचन आयोग द्वारा तैनात उड़न दस्ते और सर्विलांस टीम ने लॉन्गडिंग जिले में एक वाहन से एक करोड़ रुपये की नकदी जब्त की है. पुलिस ने यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि आयोग की टीमों ने गुरुवार शाम को कानुबड़ी जांच चौकी पर वाहन से नकदी जब्त की. उन्होंने बताया कि यह वाहन एक निजी निर्माण कंपनी के कार्यकारी निदेशक हर्षवर्धन सिंह के नाम पर पंजीकृत है. अधिकारी के मुताबिक, यह वाहन मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा के काफिले के पीछे-पीछे जा रहा था.

#### बाबरी मस्जिद, गुजरात दंगे के अलावा कई टॉपिक के संदर्भ में किया गया संशोधन

## एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में बदलाव

**भाषा। नयी दिल्ली**

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने अपनी पाठ्यपुस्तकों में बदलाव करते हुए अयोध्या में बाबरी मस्जिद गिराए जाने, गुजरात दंगों में मुसलमानों के मारे जाने, हिंदुत्व और मणिपुर के भारत में विलय के संदर्भ संशोधन किया है. यह संशोधन कक्षा 11 और 12 तथा अन्य की राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों में किया गया है. एनसीईआरटी की पाठ्यक्रम मसौदा



समिति द्वारा तैयार किए गए बदलावों का विवरण देने वाले एक दस्तावेज के अनुसार, राम जन्मभूमि आंदोलन के संदर्भों को राजनीति में नवीनतम घटनाक्रम के अनुसार संशोधित कर दिया गया है. कक्षा 11 की पाठ्यपुस्तक में धर्मनिरपेक्षता से जुड़े अध्याय 8- भारतीय राजनीति में हालिया घटनाक्रम में, 'अयोध्या विध्वंस' का संदर्भ हटा दिया गया है. इसे बदलकर अब 'राम जन्मभूमि आंदोलन की विरासत क्या है?' कर दिया गया है.

### धर्मनिरपेक्षता से जुड़े अध्याय-8 में संशोधन

कक्षा 11 की पाठ्यपुस्तक में धर्मनिरपेक्षता से जुड़े अध्याय-8 में पूर्व में कहा गया था, '2002 में गुजरात में गोधरा कांड के बाद हुए दंगों में 1,000 से अधिक लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर मुस्लिम थे.' संशोधन के बाद इस वाक्य को अब बदलकर '2002 में गुजरात में गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के दौरान 1,000 से अधिक लोग मारे गए' कर दिया गया है. बदलाव के पीछे एनसीईआरटी का तर्क है कि किसी भी दंगे में सभी समुदायों के लोगों का नुकसान होता है. यह सिर्फ एक समुदाय नहीं हो सकता.

#### कॅरियर-काउंसिलिंग

## रिटेल मैनेजमेंट में दमदार करियर ऑप्शन, जानें कोर्स डिटेल्स

**रजनीश प्रसाद। रांची**

रिटेल मैनेजमेंट एक ऐसी प्रक्रिया है, जो देश के विभिन्न स्टोर्स से ग्राहकों को उनके इस्तेमाल के लिए जरूरत की वस्तुएं खरीदने में मदद करती है. इस प्रक्रिया में ग्राहकों को रिटेल स्टोर में निमंत्रित करने से लेकर उनकी सारी जरूरी खरीददारी की सुविधा उपलब्ध करवाने से जुड़े अनेक कार्य शामिल होते हैं. इससे एक और फायदा यह है कि ग्राहक अपने समय की बचत अच्छे से कर लेता है क्योंकि उसे अपने सारे जरूरत का सामान एक स्टोर से ही उपलब्ध हो जाता है.

### स्किल्स

**रिटेल मैनेजमेंट कोर्स के लिए किन स्किल्स की जरूरत होती है, यह इस प्रकार है:**

- खुदरा क्षेत्र में गहरी दिलचस्पी
- महत्वपूर्ण सोच
- संचार कौशल
- नेतृत्व की विशेषता
- तुरंत निर्णय लेने का कौशल
- समस्या समाधान करने की कुशलताएं
- साधन-संपन्न
- अनुकूलन क्षमता
- नैतिक
- रणनीतिक सोच



### प्रवेश परीक्षाएं

रिटेल मैनेजमेंट कोर्स में एडमिशन लेने के लिए प्रवेश परीक्षाओं की लिस्ट नीचे दी गई है-

- आईपीयू सेट
- एआईएमए यूजीएटी
- सीयूईटी
- डीयू जेट
- सीएसआईआर जेआरएफ
- कैट
- जैट

### भारत में टॉप यूनिवर्सिटीज

**भारत में रिटेल मैनेजमेंट कोर्स के लिए टॉप यूनिवर्सिटीज इस प्रकार हैं:**

- नेशनल स्किल डेवलपमेंट कैंपेन, नई दिल्ली
- नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ रिटेल मैनेजमेंट, अहमदाबाद
- नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ रिटेल मैनेजमेंट, मुंबई
- नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ रिटेल, बैंगलोर
- शांति निकेतन कॉलेज ऑफ एजुकेशन, श्रीनगर
- रिटेल एक्सीलेंस अकेडमी, नई दिल्ली
- मनी कम्युनिकेशन इंस्टिट्यूट, अहमदाबाद
- बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड हायर स्टडीज, नोएडा
- नरसी मोंजी इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड हायर स्टडीज, मुंबई
- पर्ल एकेडमी ऑफ फैशन, नई दिल्ली

### विदेश में टॉप यूनिवर्सिटीज

**विदेश में रिटेल मैनेजमेंट कोर्स के लिए टॉप यूनिवर्सिटीज इस प्रकार हैं :**

1. मिनेसोटा विश्वविद्यालय
2. रायर्सन विश्वविद्यालय
3. पर्ड्यू विश्वविद्यालय
4. सेंट्रल मिशिगन
5. ईस्टर्न केंटकी
6. फ्लोरिडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी
7. सिनसिनाटी विश्वविद्यालय
8. कॉलेज डबलिन विश्वविद्यालय
9. मैनचेस्टर मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी
10. कला विश्वविद्यालय लंदन

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)